THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

# स्वतंत्र वार्ता

वर्ष–27 अंक : 219 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.13, 2079 रविवार, 23 अक्टूबर 2022




## राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का आज तेलंगाना प्रवेश



रायचूर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को दक्षिण भारत में अपार समर्थन मिल रहा है। शनिवार को यात्रा कर्नाटक के रायचूर के येरागेरा गांव से फिर शुरू हुई। यह आंध्र प्रदेश से शुक्रवार शाम फिर कर्नाटक पहुंची थी। यात्रा 23 अक्तूबर को तेलंगाना में प्रवेश करेगी।

कन्याकुमारी से कश्मीर तक कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सितंबर को शुरू हुई थी। यह कुल 3570 किलोमीटर चलेगी। अब तक यह 1215 किलोमीटर का सफर पूरा कर चुकी है। 2355 किमी की दूरी और तय करेगी। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंधप्रदेश को यह कवर कर चुकी है। यात्रा का आज 45 वां दिन है। तीन दिन आंध्रप्रदेश में घूमने के बाद यात्रा शुक्रवार को फिर कर्नाटक पहुंची थी। पदयात्रियों ने रायचूर में रात्रि विश्राम किया था।

पूर्व सैनिकों के साथ राहुल का मार्च

कर्नाटक में कांग्रेस नेता राहुल पूर्व सैनिकों के एक समूह के साथ पैदल चले। जिले के येरागेरा में आज सुबह शुरू हुई यात्रा का 45वां दिन शाम को रायचूर शहर के बसवेश्वर सर्कल मैदान में समाप्त होगा। कांग्रेस ने कहा कि पूर्व सैनिक रायचूर जिला संघ के सदस्यों ने आज गांधी के साथ राष्ट्रीय ध्वज लेकर मार्च निकाला। गांधी ने उनके साथ एकछोटा वीडियो ट्वीट करते हुए सैनिकों को "भारत का रक्षा कवच और गौरव" कहा।

### तेलंगाना से महाराष्ट्र पहुंचेगी, उद्धव ठाकरे व पवार करेंगे स्वागत


कांग्रेस सूत्रों के अनुसार तेलंगाना होते हुए यह यात्रा महाराष्ट्र में प्रवेश करेगी। यहां शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे और राकांपा प्रमुख शरद पवार राहुल का स्वागत करेंगे और यात्रा का मंच साझा करेंगे। आंध्रप्रदेश में यात्रा को बड़ा समर्थन मिला। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में मजदूर व किसान राहुल गांधी से मिलने पहुंचे।







manepally®
Jewellers Pvt. Ltd.
trusted legacy since 1890
Dhanteras & Deepawali
Special Festival Offers
Discount
*25%
ON DIAMONDS
(Above 1 ct Diamond Jewellery)
Discount
*25%
On V.A of
Gold Bridal Jewellery
Special Discount
*10%
On Solitaire
Diamonds
Offers Till 25th October - 2022
*Conditions Apply
Wishing You & Your Family A Sparkling Festival Of Lights
Happy
Dhanteras & Deepawali
COMING SOON AT CHANDA NAGAR & SUCHITRA CIRCLE
THE GOLDEN BONDINGS FOR AGES
General Bazar 9912010888
Panjagutta 7893800555
Kukatpally 9154900642
Dilsukhnagar 9121022262
5% EXTRA CASHBACK SBI card
*Min. Trxn.: ₹ 35,000; Max. Cashback: ₹ 3,500 per Credit card account. Validity: 15 Oct - 24 Oct 2022. T& C Apply.
www.manepally.com * online@manepally.com * follow us on / manepallyjewellers


II SHREE SWAMINARAYAN NAMAH II
50 Feet Head Per Stage
IS : 8034
SLASH OUT 35% ELECTRICITY CONSUMPTION
IS : 8034
45 Feet Head Per Stage
AN ISO 9001 CERTIFIED COMPANY
TÜV SÜD ISO 9001
धनतेरस की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएँ
Fitwell®
It Will Fulfill Your Hopes
MOTORS AND PUMP SETS
FIT FITWELL FOR THE BEST RESULT
SOUTH INDIA PUMPS
5-1-235/3, HILL STREET, GANJI COMPLEX, SEC'BAD-03, PH. 040-266318283, 66568283, MO:- 09246508283




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

SOHANLAL
PURE GHEE SWEETS

| | | | |
|---|---|---|---|
| Motichur Laddu | Rs. 500/- | Badam Katli | Rs. 1000/- |
| Ajmeri Kalakand | Rs. 460/- | Kaju Katli | Rs. 840/- |
| Besan Chaki | Rs. 400/- | Balusha | Rs. 460/- |
| Besan Laddu | Rs. 400/- | Kaju Fry | Rs. 840/- |

Dry Fruits and Namkins
SOHANLAL TEA TIMES
Abids, Hyd. Phone : 98491 04971

वर्ष-27 अंक : 219 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.13, 2079 रविवार, 23 अक्टूबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

# पीएम ने लॉन्च की मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव

## कहा-आज भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था, 7-8 साल के अंदर हमने लंबी छलांग लगाई




नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 लाख कर्मियों के लिए रोजगार मेला-भर्ती अभियान की शुरुआत करती हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनतेरस पर आज मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव की लॉन्चिंग की। इसके तहत 50 केंद्रीय मंत्रियों ने अलग-अलग लोकेशन पर 75 हजार 226 युवाओं को नियुक्ति पत्र, यानी अपॉइंटमेंट लेटर सौंपे। इस ड्राइव के जरिए अगले डेढ़ साल, यानी दिसंबर 2023 तक 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का टारगेट है। सभी भर्तियां यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से की जाएंगी।

कोरोना के चलते बीते दो साल से सरकारी पदों पर नियुक्तियां रुकी हुई थीं। इस साल जून में प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की थी कि अगले 18 महीनों में सरकार 10 लाख लोगों को भर्ती करेगी। इसके बाद ही मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव शुरू करने का फैसला लिया गया, जिसके तहत आज रोजगार मेले में 75 हजार युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर दिया गया। समारोह के दौरान पीएम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत की युवा शक्ति के लिए महत्वपूर्ण दिन हैं। बीते 8 वर्ष में देश में रोजगार और स्वरोजगार का जो अभियान चल रहा है, आज उसमें एक और कड़ी जुड़ी रही है। ये कड़ी रोजगार मेले की है। आज केंद्र सरकार 75,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है।

मोदी ने कहा आज केंद्र सरकार आजादी के 75 वर्ष को ध्यान में रखते हुए 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। पिछले कई वर्षों में भी लाखों युवाओं को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। अब हमने सोचा कि इकट्ठे नियुक्ति पत्र देने की परंपरा शुरू की जाए, ताकि डिपार्टमेंट्स में भी टाइम बाउंड प्रक्रिया अपनाने की परंपरा बने। आने वाले समय में भी युवाओं को इसी तरह नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए हम आत्मनिर्भर भारत के रास्ते पर चल रहे हैं।

## 'पीएम बताएं 16 करोड़ नौकरियां कब देंगे'

### सुरजेवाला ने साधा मोदी सरकार पर निशाना

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 10 लाख कर्मियों के लिए रोजगार मेले का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में पीएम ने 75000 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर भी दिया। वहीं दूसरी ओर इस रोजगार मेले पर कांग्रेस पार्टी ने निशाना साधा है।

कांग्रेस ने इस रोजगार मेले को इवेंटबाजी करार दिया। कांग्रेस ने पूछा कि देश के युवाओं को 16 करोड़ नौकरियां देने का वादा कब पूरा किया जाएगा। कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में आने पर हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, जो पिछले आठ साल में पूरा नहीं किया गया।

रणदीप सुरजेवाला ने रोजगार मेले पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा केवल चार राज्यों से गुजरी है और सरकार को यह स्वीकार करना पड़ा है कि बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है।

# 'गजवा-ए-हिंद' असम में सक्रिय

## गृह मंत्रालय ने एनआईए को सौंपी अहम जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। असम में भारतीय-उप महाद्वीप में अल-कायदा और अन्य आतंकी समूहों की बढ़ रहे नेटवर्क और उनके खिलाफ पुलिस की लगातार हो रही कार्रवाई के बाद अब गृह मंत्रालय इसे लेकर सख्त कार्रवाई करने के मूड में नजर आ रहा है। इस बाबत गृह मंत्रालय ने उसके नेटवर्क के खुलासे और उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपी है। गृह मंत्रालय ने यह कदम, हाल ही में असम के विभिन्न जिलों में इन प्रतिबंधित संगठनों के लोगों द्वारा जिहाद को बढ़ावा देने की हाल की कोशिशों के खुलासे के बाद उठाया है। मामले में एनआईए ने अपनी एफआईआर में बताया है कि उसके मॉड्यूल असम के विभिन्न जिलों में सक्रिय है। इतना ही नहीं बांग्लादेश स्थित आतंकवादी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के साथ संबंध हैं।

### एनआईए कर रही जांच

एनआईए की एफआईआर के मुताबिक, मॉड्यूल का उद्देश्य भारतीय क्षेत्र में आतंक का प्रचार करना, समान विचारधारा वाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाना और भारत देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए उनकी भर्ती करना है। इसके अलावा ये आतंकी संगठन भारत में शरिया कानून की स्थापना, भारतीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर उनकी मदद से 'गज़वा-ए-हिंद' को लागू करने के लिए लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने और भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए पूर्वोत्तर के इस जिले में अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं।

### हाल ही में मदरसों के खिलाफ हुई थी कार्रवाई

सरकार ने एनआईए से जांच कराने का फैसला तब लिया था जब अगस्त माह में बारपेटा और बोंगाईगांव जिले में भारतीय अधिकारियों ने दो मदरसों को आंतकी गतिविधियों को बढ़ावा देने और उनका प्रयोग एक्यूआईएस द्वारा एक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में इस्तेमाल करने के कारण उन्हें नष्ट कर दिया था। जिसके बाद एनआईए ने मूल रूप से असम के गोलपारा जिले के मटिया पुलिस स्टेशन में 20 अगस्त को दर्ज एक मामले के आधार पर जांच शुरू की थी।

बाद में गृह मंत्रालय (एमएचए) में काउंटर टेररिज्म एंड काउंटर रेडिकलाइजेशन (सीटीसीआर) से 23 सितंबर को प्राप्त एक आदेश के बाद एनआईए ने मामले की जांच शुरू की। जिसमें एनआईए ने इस साल 26 सितंबर को भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 121 और 121 ए और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 18, 18बी, 19 और 20। आरोपों के तहत मामला फिर से दर्ज किया था। जांच के दौराम पता चला था कि भारतीय उपमहाद्वीप (एक्यूआईएस) में अल-कायदा का एक मॉड्यूल असम के विभिन्न जिलों के साथ-साथ गोलपारा में भी सक्रिय था।

# कर्बी आंगलोंग के जंगल में मिला हथियारों का जखीरा, उग्रवादियों की तलाश जारी

दीफू, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। असम पुलिस ने कार्बी आंगलोंग जिले से शनिवार को भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सैकिया ने कहा कि हथियार और गोला बारूद दीफू-धनसिरी रोड के पास एक जंगल में हाथी शिविर के अंदर दबाए हुए थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर मौके से हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जब्त किए गए सामानों में दो ग्रेनेड, 69 जिंदा गोला-बारूद और एक एके-47 राइफल की एक मैगजीन, 12 एसएलआर और दो पिस्टल मैगजीन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि, गोला-बारूद को लगभग चार महीने पहले उग्रवादी संगठन दिमासा नेशनल लिबरेशन ट्राइबल (डीएनएलटी) द्वारा जमीन में दबाया गया था।

# तेजी से आगे बढ़ रहा चक्रवात 'सितरंग'

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। मानसूनी बारिश के बाद उत्तरी अंडमान सागर में चक्रवाती तूफान 'सितरंग' का खतरा मंडरा रहा है। आईएमडी की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया है कि उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र डिप्रेशन में बदल गया है। यह डिप्रेशन क्षेत्र फिलहाल पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्र से लगभग 1,460 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व में स्थित है।

24 अक्टूबर तक इसके एक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि चक्रवात सितरंग के कारण ओडिशा में भारी बारिश हो सकती है। ऐसे में राज्य सरकार की ओर से मशीनरी को हाईअलर्ट पर रखा गया है। विशेष राहत आयुक्त पीके जेना ने कहा, आठ जिलों में हाईअलर्ट जारी किया गया है।

# जैकलीन फर्नांडीज की अंतरिम जमानत 10 नवंबर तक बढ़ी



नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की अंतरिम जमानत 10 नवंबर तक बढ़ गई है। पटियाला हाउस कोर्ट ने आज यानी 22 नवंबर को जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया है। पिछली बार की ही तरह इस बार भी जैकलीन फर्नांडीज वकील की वेशभूषा में कोर्ट पहुंचीं थीं।

बता दें कि ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ी 200 करोड़ के ठगी मामले में चल रही ईडी जांच में जैकलीन सह आरोपी हैं। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसी साल 17 अगस्त को चार्जशीट दाखिल कर जैकलीन फार्नांडीज को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया था। इतना ही नहीं अदालत ने उन्हें समन भी भेजा था, जिसके बाद जैकलीन के वकील ने उनकी जमानत की याचिका दायर की थी। बता दें कि पिछले एक साल से जैकलीन फर्नांडीज का महाठग सुकेश चंद्रशेखर केस को लेकर सुर्खियों में बना हुआ है। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने पिछली सुनवाई में कहा था कि भारत में उनकी गहरी जड़ें हैं और 2009 से वह यहां करदाता नागरिक के रूप में रह रही हैं। उन्होंने भारत को अपनी कर्मभूमि बताया। जैकलीन ने कहा कि उनकी प्रोफेशनल साख और भविष्य में कामकाज संबंधी कमिटमेंट्स सब इस देश से जुड़े हुए हैं। बता दें कि जैकलीन श्रीलंकाई मूल की भारतीय अभिनेत्री हैं।जैकलीन फर्नांडीज ने जमानत याचिका में यह भी कहा था कि ठग सुकेश चंद्रशेखर की साजिशों में उनका कोई हाथ नहीं है।




MALABAR FAIR PRICE PROMISE
For Everyone. Every day. Everywhere.
VALUE ADDITION 4.9% ONWARDS

10 MALABAR PROMISES
COMPLETE TRANSPARENCY | ASSURED LIFETIME MAINTENANCE | ZERO DEDUCTION GOLD EXCHANGE | 100% BIS HALLMARKED GOLD | TESTED & CERTIFIED DIAMONDS
GUARANTEED BUYBACK | COMPLIMENTARY INSURANCE | FAIR PRICE POLICY | RESPONSIBLY SOURCED PRODUCTS | FAIR LABOUR PRACTICES

HYDERABAD : SOMAJIGUDA | K.P.H.B COLONY | DILSUKHNAGAR | A.S. RAO NAGAR | MEHDIPATNAM | CHANDANAGAR | HIMAYATNAGAR | KONDAPUR | HABSIGUDA | KOMPALLY | SHAHALIBANDA. TEL : 1800 572 0916, 040 68138916
ALL OUR SHOWROOMS WILL OPEN AT 8.30 AM ON DHANTERAS DAY
BUY ONLINE AT: malabargoldanddiamonds.com
INDIA | USA | SINGAPORE | MALAYSIA | UAE | QATAR | KSA | OMAN | KUWAIT | BAHRAIN

MALABAR GOLD & DIAMONDS
CELEBRATE THE BEAUTY OF LIFE

स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद
सुविचार: ईर्ष्या जन्म लेती है- दूसरों से नहीं, अपने में विश्वास के अभाव में।
रविवार, 23 अक्टूबर, 2022 4

# रेलवे व नेताओं की अनदेखी का नतीजा है रीवा बस हादसा, नहीं चली स्पेशल ट्रेनें

## छठ पूजा में घर जाने वाले यूपी-बिहार के श्रमिकों की मौत से लोग मर्माहत

### तेलंगाना में रहने वाले यूपी-बिहार के लोग नई ट्रेन चलाने की कर रहे हैं मांग

### निजी ट्रेवल्स एजेंसी की बसों में हो रहा है यूपी-बिहार के लोगों का शोषण

हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मध्यप्रदेश का रीवा बस हादसा यूपी-बिहार व तेलंगाना के बड़े नेताओं व रेलवे प्रशासन की अनदेखी का नतीजा माना जा रहा है। हैदराबाद से यूपी (प्रयागराज) जाने वाली बस के रीवा में दुर्घटनाग्रस्त होने पर यूपी-बिहार के 15 लोगों की मौत हो गई और करीब 40 लोग घायल हो गए हैं। ट्रेन में सीटें उपलब्ध न होने के कारण लोगों को मजबूरी में हैदराबाद से निजी ट्रवेल्स एजेंसी की बसों में जाना पड़ रहा है। आस्था के महापर्व छठ पूजा में हैदराबाद से बिहार और यूपी जाना लोगों के दुश्वार हो गया है। इस बार दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) ने छठ पूजा के लिए अभी तक किसी स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा नहीं की है। तेलंगाना में यूपी-बिहार के करीब 10 लाख लोग रहते हैं। इनमें अधिकांश संख्या श्रमिक वर्ग की है। रोजगार के सिलसिले में आए दिन तेलंगाना में यूपी और बिहार के लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। वर्ष 2006 के पहले यूपी-बिहार के लिए पटना-सिकंदराबाद एक्सप्रेस सप्ताह में दो दिन चलती थी। तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के हैदराबाद आने पर लोगों ने ट्रेन में नियमिति करने की मांग उठाई तो लालू यादव ने ट्रेन को प्रतिदिन चलाने की घोषणा कर दी। इससे पटना-सिकंदराबाद ट्रेन से मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, यूपी, बिहार जाने वालों को काफी राहत मिली। समय के साथ लोगों की संख्या बढ़ने लगी। लेकिन ट्रेनों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ। कई सालों से नई ट्रेन चलाने की मांग बिहार और यूपी के लोग कर रहे है।



वे विभिन्न माध्यमों से रेल मंत्री, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, केन्द्रीय मंत्रियों, यूपी व बिहार के सांसदों से नई ट्रेन चलवाने की मांग करते आ रहे है। तेलंगाना में सक्रिय संगठनों के पदाधिकारियों ने दक्षिण मध्य रेलवे के अधिकारियों से नई ट्रेन चलाने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। इसके बाद भी नई ट्रेन चलाने की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं हुई। हैदराबाद में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने आए भाजपा सांसद मनोज तिवारी, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह आदि नेताओं को भी लोगों ने अपनी समस्या से अवगत कराया। नेताओं ने बिहार के लोगों को ट्रेन चलवाने का भरोसा दिलाया, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

ट्रेन की कमी का फायदा निजी ट्रवेल्स एजेंसी उठा रही है। श्रमिकों का किराया के नाम पर भरपूर शोषण किया जा रहा है। हैदराबाद से प्रयागराज तक की यात्रा के लिए एक यात्री से 3 से 5 हजार रुपए किराया वसूला जा रहा है। बसों में यात्रियों को जानवरों की तरह ठूंसा जा रहा है। कुछ माह पहले भी एक निजी बस में यात्रियों के साथ मारपीट की और कोमरमभीम आसिफाबाद जिले में बस वाला यूपी-बिहार के यात्रियों को देर रात में सड़क पर छोड़कर भाग गया। बहुत मुश्किल से बिहार सहयोग समिति तेलंगाना के अध्यक्ष बिनय कुमार यादव व अन्य पदाधिकारियों और पुलिस के सहयोग से ट्रवेल्स एजेंसियों के लूट और धोखे के शिकार हुए 70 लोग घर जा सके। आए दिन ऐसी घटना हो रही है। रीवा बस हादसे को भी इन घटनाओं से अलग नहीं किया जा सकता है। हैदराबाद में छठ पूजा मनाने की तैयारी में जुटे बिहार के लोगों को रीवा में 15 लोगों की मरने की खबर मर्माहत कर दिया। लोगों के मुंह से यही शब्द निकल रहा है कि काश स्पेशल ट्रेन चलती तो शायद इतनी जानें नहीं जाती। इस घटना के कारणों में एक रेलवे के अधिकारियों की अनदेखी को गिना जा सकता है। यूपी-बिहार के लोगों का कहना है कि यहां बड़े नेता बाहरी मानकर मदद नहीं कर रहे है। ऐसे ही यूपी और बिहार के नेता अपने राज्यों में ही बड़ी-बड़ी बातें करते है। सिर्फ चुनावों के समय वोट के लिए सबको आम जनता याद आती है। हैरत की बात यह है कि क्षमता से अधिक यात्रियों को लेकर बसें बिना रोकटोक चेक पोस्ट पार कर रही है। भारी संख्या में चेक पोस्ट पर तैनात अधिकारियों के अलावा परिवहन तथा पुलिस अधिकारी भी बसों के अवैध संचालन पर रोक नहीं लगा पा रहे है। सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों और ट्रेवल एजेंसियों की मिलीभगत से यह धंधा चल रहा है।

### पहले ही 'स्वतंत्र वार्ता' ने सतर्क कर दिया था

हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार जाने वाले रेल यात्रियों की समस्या को लेकर 20 अक्टूबर को 'स्वतंत्र वार्ता' ने 'महावर्प छठ पर बिहारियों का घर पहुंचना हुआ मुश्किल' शीर्षक से प्रमुखता से खबर छापी थी। इसके पहले भी यूपी बिहार जाने के लिए नई ट्रेन और स्पेशल ट्रेनों को चलाने को लेकर प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की गई है।

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री वैष्णव स्वीट्स व कैटरर्स
भव्य सेल
कलकत्ता बादाम कतली ₹900/- per Kg
स्पेशल काजू कतली ₹800/- per Kg
अंजीर रोल ₹800/- per Kg
गुलाब जामुन ₹400/- per Kg
बेसन चक्की ₹400/- per Kg
मोतीचूर लड्डू ₹400/- per Kg
बालुशाही ₹400/- per Kg
स्पेशल नवरतन चुड़वा ₹600/- per Kg
मूंगदाल ड्राईफ्रूट ₹600/- per Kg
स्पेशल गौंद लड्डू ₹600/- per Kg
शुद्ध घी की मिठाइयाँ ऑर्डर पर उपलब्ध है एवं कई नई वेराइटी के नमकीन, सवाली, पेठा, मसाला काजू, खारा उपलब्ध
माहेश्वरी भवन, नगारखाना, बेगम बाजार, हैदराबाद.
सुरेश महाराज 9849433950, 9030900700, 9000807305

धनतेरस व दिपावली के शुभ अवसर पर आप सभी के लिए विशेष ऑफर
पूजा केटर्स
अंजीर रोल, काजू कतली, मोती चूर लड्डू, स्पेशल दालमोठ, सवाली मट्ठी, अजमेरी कलाकन्द, मूंगदाल ड्राईफ्रूट चुड़वा, बादाम कतली, मिक्स मिठाई, बेसन की बर्फी, शक्कर पारे
अपने परिजनो व शुभचिंतको को धनतेरस व दिपावली के अवसर पर भेंट कीजिये उच्च क्वॉलिटी, किफायती दर की मिठाईयाँ
घाँसी महाराज (पूजा केटर्स)
14-9-639, संतोषीमाता मंदिर के सामने, जिन्सी चौराहा रोड, जुमेरात बाजार, हैदराबाद
सम्पर्क: 9848085375, 9440552321, 9440381090, 9000760667

Atal
अटल मिर्च स्टोर
Satyanarayana Enclave, Shop No.17, Ground Floor, Opp.Auto Stand, Near Mitti Ka Sher, Begum Bazar, Hyd.12 Ph :8125985889
राजगीरा-कोटू (फाफर)-सिंगाड़े का आटा (शहर की उच्चतम क्वालिटी)
शिकाकाई-रीठा-आँवला-मुल्तानी मिट्टी-मुलेठी के पाउडर (उचित दाम व सर्वाधिक उपयोगी)
A QUALITY FOR HIGH CLASS CONSUMERS
मिर्ची-हल्दी-धनिया-जीरा-सौंठ-काली मिर्च अमचूर-मेथी-राई-गरम मसाला आदि के पाउडर
लहसुन, प्याज, इमली, कोथमीर, करीपत्ता, आदि के पावडर

Dalia's
High in Quality, Rich in Taste
Srinivas & Brothers
Dry Fruits Gift Boxes also available
#14-7-371/17 Opp. Raja Bahadur Building, Begum Bazar, Hyd-12. (A.P.)
Ph : + 24657995
Cell : 99492 23445
E-mail : contact@dalias.in,
Web : www.dalias.in



CMR JEWELLERY
For your golden moments !
सी.एम. आर. में सुनहरे प्रकाश के संग धनतेरस एवं दीपावली पर अधिक रोशनी
कैश बैक ₹200 प्रत्येक ग्राम के सोने पर
OFFER PERIOD 19 - 30 OCT 2022
EXPLORE THE WIDEST RANGE OF ALL-NEW FESTIVE & WEDDING COLLECTION
*T&C Apply
3% से स्वर्णाभूषणों पर मूल्यह्रास
मूल्य ह्रास- बनवाई -शुल्क नहीं चांदी (रेग्युलर) के वस्तुओं पर
www.cmrjewellery.com | CMRJewelleryIndia | CMRJewellery
THE MOST TRUSTED JEWELLER SINCE 4 DECADES
जज कोर्ट 8142330888 | मद्दीपालेम 8142330444 | गाजुवाका 9052338222 | गोपालपट्नम 8142330666 | विजयनगरम 9052332888 |
नर्सीपट्नम 8886636802 | श्रीकाकुलम 9052338444 | काकीनाडा 8142339000 | राजमहेंद्रवरम 8142339111 | अमलापुरम 8142264446 |
एलुरू 8142331777 | भीमवरम 7288889871 | ओंगोलु 9063276916 | तिरुपति 9052336888 | कोत्तागुडेम 7670901503 | खम्मम 7670901560 |

# रीवा में दर्दनाक हादसा

## हैदराबाद से दिवाली मनाने घर जा रहे 15 मजदूरों की मौत; 40 से ज्यादा घायल



रीवा, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रीवा जिले के सोहागी पहाड़ में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। 3 वाहनों की भीषण टक्कर हो जाने से लगभग 15 मजदूरों की मौत हो गई है जबकि 40 लोग घायल हुए हैं। यह हादसा एमपी-यूपी की सीमा को जोड़ने वाले नैशनल हाईवे 30 पर हुआ है। ये सभी मजदूर दिवाली मनाने घर जा रहे थे। घटना की जानकारी लगने के बाद सोहागी पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में घायल हुए लोगों को त्योंथर सिविल अस्पताल के साथ ही रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि हादसे में मरने वालों के परिवारजनों को 1 लाख रुपये और घायलों को 10 हजार रुपये की सहायता राशि मध्य प्रदेश सरकार की ओर से दी जाएगी। यह पूरी घटना शुक्रवार की रात की बताई जा रही है। बस रीवा के रास्ते प्रयागराज जा रही थी। बताया जा रहा है कि दीपावली एवं छठ पूजा की खुशियां मनाने सिकंदराबाद से बस में सवार होकर यात्री अपने घर यूपी बिहार जा रहे थे। इस बीच पहले यात्री बस कटनी पहुंची। बस में लखनऊ के लिए कटनी से और सवारियों को भरा गया। इसके बाद बस सवारियों को लेकर उत्तर प्रदेश के लखनऊ के लिए रवाना हुई। जैसे ही बस रीवा के सोहागी पहाड़ में पहुंची तो अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। वह ट्रक गिट्टी से लोड था। टक्कर लगते ही बस पलट गई। इस दौरान बस के बोनट और आगे की सीट पर बैठे सभी यात्रियों की मौत हो गई।

**बस में सवार थे 100 से अधिक यात्री**

बताया जा रहा है कि बस में 100 से अधिक यात्री सवार थे। दरअसल बस जैसे ही सोहागी पहाड़ के समीप पहुंची तभी बस के आगे जा रहे ट्रक की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। इस दौरान अनियंत्रित होकर बस भी ट्रक के पीछे से भिड़ गई और पलट गई। जिस वाहन की ट्रक से भिड़ंत हुई थी, उसका ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से लापता है। घटना के बाद से पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। पुलिस की मानें तो मृतकों में सभी यात्री उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल के रहने वाले हैं, जिनके परिजनों को खबर करने के लिए अभी प्रशासनिक टीम उनकी तलाश कर रही है।

**पुलिस ने किया रेस्क्यू**

घटना की जानकारी लगते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। मौके पर तमाम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कलेक्टर मनोज पुष्प और एसपी नवनीत भसीन भी घटना स्थल पहुंचे।

**शिवराज ने जताया दुख, सीएम योगी से की बात**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देर रात रीवा जिले में हुए सड़क हादसे पर दुख व्यक्त किया है। चौहान ने शनिवार सुबह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात की और बताया कि हादसे में जिन यात्रियों की मृत्यु हुई है उनके पार्थिव शरीर अभी त्योथर में रखे हुए हैं, मध्यप्रदेश शासन द्वारा उन्हें ससम्मान प्रयागराज पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही जो व्यक्ति सुरक्षित हैं या कम घायल हैं, उन्हें फर्स्ट एड दे कर रात को ही दो बसों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचाया गया है। ऐसे यात्री जो गंभीर रूप से घायल है उनका इलाज रीवा मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क किया जा रहा है।

# दिल्ली के ज्योति नगर में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़, 2 गिरफ्तार

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के ज्योति नगर में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। शुक्रवार देर रात हुई इस मुठभेड़ में पुलिस ने 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों की पहचान शक्ति उर्फ सोनू (36) और सचिन (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मानसरोवर पार्क थाने में शक्ति को दागी चरित्र वाले शख्स के रूप में सूचीबद्ध किया गया है और वह 18 आपराधिक मामलों में आरोपी के रूप में नामजद है।


वहीं सचिन के खिलाफ 4 मामले लंबित हैं। पुलिस के मुताबिक, ये मुठभेड़ बीती रात करीब 2 बजे ज्योति नगर में लोनी चौराहे के पास आंबेडकर कॉलेज की ओर सर्विस रोड पर हुई है। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि शक्ति के पैर में गोली लगी है। वह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 308 के तहत ज्योति नगर थाने में दर्ज मामले में वांछित भी है। आरोपियों के पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल, 2 कारतूस वगैरह बरामद किए हैं। अधिकारी ने बताया कि बिना नंबर प्लेट वाली एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

**दिल्ली पुलिस ने व्यक्ति की मौत के लगभग तीन साल बाद मामला दर्ज किया**

वहीं दिल्ली में एक और मामला सामने आया है। यहां दिल्ली पुलिस ने लगभग 3 साल पहले एक व्यक्ति की मौत मामले में अदालत के निर्देश पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। इस व्यक्ति की मौत की वजह दम घुटना बताया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि 27 फरवरी 2020 को 45 साल का सिकंदर खजूरी खास लाल बत्ती के निकट बेहोशी की हालत में मिला था, जिसे जग प्रवेश चंद्र अस्तपाल में ले जाया गया था और डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने बताया कि नियमों के तहत भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा- 174 की कार्रवाई की गई और 11 मार्च 2020 को पोस्टमार्टम करने के लिए चिकित्सा बोर्ड गठित किया गया। पुलिस ने बताया कि 19 मार्च 2020 को मृतक की पहचान चांद बाग निवासी सिकंदर के रूप में हुई। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया था। उन्होंने बताया कि दम घुटने से व्यक्ति की मौत होने की जानकारी मिली और शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं था।

# देश में कोरोना संक्रमण के 2,112 नए मामले सामने आए

## दैनिक संक्रमण दर 1.01 प्रतिशत



नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,112 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,46,40,748 हो गई जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 24,043 रह गई है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमण से चार और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,28,957 पर पहुंच गई है. इन चार लोगों में केरल में संक्रमण से जान गंवाने वाले वे तीन लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम मृतकों के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए सूची में जोड़े गए हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कुल संक्रमितों की तुलना में उपचाराधीन रोगियों की संख्या 0.05 प्रतिशत है जबकि संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.76 प्रतिशत है. पिछले 24 घंटे में 994 लोगों के संक्रमण से उबरने की जानकारी मिली है. शुक्रवार को उपचाराधीन रोगियों की संख्या 25,037 थी. स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार दैनिक संक्रमण दर 1.01 प्रतिशत दर्ज की गई. साप्ताहिक संक्रमण दर 0.97 प्रतिशत रही. संक्रमण से उबरने वालों की संख्या बढ़कर 4,40,87,748 हो गई जबकि मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत दर्ज की गई है. मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रव्यापी कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत अब तक देश में टीके की 219.53 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं. गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी. संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख से अधिक हो गए थे. देश में 19 दिसंबर 2020 को संक्रमितों की संख्या एक करोड़ से अधिक हो गई थी. पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी. इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ से अधिक हो गए थे.

# पंजाबी भाषा में 50 फीसदी से कम अंक तो नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी, मान कैबिनेट का अहम निर्णय

चंडीगढ़, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाबी और पंजाबियत के मूल्यों को और मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को पंजाब सिविल सर्विसेज (सेवाओं की आम और सांझी शर्तें) नियम-1994 के नियम-17 और पंजाब राज्य (ग्रुप-डी) सेवा नियम-1963 में संशोधन करने की मंजूरी दे दी है। इसके तहत पंजाब सरकार में सरकारी नौकरियों में ऐसे उम्मीदवारों की ही नियुक्ति होगी जो पंजाबी भाषा की गहरी जानकारी रखते हों। पंजाब सिविल सर्विसेज (सेवाओं की आम और साझी शर्तें) नियम- 1994 के नियम 17 के मुताबिक की गई व्यवस्था के अनुसार तब तक ग्रुप-सी में किसी भी पद के लिए व्यक्ति नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह मैट्रिक स्तर के बराबर पंजाबी भाषा की योग्यता परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास नहीं करता। यह परीक्षा संबंधित पद के लिए प्रतियोगी परीक्षा के अलावा भर्ती एजेंसियों द्वारा ली जाएगी। पंजाबी भाषा की परीक्षा जरूरी योग्यता परीक्षा होगी और पंजाबी भाषा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में असफल रहने पर उम्मीदवार को उनके पद के लिए दी परीक्षा में से आए अंक और अन्य नंबर हासिल करने के बावजूद चुने जाने वाले उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची में विचारे जाने के लिए अयोग्य कर दिया जाएगा।

इसी तरह पंजाब राज्य (ग्रुप-डी) सेवा नियम- 1963 के नियम 5 की धारा डी में संशोधन करने को मंजूरी दे गई है। इसके मुताबिक की गई व्यवस्था के अनुसार कोई भी व्यक्ति सेवा में किसी भी पद के लिए तब तक नियुक्त नहीं होगा ।

# ऑनलाइन रमी गेम में पैसे हार गया था पुलिसकर्मी

## दोस्त के घर गया और उसकी बीवी के चुरा लिए गहने; गिरफ्तार



कोच्चि, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल के कोच्चि में पुलिसकर्मी को अपने दोस्त के घर चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान कोच्चि सिटी पुलिस के एआर कैंप में तैनात ऑफिसर अमल देव के तौर पर हुई है। देव पर अपने बचपन के दोस्त निबिन की बीवी के सोने के गहने चुराने का आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक, निबिन की पत्नी ने ये गहने अपने बेडरूम की अलमारी के अंदर रखे थे। आरोपी अमल देव अपने दोस्त से मिलने के बहाने उसके कमरे में दाखिल हुआ। चोरी की इस वारदात को 13 अक्टूबर को अंजाम दिया गया। देव अलाप्पुझा जिले के अरूर का रहने वाला है, जबकि निबिन नजारक्कल इलाके में रहता है। एसएचओ राजन के अरमान ने बताया, 'देव को ऑनलाइन रमी गेम खेलने की लत थी। इस खेल में वह अपने काफी पैसे हार गया था। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। शिकायतकर्ता और आरोपी दोनों ही बचपन के दोस्त हैं। इस बारे में और अधिक जानकारी जांच के बाद ही सामने आ पाएगी।' पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी पुलिसकर्मी अक्सर शिकायतकर्ता के घर जाता रहता था। गहने चोरी होने के बाद निबिन और उसकी पत्नी को देव पर शक हुआ।




# हास्य शिरोमणि : कपिल शर्मा

**अतुल कुमार**



**हाल** ही में एक फिल्म लेखक ने अपने साक्षात्कार में कहा कि सबसे मुश्किल काम दर्शकों को हंसाना है . नैचुरल कामेडी लिखना और बोलना चुनौतीपूर्ण है अभिनय में यह और भी डिफ़िकल्ट है . पहले केवल व्यंग होता जिसमें बोलने वाला मुस्कुरा कर कहता और उसे सुनने या पढने वाला तिलमिलाते हुए हंसता क्योंकि उसमें सामाजिक,राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों पर कटाक्ष होता . कालांतर में व्यंग के साथ हास्य जुडा और हास्य का पक्ष इतना मज़बूत हुआ कि लोग इसे हास्य – व्यंग कहने लगे .युवा पीढी के लिये यह ह्यूमर या सैटायर है .हास्य व्यंग पूरी तरह से सन्निहित हुआ . सिनेमा में कामेडी फिल्में कम बनीं .अभिनेता महमूद ने कामेडी से बहुत शोहरत पायी इतनी कि परदे पर उनकी एंट्री से ही दर्शकों की मुस्कान बिखरती . ताउम्र उनकी छवि कामेडीयन के रूप में रही . छोटे परदे के आने के बाद कामेडी सीरीयल बने .लेकिन उसे उडान दी कामेडी आईकान कपिल शर्मा के शो "कामेडी नाइटस विथ कपिल" ने .घर घर में यह लोकप्रिय हुआ . इसमें नैचुरल और बंबाट कामेडी को सुन – देख दर्शक लोट पोट होते हैं . शो की सबसे बडी खूबी है कि सभी उम्र के लोग साथ बैठ इसका आनंद लेते हैं क्योंकि इसको पेश करने के अंदाज़ ,बोलचाल तथा सीक्वेंस में अनूठा तालमेल देखने मिलता . सीरीयल के बीच आने वाले विज्ञापनों के बीच दर्शक पिछले दृश्यों को याद कर मज़े लेते हैं .

मूलतः यह आब्सर्वेशन कामेडी शो है जीवन की जिन छोटी छोटी और आम बातों को ले बडे सितारों ,खिलाडियों और शख्सियतों से कपिल शर्मा द्वारा सवाल पूछे जाते हैं वह नैचुरल और एक्स्टेंपोर होते हैं .उन्हें सुन दर्शक हंसते व ठहाके लगाते हैं इस कामेडी को देख कई बीमार लोग ठीक हुए . और कई को नया जीवन मिला .हाल ही में गायक कुनाल शर्मा के पिता की तबियत इस कामेडी शो को देख ठीक हुई .ऐसे कई घर हैं जहां परिजन साथ बैठना भूल गये वह इस शो के आते ही टी वी के सामने ईकट्ठा हो इसे देख आपस में बात करने लगे . इतना ही नहीं इसका रिपीट टेलीकास्ट भी खूब देखा जाता हैं .अभिनेताओं और अभिनेत्रियों को अपनी नयी फिल्म को प्रमोट करने के लिये इस शो में जाने का चलन बना .क्योंकि यह फैमिली शो है जिसकी पहुंच अधिक दर्शकों तक है इस मुकाम को कपिल शर्मा ने बडी लगन और स्ट्रगल से हासिल किया .

हंसना और हंसाना शुरु से ही हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा . मसलन होली का त्योहार हासपरिहास ,मेल जोल और व्यंग के लिये उत्सवी पर्व माना गया . यद्यपि संयुक्त परिवारों के टूटने के बाद ज़िंदगी सिर्फ वन, टू थ्री बेड रूम तक सिमट गयी कंस्यूमरिस्म , मटेरियलिस्म और प्रमोशन के चक्कर में लोग हंसना ,मिलना जुलना भूल गये वह इतने गंभीर हो गये कि हंसने पर पूछने लगे क्यों हंस रहे हो ! क्या यह सवाल पहले था ? कभी नहीं . जीवन की आपाधापी में लोग हंसी को भूल बीमारू हुए . कहना पडता है हंसो ,मुस्कुराओ और जम कर हंसो . हद तो तब हुई जब हंसने के लिये लाफिंग क्लब खुले . जो मुस्कान व्यक्तित्व का गहना होती वह कहां खो गयी पता ही नहीं चला . कई ठहाकेबाज़ भी खामोश हुए कि कहीं कोई अन्यथा न ले ले . हंसी की इस परिस्थिति के बीच कपिल शर्मा शो शुरु हुआ जिसमें लोग हंसी की तरफ़ फिर लौट अपने हंसोडपन को पाने लगे . जो उनके दिल के करीब बना .कपिल ने अपने कैरीयर की शुरुआत एक पंजाबी शो " हंसदे हसंडे राहो " से की .लेकिन उन्हें ख्याति मिली सन 2007 में जब वह कामेडी रियलिटी शो " द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज " में दर्शकों को अपने धांसू चुटकुलों से हंसाते हुए नज़र आये .

इसके बाद गायक बनने के लिये मुंबई की राह पकडी . अभी भी अच्छा गाते हैं .

किस्मत ने उनका साथ दिया सोनी टी वी के कामेडी सर्कस में बतौर कामेडियन हिस्सा लिया और कामेडी सर्कस के लगातार छः सीज़न जीते इसके बाद् कभी पीछे मुड नहीं देखा .सन 2008 में कामेडी शो उस्तादों के उस्ताद में भाग लिया .सन 2013 में कामेडी नाइट विथ कपिल शुरु किया जिसे बंपर सक्सेस मिली .डांस रियलिटी शो "झलक दिखला जा "और " छोटे मियां ' को कामेडियन के रूप में होस्ट किया बतौर हीरो फिल्म " किस किसको प्यार करूं " में हीरो का रोल किया .फिल्म खासी चली अगली फिल्म " फिरंगी " में भी दिखाई दिये जो उन्हीं के द्वारा निर्मित थी पर उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी .इसके बाद पूरा मन कामेडी शो में लगाया और अपना शो " कामेडी नाइट विथ कपिल " शुरु किया इसे इतनी सफलता मिली कि यह दर्शकों का चहीता शो बना .



रेडियो के युग में " हवा महल " चला तो दृश्य के दौर में कपिल का शो दर्शकों की पसंद बना .आम तौर पर एक एपीसोड दो भागों में आता है जिसमें भाग लेने वाले सेलेब्रेटी का हल्के फुल्के अंदाज़ में इंटरव्यू और दूसरे में उनके कलाकारों द्वारा बनायी हास्य स्किट होती है . कुछ उतार चाढाव के कारण इसका टाइटल बदला "द कपिल शर्मा शो" जो उनके आर्टिस्टों के इर्दगिर्द घूमता है . एपिसोड में आये दर्शकों से भी हंसी ठिठौली कर शो को आम लोगों का शो बनाने में सफल हुए. कामयाबी की बुलंदियों को पाने जी तोड मेहनत की . घर में कोई कामेडीयन नहीं था .शुरुआती दिनों में पी सी ओ और कपडा मिल में काम किया .पिता पुलिस में हेड कांस्टेबल थे जिनकाअसमय निधन हो गया तब कपिल की उम्र 22 वर्ष थी कालेज के दिनों में पाकेट मनी निकालने के लिये नाटकों का निर्देशन किया . सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार से संबंध रखने वाले इस कलाकार को सेंस आफ ह्यूमर के गुण उनकी मां से मिले जो उनकी प्रेरणा स्त्रोत बनीं

अपनी कलाकारी से अपने शो में दिग्गज क्रिकेटरों ,खिलाडियों और फिल्म कलाकारों को आमंत्रित कर ऐसे सवाल पूछते हैं जो सामान्य जन से जुडे हों .इसे सुन लोग उन्हें पसंद करने लगे उनकी इस अदा से दर्शक इतने जुडे कि शो को देखना नहीं चूकते .यदि ऐसा हो तो उसका रिपीट शो देखते .

अपने हास्य से कपिल ने जिस संसार को रचा उसमें सुख दुख का रूप उभरा जो आम ज़िंदगी से मेल खाता .उससे सिद्ध होता कि जिन सेलेब्रेटीस की लाइफ को आम जन अलग मानते वह भी आम लोगों जैसे ही हैं .

इस इमेज को हास्य के माध्यम से तोडा उनके शो की टी आर पी हमेशा उंची पायदानों पर रही . सबसे ज़्यादा टैक्स देने वालों की लिस्ट में शामिल हैं .पशु बचाओ के अधिकारों को बढावा देने के लिये उनके द्वारा की गयी कोशिशों की सराहना होती है .उनके बोले गये कुछ हास्य संवादों को पढिये " एक आदमी द्वारा पूछा गया कि सबसे ज़्यादा पुराना जानवर इस पृथ्वी पर कौन है ? उनका जवाब था ज़ेब्रा क्योंकि वह अभी भी काले और सफेद हैं ." ," एक पत्नी पूछती है कि पूरा खत्म होना और पूरी तरह से खत्म होना में क्या अंतर है ? कपिल ने जवाब दिया कि अगर आपके जीवन में कोई अच्छी लडकी आ जाए तो आपका जीवन पूरा हुआ लेकिन अगर कोई गलत लडकी आ गई तो आपका जीवन पूरी तरह से खत्म " और "हम तो बचपन से ही इतने स्मार्ट हैं कि ,लडकियों की बात छोडो मुझे टीचर भी कहती थी वहां से उठो और मेरे सामने आ कर बैठ जाओ" वह कहते हैं कि हंसी विटामिन डी की तरह है टेंशन मुक्त रहो और ज़िंदगी की छोटी छोटी बातों से आनंद लो और मस्ती से रहो .

कामेडीयन और अभिनेता कपिल शर्मा को प्रशंसकों का दिल जीतना बखूबी आता है . जहां भी होते हैं महफिल लूट लेते हैं .2 अप्रेल 1981 को अमृतसर में जन्मे इस 40 वर्षीय कामेडीयन के पास हंसी की जादुई पोटली है जिसे खोल सबको खूब हंसाते हैं सिचुएशन के अनुसार एक्सटेंपोर चट पट बोलना और ठहाकों से तालियां बटोर लेना उनकी हास्य कला का अभिन्न हिस्सा है . उनका नाम लेते ही स्वतः होंठों पर मुस्कान आ जाती है . पंजाबी मिश्रित हिंदी से जो किला खडा किया उसकी ख्याति को इसी से समझा जा सकता है कि इसकी खूबसूरती और निरालेपन के कारण विदेशों मे उनकी पहचान कामेडी किंग के रूप में है. दरअसल समाज में बढ रहे दिखावे और आर्टीफीशीयल बर्ताव को निशाना बनाते हैं .फूहड हास्य से दूर उनके सवाल आम लोगों से जुडे होते हैं उदाहरण के लिये बडी मासूमियत से सेलेब्रेटी से पूछते हैं "नहाने का साबुन जब इस्तेमाल कर बहुत छोटा टुकडा रह जाता है तब अक्सर हाथ से फिसल जाता है उसे बाथरूम में ढूंढना पडता है तो क्या आपके साथ भी ऐसा होता है ? ठहाकों के बीच उनकी हां पर दर्शक विभोर होते हैं .इसी तरह जब शैंपू खत्म होता है तो लोग उसे धो कर तेल की शीशी बनाते हैं क्या आपके यहां भी ऐसा होता है ?

आम ज़िंदगी से जुडे साधारण प्रश्नों के वह उस्ताद हैं . प्रेसेंटेशन को स्तरीय बनाये रखा कोई हल्कापन नहीं आने दिया . बीरबल की तरह हाज़िर जवाबी उनके हास्य का श्रेष्ठ गुण है . कुछ वर्ष पहले फोर्बेस पत्रिका द्वारा प्रकाशित देश के प्रभावी 100 लोगों की सूची में उनका नं 28 वे स्थान पर था .

वास्तव में कपिल शर्मा ने कामेडी को रिडिफाइन कर जन साधारण से जुडे चुटीले कथोप कथन , किस्सों , और कथाओं को हास्य में पिरोया . जिस शैली में प्रस्तुत करते हैं उसे देख वह खयाली कल्पना नहीं बल्कि आसपास बिखरी बातें दिखायी देती है .इसलिये उन्हें "हास्य शिरोमणि " कह सकते हैं ।

# काव्य कुंज

## चेहरे



चंद्रप्रकाश शर्मा
हैदराबाद

चेहरों को क्या कहूं
कभी अपने से लगते हैं
तो कभी ऐसे जैसे जानते ही नहीं
इनका किसी और से जैसे नाता ही नहीं
या यूं समझो बदलना इसकी फितरत है
ना ना गलत मत समझो इसे
बचपन का वह मासूम चेहरा
याद है आंखों में मोहब्बत दिल में जन्नत थी
सब तरफ प्रेम की वर्षा हो रही थी
हर किसी के चेहरे पर मुझे उठाने की
मुझे लड़ाने की आतुरता दिख रही थी
हर कोई प्रेम में डूबा हुआ था
सबके चेहरे मानो अपने ही लग रहे थे
वक्त ने मुझे जवानी के रथ पर रखा
चलना सीखा हाव भाव बदलना सीखा
अब चेहरों को थोड़ा पढ़ना सीखा
कौन है अपना और कौन पराया
अब सबके चेहरों की सुंदरता अलग थी
मानो दिल में सबके कहीं ना कहीं लकीर थी
दुनिया में मलंग सब के संग मैं चलता गया
कुछ पाने की चाह में बहुत कुछ खो गया
अब सबके चेहरों पे ठहाके की हंसी कुछ और थी
जिंदगी किसकी रूकती है साहब
हम भी उस नाव में सवार
दुनिया के समंदर में चलते गए
लोगों की बातें और उनके चेहरे भूलते गए
उम्र के इस पड़ाव में
प्रभु की शरण में डूबते गये
वक्त मिला , खुद से मिलने का तो जाना
कमबख्त यह सारा खेल दिल का था
जो आईने में चेहरे बदलता रहा
अब चेहरे की रंगत बदल गई
दुनिया फिर खूबसूरत हो गई
आओ चेहरों को छोड़ दिल को पढ़ना सीखें।।

## दिव्य प्रकाश



-डॉ. माध्वी बोरसे!
रावतभाटा कोटा

ऐसा प्रकाश हम बने,
दिव्य उजाला लेकर आए,
अंधेरे है जीवन में बहुत घने,
हम भी थोड़ी रोशनी बन जाए।
अपने हुनर के सेज से,
कुछ नहीं तो अपने आसपास चमकाए,
प्रेम और दीनता के तेज से,
इंसानियत के दीए जलाएं।
अखंड नैतिकता की ज्योति हो,
जो कभी भुज ना पाए,
चमकदार माला पीरोती हो,
जो हमारे अस्तित्व को सजाए।
सकारात्मकता का चिराग बनकर,
स्वयं में उचित दृष्टिकोण लाए,
यज्ञ की आग सी जलकर,
समस्त नकारात्मकता को जलाए।
ऐसा प्रकाश हम बने,
दिव्य उजाला लेकर आए,
अंधेरे है जीवन में बहुत घने,
हम भी थोड़ी रोशनी बन जाए।

## दस्तक



डॉ. डी. डी.
देसाई

आज फिर दरवाजे पर दस्तक हुई हैं।
देखो..... कौन हैं?
कोई सपना हो तो....
वहीं से रफा दफा करना ।
बहुतसे सपनों को टूटते देखा हैं..
बिखर के तड़पते देखा हैं।
बोलना...तुझे पालने पोसने की
मुझमे अभी शक्ति नहीं रही...
तुम तो ख्वाहिशों पर सवार हो।
मैं लड़ाखाड़ाते जिंदगी घसीट रहा हूँ।
तुम्हारे रंग में रंग नहीं सकता..
बिना पंखों के उड़ान भर नहीं सकता।
सपने के लिए नींद भी मुकम्मल नहीं हैं
रफा दफा ही करना.. उसे देख नहीं सकता।
आज फिर दरवाजे पर दस्तक हुई हैं..
देखो.... कौन हैं ?
कोई जरुरत हो...तो अंदर बुला लेना।
कहना...तुम तो हमारी मेहमान हो.
खूब मेहमान नावाजी करेंगे..
खूब मेहनत करेंगे...तुम्हे पूरा करेंगे।
तुम तो हमारा भला चाहती हो।
तुम न होती तो हमारी जिंदगी न होती।
तुम्हारे साथ ही जीवन बिताएंगे।

## ब्रह्माण्ड



टी तारासिंह
हैदराबाद

जल हवा जमी अग्नी और आकाश
ये है ब्रह्माण्ड के महान पंच तत्व
इससे ही हमारा जीवन चलता
इससे ही शुरू ओर अंत होता
जल है अमृत जीवन दान करती
जल गंगाजल बिन कोई कार्य ना होवे
प्यास बुझाती सांसे हमारी चलाती
हवा से इंसान की सांसें चलती
दिल की धड़कने सही चलती
इंसान पेड पौधे हरे भरे रहते
जमी से है घर बसेरा बनता
इंसान के सर पर छत्रछाया रहता
धूप बारीश तूफ़ान से बचाता
अग्नी से रोटी बनती खाना बनता
पेट भर खाते आंख भर निंद लेते
रोजमर्रा के काम ठीक से करते
आकाश से है सूरज चाँद सितारे
बरसात होती नदियों बहते खेते लहराते
दिन रात होते कालचक्र चलता रहता ।।

## दीपोत्स्व



प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

आया दीपों का त्योहार ,
लाया खुशियों की बौछार,
वर्षा ऋतु को विदाई देकर
शरद सुंदरी छा गई धरा पर,
उषा की किरणों के चपल चरण,
पड़ गए वृक्षों के पत्तों पर,
चहुँ ओर हो गई चहल-पहल
सज गई दुकानें सज गए घर,
हर्षो उल्लास का आलम है, कहीं मिठाइयां कहीं खिलौने,
तो कहीं पटाखों के खजाने हैं, कितना सुंदर है यह त्यौहार,
यह प्रकाश पर्व है विजय का, पुरुषार्थ का सुख समृद्धि का,
परंपराओं का पुराणों का
मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आगमन का ।
दीपों की माला देहरी पर घर आंगन में सज गई,
माँ लक्ष्मी की स्वागत करने को,
घर में शुचिता पवित्रता लाने का अपनों को याद करने का,
नई उर्जा नई स्फूर्ति नई लौ,
नया दीप,नये गीत खुशियों के,
नए अरमान नए हौसले नई बातें उमंगों के दिन,
आओ सब मिलकर एक सूत्र में बंध जाए,
युक्ति की शक्ति की मैत्री की दीपमाला सजाएं ।
जग के उर्वर आंगन में प्रकाश पुंज की जोत जलायें,
कोई कोना सूना न रह जाए हर ओर खुशियों के दीप जलाएं,
हर ओर खुशियों के दीप जलाएं ।


## दीपावली



पद्मजा श्रीवास्तव

आया दीपों का त्योहार
जगमग जगमग दीप जलें
दूर कर जन जन के जीवन से अँधियारा
प्रकाश से भर दें जन जीवन को ।
मिट्टी के सुंदर दीपक ,कंदील, खिलौने
खरीदें अपने कुम्हार दोस्त से
उनके भी जीवन में खुशियों और आशाओं
के छोटे छोटे दीए जलें
करें मित्रता लोकल से, स्वदेशी का मान बढ़ाएँ ।
आनलाइन खरीदी के साथ
आफलाइन से नजदीकी बनाएँ
छोटे दुकानदारों का भी हौसला बढ़ाएँ
चाकलेट के साथ मिठाई खरीदें
मोहल्ले के मिठाईवालों से
खील बताशे लें फेरी वालों से ।
त्योहारों के इस मौसम में
कमाई कुछ उनकी भी हो जाए
ऊपर उठने दें उन छोटे व्यवसायों को
ठप कर दिया था जिनको
कोविड काल के दानव ने
सहयोग करें, भागीदार बनें
दीवाली में उन सबके जीवन से दूर अंधकार हो
सपनों के नव दीपक जलें
दूर हो हर बुराई का अंधकार और अच्छाई के दीप जलें ।


## साथ - साथ



कुमुद बाला,
हैदराबाद

मेदिनी और आसमान दोनों
बिक रहे हैं साथ - साथ
इंसानियत और ईमान
दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
हमारी ज़िंदगी का क्या
भरोसा कब कहाँ क्या हो जाये
बेज़ुबान दिल और जान
दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
तृषित अधरों की प्यास भी अब बिकने लगी हवा के साथ
स्नेहिल प्यार और सम्मान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
आबो हवा क्या बदली अब तो सारी दुनिया बदल गयी
अब भगवान और इंसान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
चाँद- सितारे वही रहे पर लगा बदलने वातावरण
पर्यावरण और संज्ञान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
संवेदना खिचड़ी बनी और वात्सल्य की आँख गयी सूख
ढलती तान और मकान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
स्वप्नीली झालर , झीनी चादर दोनों के अरमान टूटे
सुप्रमाण और स्वाभिमान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
ज़रा नीति - कुनीति क्या हुई , दाँव - पेंच की भाषा बदली
सर्वदिनमान और प्राण दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
बूँद रक्त की हुई बदनाम धर्म पलड़े में तौली गयी
अरमान और बेज़ुबान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
आशाओं का दीपक अब भी हृदय में जलता मेरे
श्रद्धा सबूरी और ध्यान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
आओ सोचें कल की कुछ प्यार की हम बात करें
अब भविष्य और वर्तमान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
स्वार्थी हैं सारे बस अपनी डफली और अपना राग
नवचेतना और आह्वान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
पूजते हैं देवी को पर महिला को अबला कहते हैं
स्त्री का मान और उड़ान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
मान-मर्यादा और संस्कृति अब सब कुछ बिकाऊ मिनटों में
पुण्य प्रसून और दृष्टिमान दोनों बिक रहे हैं साथ - साथ
सवालों के जवाब जैसे बने अंधेरे और उजाले
साहित्य और जाजल्यवान दोनों बिक रहे हैं साथ- साथ।

## मिट्टी का दीया



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

कण कण से बने मिट्टी का दीया,
दीये में दीया पवित्र मिट्टी का दीया।
अथक परिश्रम का खूबसूरत नमूना,
चाक पर घिस घिस बनता मिट्टी का दीया।
कुम्हार हाथों में प्रेम की मिट्टी लपेटे
कुम्हार के प्रेम से सरोबार मिट्टी का दीया ।
पंचतत्व की मिट्टी से बनकर निकले
शौर्य,पराक्रम में वृद्धि करे मिट्टी का दीया।
बुराई को जलाकर खाक कर के,
सुख समृद्धि लाए मिट्टी का दीया।
कुटिल ग्रह चाल के सब दोष मिटा दे,
शनि ग्रह की कृपा दिलाए मिट्टी का दीया।
घर में मंगल की कामना होती नहीं किसको,
मिट्टी मंगल ग्रह प्रतीक,जलायें मिट्टी का दीया ।
बिजली लड़ियों,बिजली दीए में तेल बाती कहां,
आधुनिक चकाचौंध में न भूले मिट्टी का दीया ।
दीए की अग्नि अंधकार मिटाए मन का भी
साक्षात अग्नि दर्शन कराए मिट्टी का दीया ।
श्रीराम जी के स्वागत की करनी है तैयारी,
' गीता ' घर-घर जलाएं सिर्फ मिट्टी का दीया।

## नज़र



रेणुका अग्रवाल

जो तस्वीर में नज़दीक नज़र आते हैं।
असल में वही दूर जा घर बसाते हैं।
मिलते हैं जो घण्टे दो घण्टे के लिये,
फ़िर जाने के लिये ग़ैरों सा असर लाते हैं।
जिनको पैदा किया पाला पोसा बड़ा किया,
वही एक दिन क्यों बेगाने होकर जाते हैं।
कहते हैं जो भी किया तुम्हारा फ़र्ज़ था,
हम क्या ख़ुद से ज़मीन पर आते हैं।
माँ बाप ने सुना सोंचा सच कहा बच्चों ने
हमने पैदा किया, क्यों नहीं हमपर जाते हैं।
अधिकार हमारा है तुम पर, तुम हमारे हो,
हमारे कहने पर तुम क्यों नहीं ठहर जाते हैं।
रेणू सोंचे इस बहस में कुछ नहीं रखा
गरज निकली तो बच्चे भी नया घर बसाते हैं।
आई दिवाली सब दूर जाकर बस चुके
अब क्यों माँ बाप को छोड़कर जाते हैं।
रौशनी का त्योहार आता साल में एक बार
घर में माँ बाप दिवाली रोकर मनाते हैं।

## जिन दीपों को...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

जिन दीपों को
मुंडेरों पर सजाया था
आज उन्हीं दीपों ने
अंधेरों संग बैठाया था मान्यवर
आने जाने के मुँह
लड्डुओं से भर रहा
दुकानें मिठाई की खाली कर रहा
यूँ ही पूछ डाला, रहस्य तो समझाओ सही
जनता जानना चाहती पर्दा तो उठाओ सही
झपड़ फाड़ कर, इष्ट ने तीसरा बेटा दिया है
फर्स्ट क्लास फर्स्ट विथ डिस्टिंक्शन पास किया है
सुबह यज्ञ हवन का आयोजन करता है
शाम भव्यता का समायोजन करता है
यहाँ वहाँ से लोन लेकर तीन मंजिला इमारत
खड़ी करता है हर इक कोने को
हीरे मोतियों से जड़ता है समय कदम बढ़ाता है
तीन बहुएं घर लाता है संध्या हुई,
सभी खिड़की दरवाज़े बंद हो जाते हैं
पगले का खाट आँगन में लगवाते हैं
अकेले हांफता कांपता है बिना पतवार,
बीच मझधार कहराहता है गज़ब का रंगमंच
प्रभु ने सजाया था जिन दीपों को...

## दीपोत्सव पर उजाला मिला !



मदन वर्मा, इंदौर

ना तम रहा ना काला रहा,
दीपावली में बस उजाला रहा,
बच्चों की आस टूटने लगी हैं,
इस डर से की बस उनके पल्ले
जो पड़ा अब तक मुंह में निवाला रहा,
सोचा बचा खुचा कबाड़ी को बेच दें
घर का पुराना सामान सोचा था,
कुछ रुपये मिलेंगे, बच्चों के चेहरे
की खुशियां खरीदने के लिए,
दिन भर ढूंढता रहा, कुछ ना मिला,
तकदीर मेरी बस पांव में मुझे छाला मिला,
लक्ष्मीजी कल रात आई मेरे सपने में,
तसल्ली मिली बहुत उजाला मिला,
बताया था वह स्थान जहां पर
धूल की गर्द हैं उसी में पुरानी डायरी
के बीच बैंक में जमा की कुछ वर्षो पूर्व
फिक्स डिपाजिट की मेच्योरिटी का
हवाला मिला, मेरे बच्चों की किस्मत
में आये दीपोत्सव पर उजाला मिला !

## मन की सफाई



लवली आनंद,
बिहार

हर वर्ष हम अपने
घरों की साफ-सफ़ाई करते है,
क्या किसी वर्ष हम अपने
मन की मैलो को साफ कर पाते है,
हर वर्ष दीवाली पे हम अपने
घरों को दीपो से चमकते है,
क्या किसी वर्ष हम अपने काले
सोच के अंधकार को मिटा पाते है,
हर वर्ष हम दीवाली बड़ी धूमधाम से मनाते है,
पर क्या हम दीवाली के मर्म
को अभी तक समझ पाए है, अगर हाँ...!
तो अभी तक क्यो अँधेरो में है हमारा समाज,
और जब हमारा समाज ही अंधकार से निकल नही पा रहा,
तो फिर दीवाली का बहाना ही क्यों..?
रहने देते है इस बार इस दीवाली को अंधेरो में.....!
इस बार हम अपने मन को पवित्र करते है और
बनाते है एक नया इतिहास।।

## दिवाली का दीपक



मुनीश भाटिया
कुरुक्षेत्र

प्रकाश के विजय पर्व पर
हर बार की तरह बेशक
अमावस को दीयों से रोशन कर,
भीतर के अन्धकार को
हरदम करते नजरंदाज, मिथ्या भ्रम में जीते सब
खुद के दोषों को भूल दूजे की चर्चा करते खूब,
जिसका हुआ आदि ना अंत आओ इस दिवाली पर
दिया आत्म मंथन का जलाएं !
खुद को जानें खुद से पहलेभावना प्रतिशोध की तज कर,
करें निवारण खुद के दोषों का परमात्मा की प्राप्ति का
और वसुधैव कुटुम्बकम का होगा मार्ग तभी प्रशस्त,
आत्मनिरीक्षण की भावना का करना अब विश्लेषण है,
समाज कल्याण भी संभव उसमें,मन की अमावस होगी
सही अर्थों में रोशन तभी !

## लो दीवाली आ गई



डॉ उमेश प्रताप
वत्स, हरियाणा

हर वर्ष की तरह इस बार भी,
देखो दीवाली आ गई
थोड़ी फीकी ही सही,
फिर भी दीवाली आ गई
धड़ाम-धड़ाम पटाखों की,
पहचान दीवाली आ गई
सज गये बाजार भी, रंगीन दीवाली आ गई
दो-दो रोकड़ पाने को, दिन रात करें संघर्ष जो
वर्ष भर की कमाई का, परिणाम दीवाली आ गई
जो सजाये बारूद को, पटाखों के रूप में
उसकी मेहनत का नतीजा, लेकर दीवाली आ गई
रात-दिन जिसने बहाया, पसीना हल के साथ में
उनकी बीवी-बच्चों की, रौनक दीवाली आ गई
बच्चों की ये टोलियां, मस्ती करने को चली
प्यारी सी किलकारियाँ, संग दीवाली आ गई
गोदामों में सड़ता रहा, माल जो बिकता नहीं
उसको देने का अवसर, लेकर दीवाली आ गई
मिलावटखोर, जनता की, जान के दुश्मन बने
निर्दोष जनता की तबाही, करने दीवाली आ गई
मानवता के रक्त से, जो गिद्ध होली खेलते
उन आतंकवादियों, को दीवाली भा गई
महामारी और युद्धों ने, महगाँई जो बढ़ाई तो
देशवासियों का दिवाला, लेकर दीवाली आ गई

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# जयललिता की मौत के राज से उठा पर्दा

## हॉस्पिटल के 10 कमरों पर था शशिकला के रिश्तेदारों का कब्जा; सर्जरी ही नहीं कराई गई

'जयललिता की सर्जरी कराने की सलाह दी गई थी, लेकिन अपना मकसद हासिल करने के लिए उन्होंने दबाव में इसे टाल दिया। इस मामले की जांच होनी चाहिए।'

ये बात कही है जस्टिस ए अरुमुघसामी कमीशन की रिपोर्ट में। ये कमीशन तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की मौत की परिस्थितियों की जांच के लिए बना था। इसकी रिपोर्ट हाल ही में तमिलनाडु विधानसभा में पेश हुई है। इस कमीशन ने 150 गवाहों और करीब 500 पन्नों की रिपोर्ट में जयललिता की मौत को लेकर उनकी करीबी रहीं शशिकला, उनका इलाज करने वाले डॉक्टरों और पूर्व हेल्थ मिनिस्टर और हेल्थ सेक्रेटरी की भूमिकाओं पर सवाल उठाते हुए इनकी जांच की सिफारिश की है।

तमिलनाडु की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता को 22 सितंबर 2016 को चेन्नई के अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 75 दिन बाद 5 दिसंबर 2016 को अपोलो हॉस्पिटल में उनकी मौत हो गई थी।

जयललिता की भतीजी दीपा और उनके भतीजे दीपक समेत AIADMK के कई नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री की मौत की परिस्थितियों को लेकर सवाल उठाए थे। जयललिता की मौत की असली तारीख को लेकर भी विवाद है। हॉस्पिटल के मुताबिक, जयललिता की मौत 5 दिसंबर 2016 को हुई थी, लेकिन एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 4 दिसंबर को ही जयललिता की मौत हो चुकी थी। इसी मामले की जांच को लेकर 2017 में एक कमीशन बना था, जिसकी रिपोर्ट अब सामने आई है।

17 अगस्त 2017 को तमिलनाडु के तब के मुख्यमंत्री रहे के पलानीस्वामी ने जयललिता की मौत की वजहों की जांच के लिए एक कमीशन का गठन किया था। इस कमीशन की अध्यक्षता मद्रास हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज ए अरुमुघसामी ने की। इस मामले की सुनवाई 22 नवंबर 2017 को शुरू हुई थी। इस कमीशन ने अपनी जांच रिपोर्ट करीब 3 साल बाद तमिलनाडु सरकार को सौंपी, जो18 सितंबर 2022 को तमिलनाडु विधानसभा में पेश की गई।

कमीशन के सामने पेश होने वाले गवाहों में AIADMK के शीर्ष नेता ओ पन्नीरसेल्वम, जयललिता की भतीजी दीपा और भतीजे दीपक, डॉक्टर्स, टॉप अधिकारियों और AIADMK के सी विजयभास्कर (पूर्व हेल्थ मिनिस्टर), एम थंबी दुरई, सी पोन्नियिन और मनोज पांडियन शामिल थे।

जिन लोगों पर सवाल उठे हैं, वे हैं

जयललिता की करीबी सहयोगी शशिकला, जयललिता के निजी डॉक्टर केएस शिवकुमार (शशिकला के रिश्तेदार), उस समय के हेल्थ सेक्रेटरी जे. राधाकृष्णनन और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सी विजयभास्कर समेत चार लोगों के खिलाफ जांच की सिफारिश की गई है। साथ ही जयललिता का इलाज करने वाले डॉक्टर वाईवीसी रेड्डी और डॉक्टर बाबू अब्राहम की भी जांच की सिफारिश की गई है। अपोलो हॉस्पिटल के चेयरमैन प्रताप रेड्डी, पूर्व चीफ सेक्रेटरी राम मोहन राव और पूर्व सीएम पन्नीरसेल्वम की भूमिकाओं पर भी सवाल उठाए गए हैं।


शशिकलाः

केवल शशिकला को ही दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता के हॉस्पिटल रूम में जाने की इजाजत थी। जयललिता का इलाज करने वाले सभी डॉक्टर केवल शशिकला को ही सब बातें बताते थे। शशिकला ने ही जयललिता के रिश्तेदार/परिवार के सदस्य के तौर पर सभी कंसेंट फॉर्म पर साइन किए थे। जयललिता की जान बचाने के लिए डॉक्टरों की ओर से स्पष्ट सलाह दी गई थी, लेकिन शशिकला ने इसकी अनदेखी की। शशिकला के रिश्तेदारों ने उस वक्त अस्पताल में 10 कमरों पर कब्जा जमाया हुआ था। पूर्व हेल्थ मिनिस्टर सी विजयभास्कर, पूर्व हेल्थ सेक्रेटरी जे राधाकृष्णन, जयललिता के डॉक्टर शिवकुमारः ये सभी विदेशी डॉक्टरों की सलाह के बावजूद जयललिता का विदेश में इलाज कराए जाने के खिलाफ थे। डॉक्टर वाईवीसी रेड्डी और डॉ. बाबू अब्राहमः 'डॉ. वाईवीसी रेड्डी और डॉ.बाबू अब्राहम ने पूरे समय दिवगंत मुख्यमंत्री का इलाज किया था। मुंबई, अमेरिका और ब्रिटेन से भी डॉक्टरों को बुलाया गया था और इन डॉक्टरों को जयललिता की एंजियो/सर्जरी कराने की सलाह मिली थी, लेकिन अपना मकसद हासिल करने के लिए उन्होंने दबाव में इसे टाल दिया। इस मामले में जांच होनी चाहिए।'

इन 3 लोगों पर भी सवाल उठाए गए हैं

अपोलो हॉस्पिटल के चेयरमैन सी प्रताप रेड्डीः नवंबर 2016 में जब जयललिता हॉस्पिटल में थी तो प्रताप रेड्डी ने कहा था कि जयललिता का इंफेक्शन अंडर कंट्रोल है और 'डिस्चार्ज होना उनकी मर्जी पर निर्भर करता है।' कमीशन के अनुसार, मेडिकल रिकॉड्र्स और डॉक्टर्स से मिली जानकारी के अनुसार, 'रेड्डी के शब्द सच्चाई से कोसों दूर थे।' कमीशन ने कहा, 'ये हैरान करने वाला है कि इतने विश्व प्रसिद्ध हॉस्पिटल के प्रमुख ने मीडिया को इतना गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया था। क्या उन पर इस तरह का झूठा बयान देने का कोई दबाव था?"

पूर्व चीफ सेक्रेटरी राम मोहन रावः कमीशन ने कहा है, 'प्रोसिजिरल पहलुओं को लेकर विभिन्न तारीखों से जुड़े 21 फॉर्म पर उनके साइन करने की भी जांच की जानी चाहिए।' पन्नीरसेल्वम जयललिता की मौत को लेकर सवाल उठाने और जांच की मांग करने वाले पहले व्यक्ति थे, लेकिन कमीशन ने उन पर भी सवाल उठाए




हैं।

कमीशन ने कहा, 'वो इनसाइडर और एक मूक दर्शक थे। वो सब जानते थे कि अपोलो हॉस्पिटल में क्या हुआ, खासतौर पर इलाज का एपिसोड। और उन्होंने धर्मयुद्ध का सहारा लिया और अपनी जगह गंवाने के बाद सीबीआई जांच की मांग की।'

दरअसल, पन्नीरसेल्वम जयललिता की मौत के बाद मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन सत्ता के खेल में दरकिनार किए जाने के बाद उन्होंने शशिकला पर हमला बोल दिया था। अपोलो हॉस्पिटल के अनुसार जयललिता का निधन 5 दिसंबर 2016 को रात 11.30 बजे हुआ था, लेकिन कई गवाहों ने बताया कि जयललिता की मौत 4 दिसंबर 2016 को दोपहर 3 से 3.50 बजे के बीच हुई थी।

जस्टिस ए. अरुमुघसामी ने कहा कि अपोलो हॉस्पिटल ने यह जानते हुए भी कि जयललिता की रिकवरी की उम्मीद नहीं हैं, उनकी मौत के समय से हेरफेर किया। उन्होंने कहा कि चेस्ट कट के निशान बताते हैं कि जानबूझकर स्टर्नोटॉमी और सीपीआर के जरिए उनकी मौत की घोषणा में देरी की गई जो साजिश की ओर इशारा करता है।

शशिकला ने खुद पर लगे आरोपों से साफ इनकार किया है। शशिकला ने 3 पेज का बयान जारी कर कहा है, 'जिनमें जयललिता से मुकाबला करने की हिम्मत नहीं थी, वे उनकी मौत पर राजनीति कर रहे हैं, लेकिन जनता ऐसी हरकतों का समर्थन नहीं करेगी।' शशिकला ने कहा कि कमीशन के निष्कर्ष अनुमानों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, 'अम्मा (जयललिता) के इलाज में मैंने एक बार भी दखल नहीं दिया। सब कुछ मेडिकल टीम डिसाइड कर रही थी कि कब कौन सा टेस्ट करना है और कौन सी दवा देनी है। मैं सिर्फ यह देख रही थी कि अम्मा को सबसे अच्छा ट्रीटमेंट और मेडिकल केयर मिले।'

शशिकला का जन्म 1954 में तमिलनाडु के तंजावुर जिले के मन्नारगुड़ी में हुआ था। शशिकला का परिवार प्रभावशाली कल्लार समुदाय और जमींदार होने के बावजूद अमीर नहीं था। शशिकला की शादी 1973 में एम नटराजन से हुई थी। नटराजन तमिलनाडु सरकार में पब्लिक रिलेशन ऑफिसर थे। उनकी शादी में तब के मुख्यमंत्री एम करुणानिधि शामिल हुए थे। 1976 से 1980 तक नटराजन बेरोजगार हो गए थे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति चरमरा गई थी।

1980 में नटराजन तमिलनाडु के साउथ अर्कट जिले की डीएम वीएस चंद्रलेखा के पीआरओ बन गए। चंद्रलेखा तमिलनाडु के तब के मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन की करीबी मानी जाती थीं। इस पॉलिटिकल कनेक्शन की वजह से ही शशिकला की मुलाकात जयललिता से हुई, जो आगे चलकर जीवन भर की दोस्ती में बदल गई। उस समय जयललिता एक उभरती हुई स्टार और एमजी रामचंद्रन की करीबी थीं।

1987 में रामचंद्रन की मौत के बाद उनकी पार्टी AIADMK पर कब्जे के लिए जयललिता और रामचंद्रन की पत्नी जानकी आमने-सामने आ गए और पार्टी दो धड़े में बंट गई। रामचंद्रन के परिवार ने जयललिता को किनारे लगाने की कोशिश की। इस दौरान शशिकला जयललिता के साथ हर मोर्चे पर मजबूती से डटी रहीं। आखिरकार 1989 में जानकी ने AIADMK पर दावा छोड़ दिया और पार्टी की कमान जयललिता के हाथों में आ गई। इसके साथ ही शशिकला और नटराजन की जयललिता के पोएज गार्डन स्थित घर 'वेद निलयम' में एंट्री हो गई। हालांकि, 1990 में नटराजन को जयललिता को डॉमिनेट करने की कोशिश में घर से बाहर कर दिया गया।

1991 में हुए विधानसभा चुनावों में AIADMK जीत के साथ सत्ता में आई और जयललिता पहली बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बन गईं। जयललिता के मुख्यमंत्री बनने के बाद तमिलनाडु की राजनीति दोनों में शशिकला का कद और ताकत दोनों तेजी से बढ़े। कहा जाता है कि शशिकला उस समय इतनी पावरपुल हो गई थीं कि जयललिता सरकार के मंत्री शशिकला के ऑर्डर पर काम करते थे।

इन दोनों की रिश्तों में दरार 1995 में शशिकला के भतीजे वीएन सुधाकरन की वजह से आई। सुधाकरन को 1995 में जयललिता ने गोद लिया था। 1995 में सुधाकरन की शादी में करोड़ों रुपए खर्च हुए। इस शादी में खर्च हुए पैसों के बाद ही जयललिता और शशिकला पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। इसका असर ये हुआ कि 1996 में हुए विधानसभा चुनावों में जयललिता को करारी शिकस्त मिली। 1996 में जयललिता ने सुधाकरन को बेदखल कर दिया।

1996 में जयललिता ने पहली बार शशिकला से दूरी बनाने का ऐलान किया। तभी शशिकला भ्रष्टाचार के आरोपों में अरेस्ट हो गईं। 10 महीने जेल में रहने के बाद जब वह वापस लौटीं तो जयललिता और उनकी दोस्ती फिर से ट्रैक पर आ गई।

दिसंबर 2011 में जयललिता ने उनके खिलाफ साजिश रचने की खबर मिलने पर शशिकला और उनके पति नटराजन और भतीजे सुधाकरन और रिश्तेदारों समेत 13 लोगों को अपने घर और पार्टी से निकाल दिया। फिर मार्च 2012 में ही शशिकला की लिखित माफी के बाद जयललिता के घर और पार्टी में वापसी हो गई।

5 दिसंबर 2016 को जयललिता की मौत के बाद 29 दिसंबर 2016 को शशिकला को पार्टी का महासचिव चुन लिया गया। सीएम पद पर ताजपोशी की तैयारी में फरवरी 2017 में शशिकला को नेता चुन लिया गया, लेकिन 14 फरवरी 2014 को आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शशिकला को 4 साल जेल की सजा सुना दी।

जेल जाने से पहले शशिकला ने पलानीसामी को सीएम नियुक्त कर दिया था। पलानीसामी और अन्य मंत्रियों ने शशिकला के खिलाफ विद्रोह करते हुए सितंबर 2017 में उन्हें पार्टी से निकाल दिया। शशिकला इसके खिलाफ कोर्ट भी गईं, लेकिन सफल नहीं हुई। जनवरी 2021 में शशिकला जेल से रिहा हुईं, लेकिन उनके मुख्यमंत्री बनने का सपना अधूरा रह गया। 2021 के विधानसभा चुनावों में हार हुई और डीएमके की सत्ता में वापसी के साथ फिलहाल मुख्यमंत्री एमके स्टालिन हैं।

---

# ब्रिटेन:छह हफ्तों में हार गईं लिज़ ट्रस




एक ज़माने में राजशाही की खिलाफत करने वाली और लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़कर छात्र राजनीति में सक्रिय रहने वाली लिज ट्रस जब कंजर्वेटिव पार्टी में शामिल हुईं और अपनी राजनीतिक महात्वाकांक्षाओं की बदौलत प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचीं तो लगा था कि शायद ब्रिटेन की तस्वीर कुछ बदलेगी। लेकिन सत्ता संभालने के चंद दिनों बाद से ही जिस तरह उनकी उल्टी गिनती शुरु हो गई थी, उससे ब्रिटेन की सियासत में लगातार हलचल मची रही। महज 44 दिनों में जिस तरह लिज ट्रस ने इस्तीफे की घोषणा की उससे वहां की सबसे मजबूत कंजर्वेटिव पार्टी की भीतरी हालत का भी खुलासा होता है।

आखिर क्या वजह रही कि अपनी ही पार्टी के भीतर बोरिस जॉनसन के बाद नेता चुनी गई लिज ट्रस पर से पार्टी का भरोसा इतनी जल्दी उठ गया? आखिर क्यों 2019 में भारी बहुमत से एक बार फिर सत्ता पर काबिज होने वाली कंजर्वेटिव पार्टी के भीतरी अंतर्विरोध इस हद तक सामने आने लगे कि लिज ट्रस के अपने ही मंत्री उनका साथ छोड़ने लगे? मिनी बजट में लिए गए टैक्स कटौती के फैसले से उठे असंतोष के बाद इसे फटाफट वापस लेना पड़ा और वित्त मंत्री और गृह मंत्री तक को इस्तीफा देना पड़ा?

अब ये सवाल सतह पर तैर रहा है कि क्या भारतीय मूल के ऋषि सुनक लिज ट्रस के बाद ब्रिटेन की बागडोर संभालेंगे? क्या कंजर्वेटिव पार्टी उन्हें इस बार अपना नेता चुन लेगी? बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद से सुनक का नाम चर्चा में रहा है और वह सबसे मजबूत दावेदारों में रहे भी थे, लेकिन लिज ने उन्हें करीब 21 हजार वोटों से हराकर बाजी जीत ली थी।

दरअसल, युवावस्था में लिज ट्रस जिस राजशाही का विरोध करती थीं, उन्हीं महारानी ने उन्हें प्रधानमंत्री घोषित किया और इसके चंद ही दिनों बाद ब्रिटिश महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय ने दुनिया को अलविदा कह दिया। अब बेशक वहां प्रिंस चार्ल्स तृतीय ने राजशाही का ताज पहन लिया हो, लेकिन महारानी के बाद अब राजशाही का वह रूतबा ब्रिटेन में नजर नहीं आता। जाहिर है नया प्रधानमंत्री तय करने का फैसला कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों को ही लेना है और उसपर परंपरागत तरीके से राजशाही की मुहर भर लगनी है।

बचपन में मार्गरेट थैचर को अपना आदर्श मानने वाली और उनकी भूमिका निभाने वाली लिज ट्रस के माता-पिता वामपंथी विचारों के रहे।

ब्रिटेन और आर्थिक हालात

दरअसल, कोरोना काल के बाद जिस तरह दुनिया भर में अर्थव्यवस्था का हाल खराब है, उससे ब्रिटेन समेत पश्चिम के देश खुद को संभाल नहीं पा रहे हैं। इसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध के इतना लंबा खिंचने से हालात और बिगड़ गए हैं। ऐसे में जॉनसन ने 2019 में प्रधानमंत्री बनते ही जिस तरह ब्रेक्जिट समझौते पर मुहर लगाई और 2020 के जनवरी में ब्रिटेन को यूरोपीय यूनियन (ईयू) से अलग कर लिया, उसका स्वागत भी हुआ और विरोध भी।

जाहिर है ये वो वक्त था जब दुनिया कोरोना के सबसे भयानक दौर से गुजर रही थी। कंजर्वेटिव पार्टी 2016 से ही इसके लिए लोगों का भरोसा जीतने में लगी थी कि ब्रिटेन को ईयू के दबाव में नहीं रहना है। तब टेरीजा मे प्रधानमंत्री थीं और बोरिस जॉनसन उनकी सरकार में विदेश मंत्री। प्रधानमंत्री बनने के बाद कई तरह के विवादों में घिरे जॉनसन को इस साल सितंबर में आखिरकार कुर्सी छोड़नी पड़ी और लिज ट्रस बड़े बड़े वादे के साथ प्रधानमंत्री बन गईं।

बचपन में मार्गरेट थैचर को अपना आदर्श मानने वाली और उनकी भूमिका निभाने वाली लिज ट्रस के माता-पिता वामपंथी विचारों के रहे, शायद इसीलिए पहले वो राजशाही का विरोध करती रहीं, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ रहीं, लेकिन बाद में थैचर की पार्टी ही उन्हें पसंद आई। सत्ता की चाह में कई दफा चुनाव लड़ीं और हारीं लेकिन डेविड कैमरन की बदौलत लिज पहली बार 2010 में साउथ वेस्ट नॉरफॉक सुरक्षित सीट से जीत कर सांसद बनीं। और आखिरकार पार्टी ने पीएम भी बनाया लेकिन यहां के बिगड़े हालात को संभालने में नाकाम होकर उन्होंने खुद ही हार मान ली। पार्टी के भीतर से भी लगातार ये दबाव बन रहा था कि उनसे सरकार नहीं चल पा रही। माना जा रहा है कि इसके पीछे ऋषि सुनक के समर्थकों ने तो दबाव बनाया ही, विपक्षी लेबर पार्टी को भी बार बार मौका मिला।

ब्रिटेन की सियासत भारत से अलग रही है, लेकिन कंजर्वेटिव पार्टी की लगातार जीत और बोरिस जॉनसन की लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें वहां के 'मोदी' के तौर पर भी प्रचारित किया गया। ये माना गया था कि 2024 तक जॉनसन बने रहेंगे और उसके बाद भी पार्टी को जीत दिलाएंगे, लेकिन जिस तरह नरेन्द्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को संकट के दौर में भी संभाला और हालात बिगड़ने नहीं दिए, उसकी तुलना में बोरिस जॉनसन कहीं नहीं ठहरे और अपने ही विवादों में उलझकर रह गए।

जाहिर है ऐसे वक्त में ब्रिटेन को एक मजबूत और दीर्घकालिक सोच वाले नेतृत्व की जरूरत है जो अपने देश के लिए सोच समझ कर फैसले ले, आम लोगों के हितों के बारे में सोचते हुए आर्थिक सुधार की योजनाएं बनाए और दुनिया के तमाम देशों से अपने रिश्ते और मजबूत कर सके। जाहिर है ऐसा तभी हो पाएगा जब उसमें पार्टी के भीतरी संकट को दूर करने के साथ अपने सहयोगियों के साथ मिल बैठकर फैसले लेने और उनका भरोसा जीतने की क्षमता हो। ऐसा अगर ऋषि सुनक कर सकेंगे तो जाहिर है बहुमत उनके पक्ष में होगा। फिलहाल ब्रिटेन के लिए आने वाले कुछ दिन अभी हलचल भरे होंगे और सबको इंतजार है कि अब देश की बागडोर कौन संभालेगा।

---

# रूपचौदस: रूप का नरक




कल धनतेरस थी। दो महीने से अख़बारों में कर्मचारियों और पेंशनरों को सरकार के तोहफे, दिवाली के उपहार , खाते में आएंगे एक-एक लाख जैसे जुमले उछल रहे हैं लेकिन आया कुछ नहीं। गया ही गया है। फिर चाहे दूध के दाम हों या सब्जी के। हाँ, ज्योतिषी खरीददारी के लिए अनेक शुभ और श्रेष्ठ मुहूर्त बता रहे हैं। इसलिए उनकी धन तेरस ज़रूर होनी है। उनके लिए कोई महंगाई नहीं है। हर सौदे पर २०-२५ प्रतिशत मुनाफा पक्का। सो धनतेरस जिन के लिए रही होगी वे जानें, हमारे लिए सामान्य दिन जैसा ही रहा है। आज जैसे ही उठे पत्नी ने एक ही रट लगा रखी है- दो हाथ सरसों के तेल के लगा लो, ऐसे ही नहीं चुपड़ना, रगड़ना भी।

हमने कहा- रगड़ाई के लिए हमें कुछ नहीं करना। वह तो सेवक लोग जब, जिसको मौका लगता है हमें ही रगड़ रहा है। व्यापारी और गुंडे तो उनके वश में आते नहीं हैं।

बोली- ये हर बात में सेवक, व्यापारी, राजनीति लाना बंद करो। आज रूपचौदस है। कम से कम आज तो तेल मालिश करके गरम पानी से ढंग से नहा लो। उसके बाद तो सर्दी का बहाना बना कर कभी नहाओगे नहीं, तो कभी ऐसे ही दो लोटे पानी डालकर नहाने का कर्मकांड कर लोगे जैसे सरकारें चुनाव आने पर जगह-जगह शिलान्यास और घोषणाएं कर देती हैं और उसके बाद करना-धरना नहीं।विकास में हिस्सेदारी के बतौर छुटभैय्ये शिलान्यास के पत्थर उखाड़कर ले जाएंगे।

इसी बीच पता नहीं कब तोताराम आगया, बीच में ही बोल उठा- अरे मास्टर, नहा ले। क्या इस मैल को लिए-लिए ही यमराज का स्वागत करेगा ?

हमारी जगह पत्नी ने ही उत्तर दिया- आज के दिन तो कम से कम शुभ-शुभ बोलो लाला, रूपचौदस का दिन है । तुम्हारी चाय कहीं भागी थोड़े ही जा रही थी। आज तो कम से कम नहा-धोकर आते।

अब तो हमें भी हस्तक्षेप करना ही पड़ा। एक बार को अज्ञानी चुप रह सकता है लेकिन जिसे सर्वज्ञता का बहम हो जाए वह टांग अड़ाए बिना नहीं रह सकता। वैसे किन्हीं दो की बात में बीच में बोलना मूर्खता कहलाती है।

हमने कहा- यह रूप ही तो सभी समस्याओं की जड़ है। जिस रूप को लेकर हम खुद को अलौकिक समझते हैं वह भी हर अन्य नश्वर जीव और वस्तु की तरह तरह-तरह से नारकीय ही होता है। हर जन्म लेने वाले को बीमार होना और बूढ़ा होकर मरना ही है। किमाश्चर्यं ? सबको मरते हुए देखकर भी मनुष्य सोचता है कि और जीव अपनी गलतियों-कमियों या अभावों के कारण मरते हैं लेकिन मैं नहीं मरूँगा, मेरे पास क्या कमी है ?

इसीलिए इस रूपचौदस नामक आकर्षक लेकिन भरमाने वाले पर्व को नरकचौदस भी कहा गया है।

तोताराम ने ऐतराज जताया, बोला- फिर भी आदमी मानता कहाँ है ? दिन में दस बार नई-नई ड्रेसें बदलता है, जहां जाता है अपने साथ कई-कई फोटग्राफर ले जाता है, तरह-तरह की फोटो खिंचवाता है, उन्हें हर जगह चिपकवाने का इंतज़ाम करता है। धर्म-कर्म की बजाय हर क्षण कैमरे पर ही निगाह टिकाये रहता है।

अंतिम यात्रा में भी यह सोचकर पूरे मेकअप और दल-बल सहित ऊपर जाना चाहता है कि ऊपर भी उसे वी वी आई पी ट्रीटमेंट मिलेगा। इसका वश चले तो मरने के बाद भी खुद को भुस भरकर भी गद्दी पर स्थापित रखे। तभी तो मिस्र के फराह खुद को पिरामिड में रखवाते थे और साथ में अपने दास-दासी, गहने भोजन आदि।

हमने कहा- इसमें क्या झूठ है ? कहने को पांच तत्त्व माने जाते हैं और मरने के बाद यही कहा जाता है कि अमुक-अमुक सेवक की देह पंचतत्त्व में विलीन हो गई लेकिन ऐसा होता कहाँ है ? ऐसे माया मोह में फंसे लोगों में एक छठा तत्त्व भी होता है जो कभी विलीन नहीं होता। वह है खुराफात।

बोला- तभी तो रामसुखदास जैसे संत कहते हैं कि उनका कोई स्मारक नहीं बनवाया जाए। वे तो फोटो भी नहीं खिंचवाते थे, चरण छुआना तो बहुत दूर की बात। और ये खुद और कैमरे के बीच भगवान तक को नहीं आने देते। इनका वश चले तो ये अपने स्मारक और मूर्ति के ठेके का कमीशन भी जीते जी ही वसूल लें।

हमने कहा- तभी तो ! क्या तूने कभी सुना है कि किसी नेता ने मेडिकल के छात्रों के अध्ययन के लिए अपना 'देह दान' किया हो ?

रूप के नरक में फंसे इन लोगों के लिए ऐसा संभव नहीं। ऐसा भी कोई ज्योति बसु जैसा तत्त्वज्ञानी ही कर सकता है।

तोताराम बोला- तो दिवाली की छुट्टी के बाद देहदान पर गंभीरता से विचार करते हैं।

# घर के बाहर बनानी चाहिए रंगोली लक्ष्मी पूजा में चढ़ाएं पीले चावल



शनिवार, 22 अक्टूबर से धन तेरस के साथ दीपोत्सव शुरू हो रहा है। पंचांग भेद की वजह से कुछ जगहों पर 23 अक्टूबर को धन तेरस है। इसके बाद रूप चौदस और फिर 24 को दीपावली पर लक्ष्मी पूजा की जाएगी। 25 को सूर्य ग्रहण होगा। 26 को गोवर्धन पूजा और 27 को भाई दूज रहेगी। दीपावली के दिनों में देवी लक्ष्मी को आकर्षित करने के लिए पूजा-पाठ के साथ ही अन्य परंपराओं का पालन भी किया जाता है। जैसे घर के बाहर रंगोली बनाना, गौमूत्र का छिड़काव करना, पूजा में पीले चावल चढ़ाना आदि।

**रंगोली बनाने से मन होता है शांत**

घर के बाहर सुंदर रंगोली बनानी चाहिए। इस परंपरा से धर्म के साथ ही मानसिक लाभ भी मिलते हैं। रंगोली पवित्रता बढ़ाती है और घर में उत्सव का माहौल बन जाता है। मान्यता है कि देवी-देवता रंगोली से जल्दी आकर्षित होते हैं। रंगोली बनाने के लिए मन को एकाग्र करना होता है, ये ध्यान लगाने की तरह ही है, जिससे मन शांत होता है। जब कोई व्यक्ति रंगोली के अलग-अलग रंग देखता है, उसका मन प्रसन्न होता है और प्रसन्नता के वह हमारे घर में प्रवेश करता है।

**फूलों की सजावट से बढ़ता है उत्सव मनाने का उत्साह**

दिवाली पर पूरे घर की साफ-सफाई के बाद फूलों से सजावट करने की परंपरा है। अलग-अलग फूलों की सुंदरता और महक से घर में सकारात्मकता बनी रहती है। सुंदर फूलों की सजावट देखकर उत्सव मनाने का उत्साह बढ़ता है। मान्यता है कि देवी-देवताओं को फूल बहुत प्रिय होते हैं। इस वजह से हर एक पूजा में फूल जरूर रखे जाते हैं।

**घर में करें गौमूत्र का छिड़काव**

धर्म के साथ आयुर्वेद में भी गौमूत्र के कई लाभ बताए गए हैं। गौमूत्र पीने से कई रोगों में लाभ होता है। अगर घर में गौमूत्र का छिड़काव किया जाता है तो इसकी तेज गंध वातावरण में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं को नष्ट कर देती है। इसके छिड़काव से वास्तु दोष भी शांत होते हैं।

घर में समय-समय पर गौमूत्र का छिड़काव करते रहना चाहिए। मान्यता है कि जिन घरों ये काम किया जाता है, वहां सभी देवी-देवताओं की विशेष कृपा बनी रहती है।

## दीपावली पर गुरु-शनि का दुर्लभ योग 178 साल बाद

22 अक्टूबर को धनतेरस से दीपोत्सव शुरू हो चुका है। इस बार पंचांग भेद की वजह से धनतेरस 22-23 अक्टूबर को दो दिन रहेगी। 23 को ही रूप चौदस भी रहेगी। दीपावली (24 अक्टूबर) के बाद सूर्य ग्रहण (25 अक्टूबर) होगा। इस वजह से गोवर्धन पूजा 26 को और भाई दूज 27 को रहेगी। ग्रहण की वजह से इस साल दीपोत्सव पांच नहीं छह दिन रहेगा। इस बार दीपावली पर बुध, गुरु, शुक्र और शनि, ये चारों ग्रह अपनी-अपनी राशि में रहेंगे। इस दिन सूर्य नीच का रहेगा। ये भी एक अद्भुत योग है। कार्तिक अमावस्या यानी दीपावली पर पितर देवता अपने पितृ लोक वापस लौट जाते हैं। ज्योतिष के मुताबिक 2022 से पहले गुरु-शनि के स्वराशि में रहते हुए दीपावली 10 नवंबर 1844 को मनाई गई थी। इस साल दीपावली सोमवार को होने से सभी के लिए शुभ फल देने वाली रहेगी। सोमवार को आने वाली दिवाली व्यापारियों भी बहुत अच्छी रहेगी।

**कार्तिक अमावस्या यानी पितरों की विदाई का दिन**

आश्विन मास के कृष्ण पक्ष यानी पितृ पक्ष से लेकर कार्तिक अमावस्या तक पितरों का निवास हमारे घर पर होता है। पितरों के लिए भी दीपावली पर दीप जलाना चाहिए और धूप-ध्यान करना चाहिए। कार्तिक अमावस्या की दोपहर में पितरों के लिए किसी जरूरतमंद व्यक्ति को दूध का दान करना चाहिए। भोजन कराकर वस्त्र दान करना चाहिए। शाम के समय पितरों का विदाई होती है। उस समय घर में और घर के बाहर दीपों की रोशनी करनी चाहिए।



## दिवाली पर जरूर पढ़ें या सुनें इस साहूकार की कथा



हर साल दिवाली पर पर्व मनाया जाता है और इस दिन की एक पौराणिक कथा है जो आज हम आपको बताने जा रहे हैं। आइए आपको बताते हैं क्या है दिवाली की पौराणिक कथा।

एक पौराणिक कथा के अनुसार, एक गांव में साहूकार रहता था। उसकी बेटी हर दिन पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाने के लिए जाती थी। जिस पीपल के पेड़ पर वह जल चढ़ाती थी, उस पेड़ पर मां लक्ष्मी का वास था। एक दिन लक्ष्मीजी ने साहूकार की बेटी से कहा कि वह उसकी मित्र बनना चाहती हैं। लड़की ने जवाब में कहा कि वह अपने पिता से पूछकर बताएगी। घर आकर साहूकार की बेटी ने पूरी बात बताई। बेटी की बात सुनकर साहूकार ने हां कर दी। दूसरे दिन साहूकार की बेटी ने लक्ष्मीजी को सहेली बना लिया। दोनों अच्छी सखियों की तरह एक-दूसरे से बातें करतीं।

एक दिन लक्ष्मीजी साहूकार की बेटी को अपने घर ले आईं। लक्ष्मी जी ने अपने घर में साहूकार की बेटी का खूब आदर किया और पकवान परोसे। जब साहूकार की बेटी अपने घर लौटने लगी तो लक्ष्मीजी ने उससे पूछा कि वह उन्हें कब अपने घर बुलाएगी। साहूकार की बेटी ने लक्ष्मी जी को अपने घर बुला लिया, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह स्वागत करने में घबरा रही थी कि क्या वह अच्छे तरह से स्वागत कर पाएगी। साहूकार अपनी बेटी की मनोदशा को समझ गया। उसने बेटी को समझाते हुए कहा कि वह परेशान न हो और फौरन घर की साफ-सफाई कर चौका मिट्टी से लगा दे।

चार बत्ती वाला दीया लक्ष्मी जी के नाम से जलाने के लिए भी साहूकार ने अपनी बेटी से कहा। उसी समय एक चील किसी रानी का नौलखा हार लेकर साहूकार के घर आ गया। साहूकार की बेटी ने उस हार को बेचकर भोजन की तैयारी की। थोड़ी ही देर में मां लक्ष्मी भगवान गणेश के साथ साहूकार के घर आईं और साहूकार के स्वागत से प्रसन्न होकर उसपर अपनी कृपा बरसाई। लक्ष्मी जी की कृपा से साहूकार के पास किसी चीज की फिर कभी कमी न हुई।

## दिवाली पर इन 5 मुख्य जगहों पर जलाएं दीपक



दीपावली के त्यौहार को रोशनी का त्योहार भी कहा जाता है। दीपावली हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस दिन रात्रि के समय धन की देवी माता लक्ष्मी का विधि विधान से पूजन किया जाता है और घर के प्रत्येक स्थान को स्वच्छ कर वहां दीपक लगाए जाते हैं। ऐसी मानता है कि ऐसा करने से धन की देवी लक्ष्मी प्रसन्न होकर घर से आर्थिक तंगी और दरिद्रता का नाश करती हैं।

भारतवर्ष के प्रत्येक राज्य में दिए लगाने की अलग-अलग परंपराएं और मान्यताएं हैं। कई राज्यों में सम संख्या में दिए लगाए जाते हैं तो कई जगहों पर विषम संख्या में भी दीपक लगाए जाते हैं। भोपाल के रहने वाले ज्योतिषी एवं पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा बता रहे हैं इन 5 मुख्य जगह पर दीपक लगाने चाहिए।

**इन 5 मुख्य जगहों पर जलाएं दीये**

-दिवाली से पहले धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी के साथ यमराज के लिए भी घर के चारों ओर दीप जलाकर उनकी पूजा की जाती है। मान्यता है कि धनतेरस की शाम को मुख्य द्वार पर और घर के अंदर अलग-अलग जगहों पर दीप जलाने चाहिए।

-धनतेरस के बाद नरक चतुर्दशी मतलब छोटी दीवाली मनाई जाती है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन बहुत से लोग घर में 14 दीपक जलाते हैं लेकिन आप चाहे तो 5 दीपक भी जला सकते हैं।

-दिवाली के दिन माता लक्ष्मी भगवान गणेश के साथ घर के आभूषणों आदि का पूजन किया जाता है। इस दिन 26 दीपों के बीच एक तेल का दीपक रखकर उसके चारों बातियों को प्रज्वलित करना चाहिए। इस दीपमाला का पूजन करके इन दीपों को घर के अलग-अलग स्थानों पर रखें। ध्यान रखें कि 4, 7, 9 बत्ती वाला दीपक रातभर जलता रहे।

## दिवाली पर जिमीकंद की सब्जी खाना होता है बेहद शुभ

**दिवाली पर क्यों बनाई जाती है जिमीकंद की सब्जी**

आपको जानकारी के लिए बता दें कि जिमीकंद को जड़ से काट देने के बाद भी यह दोबारा उग आता है। यही कारण है कि दिवाली पर जिमीकंद को बढ़ती सुख-समृद्धि और धन के भंडारण से जोड़कर देखा जाता है। इसी लिए दिवाली वाले दिन जिमीकंद की सब्जी को बनाने की मान्यता है। मान्यता ये भी है कि दिवाली पर जिमीकंद की सब्जी खाने से धन संपत्ति बढ़ती है और कभी खत्म नहीं होती है।

**पोषक तत्वों से भरपूर जिमीकंद**

जिमीकंद कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसे खाने से हमारे शरीर



को की सारे फायदे होते हैं। जिमीकंद में फाइबर की मात्रा की ज्यादा होती है। गठिया और जोड़ों के दर्द में जिमीकंद खाना बेहद फायदेमंद होता है। इसके अलावा इसमें कैल्शियम और आयरन मौजूद होता है जो हड्डियों के लिए लाभदायक होता है।

**शरीर के लिए फायदेमंद जिमीकंद**

गौर हो कि वास्तव में जिमीकंद एक जड़ है, जो एक कंद के रूप में अपने आप ही उग आता है। जिमीकंद में एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जिमीकंद खाने से हमारे शरीर को भी फायदा होता है।

**खून की कमी दूर करता है**

बता दें कि जिमीकंद खाने से खून की कमी दूर होती है। जिमीकंद में भरपूर मात्रा में आयरन मौजूद होता है, जिससे हमारे शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ता है। जिन लोगों को एनीमिया की शिकायत रहती है, उन्हें जिमीकंद का सेवन जरूर करना चाहिए।

## देवी लक्ष्मी को प्रिय है लाल वस्त्र दिवाली पर ऐसे करें मां का शृंगार




हिंदू धर्म में दिवाली सबसे बड़े त्यौहारों में से एक हैं। दिवाली का त्यौहार धनतेरस से शुरू होकर भाई दूज तक चलता है। बता दें कि दिवाली वाली रात मां लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा करने की मान्यता है। देवी लक्ष्मी न सिर्फ धन की देवी हैं बल्कि उनमें संतान लक्ष्मी, धान्य लक्ष्मी और वैभव लक्ष्मी सहित आठ और स्वरूप समाहित हैं। ऐसे में मां लक्ष्मी की पूजा करना बेहद शुभ माना जाता है। पूजा करने से पहले देवी लक्ष्मी का शृंगार किया जाता है। आज हम यहां आपको बताएंगे कि दिवाली पर मां लक्ष्मी का शृंगार कैसे करें।

**मां को करवाएं स्नान**

आपको बता दें कि देवी लक्ष्मी गंगा जा को अपनी बहन मानती हैं। इसलिए कई घरों में दिवाली पर देवी लक्ष्मी के साथ-साथ गंगा जी की पूजा भी का जाती है। आप पूजा करने से पहले देवी लक्ष्मी को स्नान करनाएं। अगर आप मिट्टी की मूर्ति से पूजा करने वाले हैं तो आप मूर्ति पर गंगा जल का छिड़काव ही करें।

**लाल रंग के वस्त्र करें अर्पित**

देवी लक्ष्मी को लाल रंग बेहद प्रिय है। मां लक्ष्मी लाल रंग के वस्त्र ही धारण करती हैं। इसलिए स्नान के बाद देवी लक्ष्मी को लाल रंग के वस्त्र ही अर्पित करें। हालांकि, देवी लक्ष्मी अलग-अलग रंग के वस्त्र धारण करती हैं। लेकिन देवी लक्ष्मी को लाल रंग सबसे ज्यादा प्रिय है।

**मां को पसंद है शृंगार**

मां लक्ष्मी को शृंगार बेहद पसंद है। बता दें कि महिलाओं को उन्हें सोलह शृंगार की सारी चीजें अर्पित करनी चाहिए। मां लक्ष्मी को लाल कांच की चूड़ियां जरूर चढ़ानी चाहिए। इसके बाद वही चूड़ियां खुद धारण कर लेनी चाहिए।

**लक्ष्मी जी चढ़ाएं सुगंध और सिंदूर**

लक्ष्मी जी के शृंगार का सबसे अहम हिस्सा इत्र है। मां को सुगंध बेहद प्रिय है। कहा जाता है कि जो घर साफ-सुथरा और सुगंध से भरा रहता है, देवी लक्ष्मी वहां वास करती हैं। इसके अलावा, देवी लक्ष्मी को कमल का फूल जरूर अर्पित करें। इस सबके बाद देवी लक्ष्मी को 5 से 7 बार सिंदूर भी अर्पित करना चाहिए।

## श्रीनगर में एसआईए का विभिन्न जगहों पर छापा, कार्रवाई जारी

श्रीनगर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में अलग-अलग जगहों पर राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) की टीम ने छापेमारी की है। सूत्रों के अनुसार, श्रीनगर रेजीडेंसी रोड सहित अन्य जगहों पर एसआईए की टीम सुरक्षाबलों के साथ पहुंची है। इन जगहों पर जांच की जा रही है। फिलहाल एजेंसी की तरफ से इस पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

# राहुल गांधी आएंगे दिल्ली, नई टीम चुनेंगे खड़गे

## सीडब्ल्यूसी चुनाव से पहले बड़े फेरबदल की ओर कांग्रेस



नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के बाद पार्टी में अब पदों के लिए चहलकदमी तेज हो गई है। नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 26 अक्टूबर को औपचारिक रूप से पद संभालेंगे। खबर है कि इसके साथ ही वह कांग्रेस में संगठन स्तर पर बड़े बदलाव की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, इसे लेकर पार्टी की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पद संभालने के बाद खड़गे कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) समेत कई विभागों में सुधार करेंगे। इसके अलावा वरिष्ठ नेता महासचिवों और सचिव समेत ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) में नई टीम चुनेंगे। अब एआईसीसी में महासचिव (संगठन) के लिए नेताओं ने गतिविधियां तेज कर दी है। लहाल, यह पद केसी वेणुगोपाल संभाल रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि अध्यक्ष के दक्षिण भारत से होने के चलते यह पोस्ट उत्तर भारतीय को दी जा सकती है।

**सत्र बुलाएं खड़गे**

संभावनाएं जताई जा रही हैं कि खड़गे इस साल के अंत तक एआईसीसी का पूर्ण सत्र बुला सकते हैं। खास बात है कि उस दौरान ही सीडब्ल्यूसी के चुनाव होने हैं, जिसमें 12 सदस्य चुने जाएंगे।

एआईसीसी के लगभग 1400 सदस्य सीडब्ल्यूसी सदस्यों का चुनाव करेंगे। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि खड़गे सीडब्ल्यूसी चुनाव में अपनी टीम को एकसाथ करने के लिए एआईसीसी के शीर्ष पदों पर नियुक्तियां भी करेंगे। 23 सदस्यीय सीडब्ल्यूसी पार्टी में फैसला लेने में सबसे अहम भूमिका निभाती है। इसके 12 सदस्य चुने जाएंगे। जबकि, 11 को नामित किया जाएगा। पूर्ण सत्र में शामिल होने वाले सदस्य सदस्य चुनेंगे।

कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक 'भारत जोड़ो' यात्रा में शामिल राहुल गांधी भी पदयात्रा छोड़कर दिल्ली आने की तैयारियां कर रहे हैं। वह खड़गे के पद संभालने के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली यात्रा के लिए वह दो दिनों का ब्रेक ले रहे हैं। फिलहाल, 3500 किमी से ज्यादा लंबी यात्रा आंध्र प्रदेश पड़ाव पर है।

## ब्लैकमेलर अर्चना नाग का पति भुवनेश्वर स्थित घर से गिरफ्तार



भुवनेश्वर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रभावशाली लोगों को कथित रूप से ब्लैकमेल करने के आरोप में अर्चना नाग की गिरफ्तारी के लगभग 15 दिनों बाद, उनके पति जगबंधु चंद को शुक्रवार को भुवनेश्वर में उनके सत्य विहार आवास से गिरफ्तार किया गया, पुलिस ने कहा. उन्होंने कहा कि दंपति पर राजनेताओं, व्यापारियों और फिल्म निर्माताओं सहित अन्य प्रभावशाली लोगों को ब्लैकमेल करने का आरोप है. भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त प्रतीक सिंह ने कहा, हमने जगबंधु चंद को गिरफ्तार किया है, जिन्हें अदालत में पेश किए जाने पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. कथित रैकेट से संबंध रखने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. चंद को गिरफ्तार करने में देरी के आरोप के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, हम सबूतों का विश्लेषण कर रहे थे और मामले की जांच कर रहे थे. एक बार प्रथम दृष्टया स्थापित होने के बाद हमने उसे गिरफ्तार कर लिया. अर्चना 6 अक्टूबर को गिरफ्तारी के बाद से झारपाड़ा विशेष जेल में बंद है.

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 15 दिन में दो बार सांसदों को दी डिनर पार्टी

**नहीं आए तृणमूल कांग्रेस वाले**



नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इन दिनों ऐसा लग रहा है जैसे वह विपक्षी दलों के साथ अपने रिश्ते को बदलना चाहते हैं। राष्ट्रपति चुने जाने के पहले वह पश्चिम बंगाल के गवर्नर थे और उस समय ममता सरकार के साथ उनकी खूब बहस हुआ करती थी। कई बार सार्वजनिक कार्यक्रमों से ही जगदीप धनखड़ ने ममता बनर्जी सरकार की आलोचना की थी, जिसको लेकर वह तृणमूल कांग्रेस के निशाने पर भी रहते थे। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि उपराष्ट्रपति बनने के बाद जगदीप धनखड़ अपनी छवि बदलने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले सप्ताह जगदीप धनखड़ ने सदन के नेताओं के लिए डिनर का आयोजन किया था। वहीं इस सप्ताह भी उन्होंने 40 राज्यसभा सांसदों को रात्रि भोज पर आमंत्रित किया। इस दौरान कई सांसद असमंजस में भी पड़े रहे कि आखिर जगदीप धनखड़ उनके प्रति ऐसा व्यवहार क्यों कर रहे हैं। हालांकि जिन 40 सांसदों को जगदीप धनखड़ ने डिनर पर बुलाया, उसमें तृणमूल कांग्रेस का कोई भी सांसद नहीं था। ऐसा लगता है जैसे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में उनके कार्यकाल को अभी तक टीएमसी भूली नहीं है।

हालांकि जगदीप धनखड़ की डिनर पार्टी में दस डीएमके सांसदों की मौजूदगी थी। वहीं जब उपराष्ट्रपति को पता चला कि कनिमोझी एनवीएन सोमू का जन्मदिन है, तो उन्होंने केक काटने की रस्म भी अदा की। कई नेता इशारों में यह पता करने की कोशिश कर रहे थे कि इन सब के पीछे अगर क्या बात है? जगदीप धनखड़ जब पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे, तब ममता सरकार के साथ उनकी खूब बहस होती थी। जब 2021 बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे आए, उसके बाद राज्य में जो हिंसा हुई उसको लेकर तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने ममता सरकार की तीखी आलोचना की थी। इसको लेकर भी तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने जगदीप धनखड़ पर निशाना साधा था। बता दें कि एक हफ्ते पहले जगदीप धनखड़ गुजरात के नर्मदा जिले के केवड़िया जिले में स्टैचू ऑफ यूनिटी देखने भी पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने ट्वीट कर लौह पुरुष सरदार पटेल को नमन किया था। बता दें कि जगदीप धनखड़ कांग्रेस पार्टी में भी रह चुके हैं और पार्टी के टिकट पर विधायक भी बन चुके हैं।

# मुस्लिम बहुल दानीलिमिडा में ओवैसी का नया दांव

## क्या है एआईएमआईएम का गुजरात को लेकर प्लान



अहमदाबाद, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात विधानसभा चुनाव में पहली बार एआईएमआईएम भी चुनाव लड़ रही है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का पूरा फोकस दलित और मुस्लिम वोटों पर है। 2021 में हुए स्थानीय निकाय के चुनाव में 26 सीटों पर एआईएमआईएम को जीत हासिल हुई थी। वहीं मई 2022 के बाद से ही लगातार असदुद्दीन ओवैसी गुजरात का दौरा कर रहे हैं। ओवैसी की पार्टी गुजरात में 40 से 45 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। हालांकि अभी तक पार्टी ने 5 उम्मीदवार ही उतारे हैं। अहमदाबाद की 3 सीटों और सूरत की 2 सीटों पर पार्टी ने प्रत्याशी उतार दिए हैं। पांच उम्मीदवारों में चार पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।

कांग्रेस के लिए पहले ही आम आदमी पार्टी ने मुश्किलें खड़ी की थीं वहीं अब एआईएमआईएम से भी उसे मुस्लिम वोटों के नुकसान का खतरा बढ़ गया है। एआईएमआईएम कांग्रेस के गढ़ में अपना पूरा फोकस कर रही है। दरअसल दानीलिमिडा सीट मुस्लिम बाहुल्य सीट है और इस सीट पर कुल करीब 2 लाख 62 हजार वोटर हैं, जिसमें 1,72,000 से अधिक वोटर मुस्लिम समुदाय से आते हैं। यह सीट दलितों के लिए आरक्षित सीट है और इस सीट पर पार्टी ने दलित महिला कौशिका परमार को उम्मीदवार बनाया है। एआईएमआईएम उम्मीदवार आने से मुस्लिम वोटों में बंटवारा हो सकता है, जिसका सीधा नुकसान कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को हो सकता है।

एआईएमआईएम गुजरात के प्रमुख साबिर काबलीवाला ने इसे खारिज करते हुए कहा कि अगर कोई पार्टी राज्य में विपक्ष के वोट को विभाजित कर रही है, तो वह आम आदमी पार्टी है। आप को छोटा चार्जर कहते हुए काबुलीवाला कहते हैं, "आप का राज्य में कोई पार्टी स्तर का संगठन नहीं है और न ही यह किसी ऐसे उम्मीदवार को खड़ा कर रही है जो चुनाव जीत सकता है। उन्हें सूरत नगर निगम (पिछले साल) में कुछ सीटें सिर्फ इसलिए मिलीं क्योंकि जनता में भाजपा के प्रति असंतोष था।"

बता दें कि कई ओपिनियन पोल में भी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच वोट बंटने का अंदेशा जताया गया है। जमालपुर-खड़िया के मौजूदा विधायक इमरान खेड़ावाला ने इस महीने की शुरुआत में द इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक साक्षात्कार में एआईएमआईएम के इरादों पर सवाल उठाया था।

# कूनो में मिला गड़ा खजाना

## खुदाई में मिले 42 प्राचीन सिक्के



श्योपुर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश का कूनो नेशनल पार्क फिर चर्चा में है। चर्चा का कारण इस बार नामीबियाई चीते नहीं, बल्कि जमीन में गड़ा खजाना मिलने की बात है। पार्क की खुदाई में गुरुवार को 42 पुराने सिक्के मिले हैं। प्रशासन ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इधर पालपुर राजघराने के वंशज ने थोड़े ही सिक्के बताने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कूनो पार्क में खुदाई के दौरान 42 प्राचीन सिक्के मिले हैं। ये सिक्के क्वीन विक्टोरिया, ग्वालियर रियासत और मुगल कालीन बताए गए हैं। 42 में से 35 सिक्कों पर तो फारसी में कुछ लिखा बताया जा रहा है। पांच सिक्के क्वीन विक्टोरिया के समय 1840 के हैं। शेष दो सिक्कों पर ग्वालियर रियासत लिखा पाया गया है, जो तांबे जैसी धातु वाले हैं।

श्योपुर के पुलिस अधीक्षक आलोककुमार सिंह का कहना है कि पार्क के अंदर पालपुर राजघराने की पुरानी गढ़ी बनी हुई है। यहां खुदाई की जा रही थी। इस दौरान पुराने सिक्के मिले हैं। इनकी संख्या 42 बताई गई है, वहीं वजन 480 ग्राम है। सेसईपुरा थाना पुलिस ने इन्हें जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय करेंसी पर सुभाष चंद्र बोस की फोटो की मांग

## हिंदू महासभा ने कहा- स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी का योगदान राष्ट्रपिता से कम नहीं था



कोलकाता, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। अखिल भारत हिंदू महासभा (एबीएचएम) ने भारतीय करेंसी पर महात्मा गांधी की जगह नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर छापने की मांग की है। हिंदू महासभा का तर्क है कि स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी का योगदान राष्ट्रपिता से कम नहीं था। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में हिंदू महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रचूड़ गोस्वामी ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि यह नेताजी सुभाष चंद्र बोस को सम्मानित करने का सबसे अच्छा तरीका है। गोस्वामी के मुताबिक भारतीय करेंसी पर गांधीजी की तस्वीर हटाकर नेताजी की तस्वीर लगानी चाहिए।

**टीएमसी-कांग्रेस ने की आलोचना**

गोस्वामी के इस मांग को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और कांग्रेस के नेताओं ने निशाना साधा है। इन पार्टियों का मानना है कि इन सब के पीछे भाजपा है। भाजपा को बंगाल में विभाजनकारी राजनीति को बंद कर देना चाहिए। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि देश की आजादी में गांधी जी की अहम भूमिका थी। हम सभी जानते हैं कि राष्ट्रपिता की हत्या के पीछे किसका हाथ था। उन्होंने कहा कि गांधी जी के आदर्शों की रोज हत्या हो रही है।

**बंगाल में पंचायत चुनाव लड़ेंगे गोस्वामी**

गोस्वामी ने पश्चिम बंगाल में होने वाले पंचायत चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में हिंदू बंगालियों पर रोज हमले हो रहे हैं। उनकी रक्षा करने में न तो टीएमसी सक्षम है और न ही भाजपा। हम उनके अधिकारों के लिए लड़ेंगे। गोस्वामी ने कहा कि भाजपा ने बंगाल विभाजन की मांग की है, हम उसका समर्थन नहीं करते। हम राज्य को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। वहीं, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी मतदाताओं को किसी विशेष समुदाय या धर्म के चश्मे से नहीं देखती है।

**कोलकाता के पंडाल में महिषासुर की जगह गांधी को दिखाया**

हाल ही कोलकाता के एक दुर्गा पंडाल में महिषासुर की जगह गांधी जी को दिखाया गया था, जिसको लेकर काफी हंगामा भी हुआ। यह पूजा पंडाल अखिल भारत हिंदू महासभा की ओर से ही बनाया गया था। टीएमसी,भाजपा, सीपीआई-एम और कांग्रेस सहित सभी राजनैतिक दलों ने इसकी आलोचना की थी। हालांकि, बाद में प्रतिमा को बदल दिया गया था। इस विवाद पर गोस्वामी कहा कि महिषासुर के रूप में गांधीजी का चित्रण अनजाने में हुआ था।

## सिरसा के 5 करोड़ की हेरोइन पकड़ी

**एनएच-9 से 2 युवकों को किया गया गिरफ्तार; दिल्ली से लाए थे नशा**

सिरसा, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा नशे तस्करी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सीआईए डबवाली पुलिस ने 2 युवाओं को काबू किया। उनके कब्जे से 1 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसी कीमत करीब 5 करोड़ रुपए बताई जा रही है। डिंग थाना में 3 लोगों के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया है।

दोनों आरोपी पिछले तीन चार साल से ये काम कर रहे है। एसपी डॉ. अर्पित जैन ने बताया कि चोपटा एसएचओ राम कुमार व सीआईए डबवाली प्रभारी प्रेम कुमार के प्रयासों से 2 नशा तस्करों को डिंग मंडी मोड से काबू किया है। सीआईए डबवाली पुलिस टीम बस अड्डा डिंग से हाईवे न.9 से होते हुए सिरसा की तरफ जा रही थी। हाईवे के बाई तरफ पेट्रोल पम्प डिंग के पास पहुंचे तो पेट्रोल पम्प के साथ बने चाय के खोखे के पास 2 नौजवान लड़के खड़े दिखाई दिए। पुलिस गाड़ी को देख दोनों सिरसा की तरफ तेज-तेज कदमों से जाने लगे। पुलिस को शक हुआ। शक के बिनाह पर दोनों को रोका गया। राजपत्रित अधिकारी विनोद कुमार की मौजूदगी में दोनों युवकों की तलाशी ली गई तो उनके कब्जा से 1 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को तुरंत काबू कर लिया।

पकड़े गए युवकों की पहचान गुलाम नबी और सदाम के रूप में हुई है। एएसआई सुरेश कुमार की शिकायत पर डिंग थाना में अभियोग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई को लेकर जिला पुलिस द्वारा दोपहर बाद पूरी जानकारी दी जाएगी।पुलिस के अनुसार पकड़ी गई 5 किलो हेरोइन की कीमत एक करोड़ के करीब है।

## भोपाल में भारत पेट्रोलियम डिपो में डीजल टैंक फटने से लगी आग, 7 कर्मचारी घायल

भोपाल, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भोपाल के खजूरी थाना क्षेत्र स्थित बकानिया भारत पेट्रोलियम डिपो में शुक्रवार रात रिफिलिंग के दौरान आग लगने से सात लोग झुलस गए। घायलों को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बकानिया भारत पेट्रोलियम डिपो में खड़े एक टैंकर में आ लग गयी, जिसकी चपेट में आने से सात लोग झुलस गए। घायलों में एक कर्मचारी और छह ड्राइवर और कंडक्टर शामिल हैं, जन्हें चिरायु अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से दो की हालत गंभीर बतायी गई है। बताया जा रहा है कि फिलिंग पॉइंट पर टैंकर में ईंधन भरते समय विस्फोट हो गया और आग लग गयी। घटना की सूचना के बाद गांधीनगर और बैरागढ़ से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और वहां लगी आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया।

# पुणे के होटल में आग लगने से 10 साल की बच्ची की मौत

पुणे, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे में शनिवार को एक होटल में आग लगने से 10 साल की मासूम की जान चली गई. शहर के सदाशिव पेठ इलाके के भिकरदास मारुति मंदिर के पास एक होटल में आग लगी थी. हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और राहत बचाव कार्य शुरू किया. बच्ची होटल के अंदर ही फंसी थी. जवानों ने बड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को बाहर निकाला लेकिन तब तक मासूम बुरी तरह झुलस गई थी. उसे फौरन सूर्या अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. हादसे में जान गंवाने वाली बच्ची की पहचान इकरा नईम खान के रूप में हुई है. राहत बचाव के दौरान जवानों ने होटल के अंदर से रसोई गैस के तीन सिलेंडरों को भी निकाला, नहीं तो उनके फटने से स्थिति और भी भयानक हो सकती थी. स्थानीय मीडिया के मुताबिक, सूचना मिलने के बाद सुबह 10 बजकर 52 मिनट पर फायर ब्रिगेड की टीम भिकरदास मारुति मंदिर के पास होटल में लगी आग बुझाने पहुंची थी. 11:05 बजे फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया था.

## हेलीकॉप्टर हादसे में पांचवें जवान का भी शव बरामद

# एटीसी को मिली थी तकनीकी खराबी की सूचना



ईटानगर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश में शुक्रवार को हुए सेना के हेलीकॉप्टर हादसे में जान गंवाने वाले पांचवें जवान का शव भी बरामद कर लिया गया है। कल तक चार जवानों के शव सर्च ऑपरेशन के दौरान मिले थे। आज सुबह-सुबह चलाए गए अभियान में हेलीकॉप्टर में सवार पांचवे जवान के शव को भी खोज निकाला गया है। वहीं इस हादसे में अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना से ठीक पहले विमान में तकनीकी खराबी की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि हादसे से ठीक पहले एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को एक इमरजेंसी कॉल प्राप्त हुई थी। इसमें विमान में तकनीकी खराबी की बात कही गई थी।

**कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में बनेगा जांच का आधार**

विमान में तकनीकी खराबी की बात कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में जांच का आधार बनेगी। दरअसल, विमान हादसे का पता लगाने के लिए सेना की ओर से कोर्ट ऑफ इंक्वायरी गठित की गई है। सेना की ओर से बताया गया है कि उड़ान संचालन के दौरान मौसम अच्छा था। पायलटों के पास एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (वेपन सिस्टम इंटीग्रेटेड) पर 600 से अधिक संयुक्त उड़ान घंटे और उनके बीच 1800 से अधिक सेवा उड़ान घंटे का अनुभव था। इस हेलीकॉप्टर को जून, 2015 में सेवा में शामिल किया गया था।

**एक महीने में दूसरा सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त**

अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सियांग जिले में शुक्रवार को सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस महीने अरुणाचल में यह दूसरा सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एएस वालिया ने बताया कि हादसा चीन सीमा से करीब 35 किमी दूर घने पहाड़ी क्षेत्र में हुआ। एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) डब्ल्यूएसआई रुद्र एमआई-4 ने लेकाबली से उड़ान भरी थी। यह नियमित उड़ान थी। सुबह 10:43 बजे जिला मुख्यालय टूटिंग से करीब 25 किमी दक्षिण मिगिंग में हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हुआ।

**पहला स्वदेशी सशस्त्र हेलीकॉप्टर है रुद्र**

रुद्र, हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) में बना है। देश के पहले स्वदेशी सशस्त्र हेलीकॉप्टर को खासतौर से भारतीय सेना के लिए युद्धक हेलीकॉप्टर के तौर पर तैयार किया गया है। यह ध्रुव एएलएच का एमके-4 वेरिएंट था और एकीकृत हथियार प्रणाली से लैस था।



# दिवाली पर एमपी में बारिश

## बंगाल की खाड़ी में सिस्टम एक्टिव, जबलपुर, शहडोल, रीवा-सागर में बारिश का अलर्ट

भोपाल, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। दशहरे के बाद अब दिवाली भी बारिश के बीच मन सकती है। बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम एक्टिव हुआ है। यह सिस्टम दिवाली के दिन मध्यप्रदेश के कई जिलों को भिगो सकता है। खासकर जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में हल्की बारिश का अलर्ट है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो भोपाल में दीवाली बादलों के बीच मन सकती है। इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में मौसम साफ रहेगा। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि 21 अक्टूबर से बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती सिस्टम एक्टिव हुआ है। इसका प्रभाव छत्तीसगढ़ और पूर्वी मध्यप्रदेश में पड़ सकता है। यह सिस्टम 25 अक्टूबर तक रहेगा। इससे शहडोल, जबलपुर, रीवा और सागर संभाग में हल्की बारिश हो सकती है। बाकी शहरों में बादल छाए रहेंगे।

**पोस्ट मानसून की बारिश**


मौसम वैज्ञानिक पांडे के अनुसार, मुख्य मानसून की विदाई हो चुकी है। 25 अक्टूबर तक पोस्ट मानसून एक्टिव रहेगा, हालांकि, उसका असर पूरे प्रदेश पर नहीं रहेगा।

**दो साल से अक्टूबर में ही पड़ने लगी ठंड**

मध्यप्रदेश में 14 अक्टूबर को मानसून की विदाई हो गई। अब पोस्ट मानसून का सीजन शुरू हो गया है। पाकिस्तान से आने वाली हवाओं और मौसम से नमी खत्म होने से ठंड होना शुरू हो जाता है। अभी सुबह और रात में ठंडक है। हालांकि, मौसम बदलने से रात के पारे में एक से दो डिग्री तक बढ़ोतरी होने की बात कही जा रही है।

**बारिश का पैटर्न बदला**

अब मानसून की एंट्री के बाद कुछ ब्रेक सा लग जाता है। ऐसे में जुलाई में भी बहुत ज्यादा बारिश नहीं हो रही है। बीते दो साल से अगस्त और सितंबर भी सबसे ज्यादा बारिश यानी कोटे का 70% से 80% पानी गिरता है। वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि पहले इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर में ज्यादा बारिश होती थी, लेकिन कम बारिश वाले बघेलखंड, बुंदेलखंड और ग्वालियर-चंबल ज्यादा तरबतर होने लगे हैं। यह सीधे-सीधे मौसम के बदलाव के कारण हो रहा है।





# तेजी से बढ़ रहा था ड्रोन बनाने वाली कंपनी का शेयर, बीएसई को सफाई देते ही डूबे पैसे

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। ड्रोन बनाने वाली कंपनी ज़ेन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर में इस हफ्ते उतार-चढ़ाव का माहौल रहा। 17 अक्टूबर के दिन कंपनी का शेयर भाव 196 रुपये पर था, जो अगले ही कारोबारी दिन यानी 18 अक्टूबर को 211 रुपये के भाव तक पहुंच गया। ज़ेन टेक्नोलॉजीज लिमिटेडके शेयर में अचानक आई इतनी बड़ी तेजी को देखकर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने स्पष्टीकरण मांगा। कंपनी की ओर से सफाई देते ही यह शेयर एक बार फिर बिकवाली के मूड में आ गया। इस वजह से निवेशकों की बड़ी रकम डूब गई। शेयर का भावः सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर का भाव 201.45 रुपये था, जो एक दिन पहले के मुकाबले 2.61% की गिरावट को दिखाता है। वहीं, कंपनी का मार्केट कैपिटल भी 1,601.73 करोड़ रुपये पर ठहर गया। बता दें कि 15 दिसंबर 2021 को शेयर का भाव 257.70 रुपये के स्तर तक गया था। इसके बाद से ही शेयर में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। वहीं, मई माह में 144 रुपये का स्तर रहा जो शेयर के 52 वीक का लो लेवल है। क्या कहा कंपनी नेः शेयर में अचानक आई तेजी पर ज़ेन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने कहा- हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि कंपनी ने सेबी के नियमों के अनुसार सभी जरूरी जानकारियां दी हैं। ऐसी कोई महत्वपूर्ण जानकारी / घोषणा नहीं है, जिसमें हमारी राय का शेयर के भाव पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए, यह उतार-चढ़ाव विशुद्ध रूप से बाजार की स्थितियों और माहौल के कारण है।

# वित्त मंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र

## बोलीं- इंजीनियरिंग ग्रेजुएट से 12वीं पास तक के लिए मौका



चेन्नई, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र के 'रोजगार मेले' ने इंजीनियरिंग स्नातकों और प्लस टू तक शिक्षित लोगों के लिए भी रोजगार का अवसर सुनिश्चित किया है। आईसीएफ चेन्नई में आयोजित रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों में नए भर्ती हुए लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने युवाओं को रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए हैं। नवनियुक्तों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि कई युवाओं को उनके अपने गृह राज्य में नियुक्ति मिली है। सीतारमण ने कहा "यहाँ एक इंजीनियर है जो आयकर विभाग में निरीक्षक के रूप में आया है, एक बैंक में एक परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में और दूसरा जीएसटी निरीक्षक के रूप में। कई युवाओं को उनके निवास स्थान या उनके मूल राज्य में नौकरी मिली।" वित्त मंत्री ने जिन 250 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए उनमें झारखंड और उत्तर प्रदेश के भी एक-एक उम्मीदवार थे। केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस अवसर पर सांकेतिक रूप से 25 से अधिक नियुक्त लोगों को पत्र सौंपा। इनमें ग्रुप ए, ग्रुप बी (राजपत्रित), ग्रुप बी (अराजपत्रित) और ग्रुप सी श्रेणी श्रेणी के कर्मचारी शामिल थे। इस दौरान भारतीय तटरक्षक, बैंकों व अन्य सरकारी विभागों में चयनितों और आयकर विभाग के दो इंस्पेक्टर, एक-एक कर सहायक सहित तीन उम्मीदवारों को भी नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, सीबीआईसी के अध्यक्ष विवेक जौहरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश भर में 10 लाख लोगों की भर्ती के लिए 'रोजगार मेला' का शुभारंभ किया है। उन्होंने जून में विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों से अगले डेढ़ साल में लोगों को 'मिशन मोड' पर भर्ती करने के लिए कहा था।

# आम्रपाली ग्रुप के संस्थापक अनिल शर्मा की अंतरिम जमानत बढ़ी

## स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला



नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को एक विशेष सीटिंग के दौरान आम्रपाली समूह के संस्थापक अनिल शर्मा को दी गई अंतरिम जमानत को मेडिकल स्थिति के आधार पर बढ़ा दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने अनिल शर्मा को उनकी चिकित्सकीय स्थिति को देखते हुए अंतरिम राहत दी है। अदालत ने कहा कि अनिल शर्मा को दी गई अंतरिम जमानत का विस्तार उनके मेडिकल कंडीशन के आधार पर उचित अवधि के लिए होगा। उनकी चिकित्सकीय स्थिति के आधार पर इसका निर्धारण किया जाएगा। कोर्ट ने कहा है कि अनिल शर्मा को मिली अंतरिम राहत अगले आदेश तक जारी रहेगी। इस बीच, अदालत ने प्रमोटर शिव प्रिया को दी गई अंतरिम जमानत को भी बढ़ा दिया। अदालत ने शिव प्रिया को उनकी अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने पर दो सप्ताह के बाद आत्मसमर्पण करने को कहा है। वहीं, घर खरीदारों की ओर से पेश अधिवक्ता एमएल लाहोटी ने शिव प्रिया की जमानत याचिका का विरोध किया है। वहीं दूसरी ओर, अदालत ने तत्कालीन मुख्य वित्तीय अधिकारी चंद्र प्रकाश वाधवा को चिकित्सकीय आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने चंद्र प्रकाश वाधवा को चिकित्सकीय आधार पर एक नई जमानत याचिका दायर करने या जमानत से इनकार करने वाले पहले के आदेश को चुनौती देने की स्वतंत्रता दी है।

# धनतेरस पर सोने-चांदी के रेट में बड़ी गिरावट, चांदी रिकॉर्ड हाई से 15335 हुई सस्ती, सोना 3541 तक हो गया सस्ता



हैदराबाद, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। आज 22 अक्टूबर को धनतेरस है। इस दिन सोना-चांदी खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। अगर आप भी सोने-चांदी की खरीदारी करने जा रहे हैं तो आपके लिए यह खबर काम की हो सकती है। बता दें कि पिछले कई दिनों से लगातार सोने चांदी के रेट घट रहे हैं। ऐसे में ग्राहक गोल्ड-सिल्वर खरीदने को लेकर उत्साहित हैं। कारोबारियों का भी मानना है कि इस साल धनतेरस दिवाली पर बंपर खरीदारी हो सकती है। आपको बता दें कि सर्राफा बाजार में सोना इस साल के रिकॉर्ड हाई से लगभग 3500 रुपये सस्ता मिल रहा है। वहीं, चांदी 15,000 रुपये तक सस्ती मिल रही है। आइए जानते हैं डिटेल में सोने-चांदी के भाव वैश्विक बाजारों में कीमतों धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच सर्राफा बाजार में सोने के दाम कम हुए हैं। वर्तमान में 24 कैरेट सोने का भाव 50062 रुपये प्रति दस ग्राम है। इस साल 18 अप्रैल को सोना रिकॉर्ड हाई 53,603 रुपये पर पहुंच गया था। यानी सोना इस वक्त अपने रिकॉर्ड हाई से 3541 रुपये सस्ता मिल रहा है। 24 कैरट सोने का लेटेस्ट भाव 50,062 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 22 कैरेट सोने के दाम 45,857 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 18 कैरेट सोने का लेटेस्ट रेट 37,547 रुपये प्रति 10 ग्राम है। 14 कैरेट का सोना 29,286 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है।

1 किलो चांदी की कीमत रिकॉर्ड हाई से 15335 रुपये तक गिर गई है। बता दें कि इस साल 8 मार्च को चांदी 70890 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई थी। वर्तमान में चांदी की कीमत 55555 रुपये पर आ गई है। यानी चांदी अपने रिकॉर्ड हाई से 15335 रुपये सस्ती मिल रही है। इस सप्ताह की बात करें तो चांदी पिछले शुक्रवार के 56042 रुपये के मुकाबले इस शुक्रवार 55555 रुपये पर बंद हुई। यानी सप्ताहभर में 487 रुपये सस्ता हुआ है। आपको बता दें कि आईबीजेए के रेट देशभर में सर्वमान्य है। हालांकि, इस वेबसाइट पर दिए गए रेट में जीएसटी शामिल नहीं किया गया है। सोना खरीदते-बेचते समय आप आईबीजेए के रेट का हवाला दे सकते हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक आईबीजेए देशभर के 14 सेंटरों से सोने-चांदी का करेंट रेट लेकर इसका औसत मूल्य बताता है। सोने-चांदी का करेंट रेट अलग-अलग जगहों पर अलग हो सकते हैं पर इनकी कीमतों में थोड़ा अंतर होता है। सोने की कीमतों में नरमी के बावजूद उद्योग जगत सतर्क है।

# अडानी ग्रुप के इन शेयरों ने इस दिवाली अपने शेयरहोल्डर्स को कर दिया मालामाल

## तीन गुना रिटर्न के साथ टाप रहा प्रदर्शन



नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। पिछले साल दिवाली के समय अडानी ग्रुप के छह शेयर लिस्ट थे। इसमें से तीन से इस दिवाली तक बंपर रिटर्न दिया है। ये शेयर हैं- अडानी पावर , अडानी टोटल गैस और अडानी एंटरप्राइजेज । इसमें अडानी पावर के शेयरों का तीन गुना रिटर्न के साथ टॉप प्रदर्शन रहा है।

इसके बाद अडानी टोटल गैस और फिर अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर हैं। यहां तक कि अडानी ग्रुप में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले - अडानी पोर्ट्स के शेयर ने लगभग 13% का दो अंकों का रिटर्न दिया और अंत में आउटपरफॉर्मर रहा। अडानी के दो अन्य स्टॉक - अडानी ग्रीन और अडानी ट्रांसमिशन ने 76.72% और 71.88% के रिटर्न दिया है। हिंदू वर्ष संवत 2078 के दौरान बाजार में अडानी विल्मरी के शेयरों की लिस्टिंग भी हुई। अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाले समूह ने दो सूचीबद्ध संस्थाओं- एसीसी और अंबुजा सीमेंट्स का भी अधिग्रहण किया। अडानी पोर्ट्स को कवर करने वाले 22 एनालिस्टों में से किसी के पास सेल रेटिंग नहीं है। ट्रेंडलाइन के आंकड़ों से पता चलता है कि स्टॉक को कवर करने वाले सभी एनालिस्ट का औसत टारगेट 913 रुपये है, जो 13% की तेजी का संकेत देता है। घरेलू ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा सिक्योरिटीज ने हाल ही में अदानी टोटल गैस पर लंबी अवधि के लाभ के लिए होल्ड रेटिंग दी थी।

# मुनाफे में 37 फीसदी का उछाल, एनपीए की हालत में भी सुधार

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीआईसीआई बैंक के दूसरी तिमाही के नतीजे आ गए हैं। निजी क्षेत्र के देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक के मुनाफे में सालाना आधार पर 37 फीसदी का उछाल आया है। बैंक के नेट इंटरेस्ट इनकम में 26.5 फीसदी की वृद्धि हुई है। बैंक के एनपीए में भी अच्छी गिरावट दर्ज की गई है। सितंबी तिमाही में बैंक स्टैंडअलोप प्रॉफिट 7558 करोड़ रुपये रहा जो सितंबर 2021 में 5511 करोड़ रुपये था।

बैंक का नेट इंटरेस्ट इनकम 14787 करोड़ रुपये हो गया है पिछले वर्ष यह 11690 करोड़ रुपये था। बैंक के ओवरऑल लोन पोर्टफोलियो में 23 फीसदी की तेजी आई है।

# मुकेश अंबानी बनाएंगे एक और कंपनी, शेयर बाजार में भी होगी लिस्टिंग, बांटे जाएंगे स्टॉक



नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश के दूसरे सबसे रईस अरबपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की एक और कंपनी की शेयर बाजार में लिस्टिंग होगी। इस कंपनी का नाम-जियो फाइनेंशियल सर्विसेज होगा। आपको बता दें कि वर्तमान में मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड शेयर बाजार में लिस्टेड है और मार्केट कैपिटल के लिहाज से यह देश की सबसे बड़ी कंपनी है। क्या कहा रिलायंस नेः सितंबर तिमाही के नतीजे जारी करते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि वह अपनी फाइनेंशियल सर्विसेज इकाई को अलग करेगी और उसे जियो फाइनेंशियल सर्विसेज नाम से शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कराएगी। कंपनी के मुताबिक रिलायंस की इंवेस्टमेंट एंड होल्डिंग लिमिटेड को जियो फाइनेंशियल सर्विसेज में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। यह सबकुछ डी-मर्जर योजना के तहत होगा। शेयरधारकों को क्या मिलेगाः डी-मर्जर के बाद रिलायंस के शेयरधारकों को कंपनी के प्रत्येक शेयर के बदले जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएस) का एक शेयर दिया जाएगा। बता दें कि रिलायंस के फाइनेंशियल सर्विसेज का कारोबार 31 मार्च, 2022 तक 1,387 करोड़ रुपये था। यह रिलायंस इंडस्ट्रीज के कुल कारोबार का 0.3% था। सितंबर तिमाही के सुस्त नतीजेः चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ 13,656 करोड़ रुपये पर रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में कंपनी ने 13,680 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वहीं, पिछली तिमाही की तुलना में रिलायंस के शुद्ध लाभ में 24 प्रतिशत की कमी आई है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन 'प्रभावशाली'

## विकास और महंगाई अब भी बड़ी चिंता

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। आर्थिक विकास और बढ़ती मुद्रास्फीति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए प्रमुख चिंता बनी हुई हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी कहा कि ये चुनौतियां अगले केंद्रीय बजट में फोकस में रहेगी। वहीं दूसरी ओर, सितंबर महीने के लिए जारी वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा बैठक में कहा गया है कि 2022-23 की पहली छमाही में भारत का आर्थिक प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। वित्त मंत्रालय की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 की पहली छमाही में भारत का आर्थिक प्रदर्शन दुनिया की तुलना में प्रभावशाली रहा है। पीएमआई समग्र सूचकांक के अनुसार अप्रैल से सितंबर 2022 के दौरान विश्व स्तर के 51.0 की तुलना में भारत की आर्थिक गतिविधि स्तर 56.7 के स्तर पर रही जो जो बेहतर है। वित्त मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी की गई आर्थिक समीक्षा में ये बातें कही गईं हैं। जबकि थोक मुद्रास्फीति मई 2022 में 16.6 प्रतिशत के अपने चरम से घटकर सितंबर 2022 में 10.7 प्रतिशत हो गई है। ऐसा कॉमोडिटी की कीमतों में नरमी और सरकारी उपायों के कारण हैं। खुदरा मुद्रास्फीति खाद्य कीमतों में वृद्धि के कारण आरबीआई के ऊपरी सहिष्णुता बैंड से ऊपर बनी हुई है। हालांकि, खाद्य मुद्रास्फीति के कम होने की उम्मीद है क्योंकि फसल कटाई और खरीद का मौसम आने वाला है।

# दिवाली के मद्देनजर बिग सी का डबल धमाका ऑफर




ऑफर का पोस्टर जारी करते ब्रांड अम्बेसेडर अभिनेता महेश बाबू ।

हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिग सी ने दीपावली त्यौहार के अवसर पर अपने ग्राहकों के लिए डबल धमाका ऑफर की घोषणा की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, खुदरा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के प्रतिष्ठित ब्रांड बिग सी द्वारा ग्राहकों को दीपावली त्यौहार पर डबल धमाका ऑफर दिया जा रहा है। इसमें छूट व डील के प्रस्ताव शामिल हैं। बिग सी के आन्ध्र प्रदेश व तेलंगाना राज्यों में 250 से भी अधिक स्टोर संचालित किए जा रहे हैं। यह ऑफर सभी स्टोरों पर उपलब्ध है। इस अवसर पर बिग सी के संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बालू चौधरी ने बताया कि डबल धमाका ऑफर में प्रत्येक स्मार्ट फोन की खरीददारी पर 1,999 रुपये का इनबेस इयर बड्स सिर्फ 199 रुपये या 3,999 रुपये की गिजमोर कॉलिंग स्मार्ट वॉच सिर्फ 999 रुपये में प्रस्तावित है। स्मार्ट फोन की खरीददारी पर 7,900 रुपये का इंस्टेट डिस्काउंट भी दिया जाएगा। इस ऑफर में प्रत्येक स्मार्ट टीवी की खरीददारी पर विशेष प्रस्ताव व डोल दिए जा रहे हैं। प्रत्येक लैपटॉप की खरीदी पर 3,000 रुपये का लैपटॉप बैग दिया जाएगा। इसके अलावा बिग सी में डबल धमाका के तहत ब्रांडेड एक्सेसरीज़ की खरीददारी पर 51 प्रतिशत की छूट, एसबीआई के कार्ड से किए गए भुगतान पर 7.5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। बजाज फाइनांस के माध्यम से खरीददारी पर 7,900 रुपये का तुरंत कैशबैक दिया जाएगा। आई फोन मोबाइल की खरीददारी पर तत्काल 5,000 रुपये तक का कैशबैक, सैमसंग मोबाइल की खरीददारी पर 10,000 रुपये तक का कैशबैक, 1 प्लस मोबाइल की खरीददारी पर 6,000 रुपये तक की छूट, वीवो मोबाइल की खरीददारी पर 10 प्रतिशत तक का कैशबैक और ओपो खरीददारी पर भी 10 प्रतिशत तक का कैशबैक दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एटीएम कार्ड पर बिना किसी डाउन पेमेंट पर मोबाइल, लैपटॉप, स्मार्ट फोन खरीदी पर उक्त प्रस्तावों का लाभ उठा सकते हैं।

# धनलक्ष्मी बैंक के मैनेजमेंट में बवंडर

## शेयरहोल्डर्स ने सीईओ पर लगाया बड़ा आरोप



नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्राइवेट सेक्टर के धनलक्ष्मी बैंक के मैनेजमेंट में तूफान आ गया है। दरअसल, बैंक के एमडी और सीईओ शिवन जेके के पर कतरने के लिए कुछ शेयरधारकों ने असाधारण आम बैठक (ईजीएम) बुलाई है। बीएसई को दी जानकारी में बैंक ने बताया है कि लगभग 13% की हिस्सेदारी वाले नौ शेयरधारकों के एक समूह ने यह बैठक बुलाई है। 12 नवंबर को बैठकः ये शेयरधारक बैठक में शिवन जेके की शक्तियों को कमजोर करने के अलावा दो अन्य निदेशकों को अधिकृत करने का प्रस्ताव रखेंगे। बैठक की तिथि 12 नवंबर निर्धारित की गई है। आपको बता दें कि बैंक में लगभग 13% की हिस्सेदारी वाले शेयरधारकों में अरबपति बी रवींद्रन पिल्लई भी शामिल हैं, जिनकी 9.99% हिस्सेदारी है। बैंक का क्या कहना हैः हालांकि, बैंक का कहना है कि उसने कानूनी राय ली है। बैंक ने कहा- हम बैठक के लिए बाध्यकारी हैं लेकिन शेयरधारक एमडी और सीईओ की शक्तियों पर बेड़ियां नहीं लगा सकते हैं। सिर्फ केंद्रीय बैंक आरबीआई के पास सीईओ की शक्तियों पर अंकुश लगाने का अधिकार है। दिक्कत क्या हैः शेयरधारकों ने सीईओ शिवन जेके के खर्च के तरीकों पर सवाल खड़े किए हैं। शेयरधारकों के मुताबिक बैंक पर टालने योग्य मुकदमों के लिए हाई कॉस्ट वकीलों को लिए जाने की बात हो या नए कर्मियों की भर्ती के लिए भारी प्रोत्साहन का दावा करना, हर जगह बेहिसाब खर्चे किए गए। बैंक की नई शाखाएं खोलने में भी खर्च ज्यादा किए गए हैं। शेयरधारकों का आरोप है कि धनलक्ष्मी बैंक एक छोटे से बोर्ड के साथ चल रहा है। इसमें एमडी के अलावा सिर्फ दो निदेशक हैं। बैंक ने अगस्त 2020 से एक नया निदेशक नियुक्त नहीं किया है। शेयरधारकों ने यह भी आरोप लगाया है कि सीईओ बैंक में निदेशकों की नियुक्ति को लेकर शेयरधारकों के साथ लंबित कानूनी विवाद को निपटाने के लिए कोई पहल करने में विफल रहे हैं। शेयरधारकों के मुताबिक बैंक को पूंजी की बुरी तरह से जरूरत है। शेयरधारकों को पूंजी बढ़ाने की किसी भी योजना के बारे में नहीं बताया गया है, बल्कि अंधेरे में रखा गया।पहले भी हो चुका विवादः बता दें कि पहले भी धनलक्ष्मी बैंक के मैनेजमेंट में इस तरह का विवाद हो चुका है। बैंक के पूर्व सीईओ सुनील गुरबक्सानी सितंबर 2020 में एक शेयरधारक से मनमुटाव की वजह से बाहर हो गए थे।

# सभी सरकारी बैंकों के लिए होगा एक ही हेल्पलाइन नंबर

## जल्द हो पाएगा शिकायतों का समाधान

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने सरकारी बैंकों से कहा है कि वे एक सिंगल नेशनल हेल्पलाइन को स्थापित करें जिससे ग्राहकों की शिकायतों का निवारण हो सके। इस हेल्पलाइन नंबर को 3 से 4 अंकों में होना चाहिए और सभी बैंकों की शिकायत इसी नंबर पर की जा सके। इसमें ऐसी व्यवस्था हो कि ग्राहक जिस भी बैंक में या उसकी किसी शाखा में या विभाग में अपनी शिकायत दर्ज कराना चाहे, वह करा सके। यह हब एवं स्पोक मॉडल जैसी व्यवस्था होनी चाहिए। इस मामले में सितंबर में बैंकों के साथ बातचीत शुरू की गई थी और अब इस प्रस्ताव पर काम भी शुरू हो चुका है।



चेलापुरा स्थित कस्तुरी कुंज कॉम्पलेक्स में कीर्ति ज्वैलर्स का उद्घाटन करते हुए लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल। साथ में हैं रिद्धीश जागीरदार, आर.के.जैन, संतोषदेवी सेन, अशोक सेन, संजन सेन एवं अन्य।

# चीन में पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ को मीटिंग से निकाला

## जिनपिंग के बगल में बैठे थे... जबरन बाहर ले गए, पीएम को भी हटाया



बीजिंग, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन में अब मौजूदा राष्ट्रपति शी जिनपिंग को चुनौती देने वाले तमाम नेताओं पर नकेल कसी जा रही है। कम्युनिस्ट पार्टी की 20 कांग्रेस यानी सीसीपी मीटिंग से देश के पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ को जबरन बाहर निकाल दिया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के हवाले से जारी एक वीडियो में शी जिनपिंग के बाजू में बैठे हू जिंताओ को दो सुरक्षाकर्मियों ने कुर्सी से उठाया और एस्कॉर्ट कर मीटिंग हॉल से बाहर ले गए।

हू जिंताओ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के सीनियर लीडर हैं। शी जिनपिंग के 2013 में राष्ट्रपति बनने से पहले जिंताओ दस साल तक चीन के राष्ट्रपति रह चुके हैं। वे 15 मार्च 2003 से 14 मार्च 2013 तक पद पर काबिज थे। उन्होंने संविधान के मुताबिक, दो कार्यकाल पूरे होने के बाद पद छोड़ दिया था। हालांकि, इसके बाद भी लगातार कम्युनिस्ट पार्टी की मीटिंग्स में शामिल होते रहे हैं।

**प्रधानमंत्री को हटाया, करीबी नेता को भी नहीं छोड़ा**

इधर, खबर यह है कि शी जिनपिंग ने चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग को भी पार्टी लीडरशिप से हटा दिया है। उनके साथ तीन और टॉप ऑफिशियल्स को हटाया गया है। अब ये चारों नेता दोबारा पोलित ब्यूरो के मेंबर नियुक्त नहीं किए जा सकेंगे। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना की बैठक के आखिरी दिन यानी शनिवार को यह फैसला किया गया।

जिनपिंग ने पीएम के साथ शंघाई पार्टी के प्रमुख हान झेंग, पार्टी एडवाइजरी हेड वांग यांग और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के प्रमुख ली झांशु को भी पार्टी लीडरशिप से हटा दिया है। ली झांशु को जिनपिंग का बेहद करीबी माना जाता है। इनकी जगह जो नाम चर्चा में हैं, वे हैं- डिंग शुशियांग, चेन मिनेरो, ली कियान्ग और हू चुनहुआ। चारों ही कम्युनिस्ट पार्टी के लीडर्स हैं।

**जिनपिंग के जिंदगीभर राष्ट्रपति बनने का रास्ता साफ**

पिछले 7 दिनों से बीजिंग में चल रही चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की हाई लेवल मीटिंग आज खत्म हो गई। इस दौरान पार्टी कॉन्स्टिट्यूशन (संविधान) में संशोधन को मंजूरी दे दी गई। ये संशोधन चीन के नेता के रूप में शी जिनपिंग की लीडरशिप को बढ़ा सकता है। दरअसल बैठक के दौरान पार्टी के मेंबर्स ने नई सेंट्रल कमेटी के लिए वोटिंग की। इसमें 205 मेंबर्स हैं जिनमें 11 महिलाएं हैं। यही कमेटी पोलितब्यूरो मेंबर्स का सिलेक्शन करती है। बैठक खत्म होने के बाद सेंट्रल कमेटी की मीटिंग होती है। इसमें पोलितब्यूरो के 25 मेंबर्स और स्टैंडिंग कमेटी के 7 मेंबर्स चुने जाते हैं। ये मेंबर्स कौन होंगे इसका ऐलान 23 अक्टूबर को किया जा सकता है।

**भारत-चीन बॉर्डर पर टकराव बढ़ सकता है**

भारत और चीन के बीच चार हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबा बॉर्डर है। इसमें कई जगह पर विवाद है। डोकलाम और गलवान घाटी के विवाद भी इसी तरह के थे। जिनपिंग को आजीवन प्रेसिडेंट बने रहने की आजादी से असीमित ताकत मिल जाएगी।

## अमीरों पर चल सकता है जिनपिंग का डंडा

### भाषण के बाद चीन के धनी तबकों में खौफ

बीते रविवार को चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की 20वीं कांग्रेस (महाधिवेश) के मौके पर दिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भाषण से देश के धनी तबकों में चिंता बैठ गई है। शी ने भाषण में ऐसी बातें कहीं, जिनसे संकेत मिला कि अब धनी लोगों को और भी ज्यादा निशाना बनाया जाएगा। शी जिनपिंग की सरकार इसके पहले हाई टेक सेक्टर, प्रोपर्टी सेक्टर, कोचिंग कारोबार, ऑनलाइन गेमिंग आदि जैसे क्षेत्रों पर अपना डंडा चला चुकी है।

शी ने अपने भाषण में बार-बार 'कॉमन प्रोस्परिटी' (साझा समृद्धि) का जिक्र किया। उन्होंने कहा- 'हम धन संग्रह के स्रोतों और आमदनी के वितरण को सख्त नियमों के दायरे में रखेंगे। हम कानूनी ढंग से कमाए गए धन को संरक्षण देंगे, लेकिन अत्यधिक आय को एडजस्ट करेंगे और गैर कानूनी आमदनी पर रोक लगाई जाएगी।' जानकारों का कहना है कि चीन में साझा समृद्धि की धारणा नई नहीं है। लेकिन हाल के वर्षों में शी जिनपिंग ने इस पर ज्यादा सख्ती से अमल शुरू कर दिया है।

# ब्रिटेन में फिर प्रधानमंत्री चुनाव

### कल नामांकन का आखिरी दिन; ब्रिटेन में 'ये दिवाली भारत वाली' की गूंज

लंदन, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन से भारत के लिए जल्द ही अच्छी खबर आ सकती है। नए प्रधानमंत्री पद की रेस में भारतवंशी सांसद ऋषि सुनक का सितारा बुलंद दिखाई दे रहा है। लिज ट्रस के इस्तीफे के बाद सुनक की मजबूत दावेदारी से इस बार ब्रिटेन में 'ये दिवाली भारत वाली' की गूंज है।

45 दिन पहले हुए चुनाव में सुनक को कंजरवेटिव पार्टी के स्थायी सदस्यों की वोटिंग में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब सुनक का पलड़ा भारी है। आलम ये है कि पूर्व पीएम जॉनसन ने बैकडोर से सुनक को नंबर-2 का ऑफर दिया है, लेकिन सुनक कैंप का कहना है कि जब वे पहले भी वित्तमंत्री के रूप में रह चुके हैं तो इस ऑफर को स्वीकार क्यों करें। सुनक खुद ही प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल होंगे।




**पेनी हो सकती हैं सुनक या जॉनसन की नंबर-2**

फिर होने वाले चुनावों में तीन सांसदों के नाम प्रमुख दावेदारों के रूप में सामने आए हैं। इनमें सुनक के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमंस की स्पीकर पेनी मॉरडॉन्ट हैं। पेनी मॉरडॉन्ट को सुनक या जॉनसन का नंबर-2 माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि पावर ट्राइएंगल में पेनी, सुनक या जॉनसन के खेमे में जा सकती हैं। वैसे पेनी भी बतौर प्रधानमंत्री अपनी उम्मीदवारी को जोरशोर से रख रही हैं।

# पाकिस्तान में बलपूर्वक गायब करना जघन्य अपराध होगा

### निचले सदन ने दूसरी बार पारित किया विधेयक

इस्लामाबाद, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में बलपूर्वक किसी को गायब करने को जघन्य अपराध माना जाएगा। इस आशय के विधेयक को निचले सदन ने दूसरी बार पारित किया है। पाकिस्तान में लोगों को सुरक्षा बलों द्वारा जबरन उठाकर ले जाने व बाद में उनके गायब होने की लगातार हो रही घटनाओं को देखते हुए यह विधेयक अहम है।

पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार द्वारा आपराधिक कानून (संशोधन) विधेयक- 2022 से विवादास्पद धारा 514 वापस लेने पर राजी होने के बाद शुक्रवार को विधेयक पारित किया गया। इसमें झूठी शिकायत दर्ज करने वालों को सजा का प्रावधान था।

पाकिस्तान के अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, कई सांसदों, जिनमें से ज्यादातर सत्तारूढ़ गठबंधन की पार्टियों से संबंधित थे, ने इसका विरोध किया और वर्तमान स्वरूप में विधेयक के समर्थन में मतदान से इनकार कर दिया था, उसके बाद विवादित धारा को हटा दिया गया। इस विधेयक को फिर सीनेट से पारित कराना होगा, ताकि यह संसद से पारित कानून बन सके। बलूचिस्तान, कराची और कबायली इलाकों में लोगों के जबरन गायब होने का मुद्दा सालों से सुर्खियों में रहा है। कई बलूचों के भी गायब होने की खबरें आती रहती हैं। यह मामला विश्व मंचों पर भी उठाया गया था। जबरन गायब किए जाने को पाकिस्तान दंड संहिता 1860 और आपराधिक दंड प्रक्रिया 1898 में संशोधन के जरिए जघन्य अपराध बनाया जाएगा।

**गायब होने वालों की संख्या हजारों में**

पाकिस्तान में बड़ी संख्या में लोगों के गायब होने का मामला सुर्खियों में आने के बाद अंतरराष्ट्रीय दबाव में पाक सरकार ने एक दशक पहले एक आयोग का गठन किया था। इसे कमीशन आफ एन्क्वायरी एनफोर्स्ड डिसअपियरेंस नाम दिया गया था। आयोग को गायब होने के 8,463 मामिले मिले थे। आयोग अब तक इनमें से एक तिहाई मामलों का पता नहीं लगा सका है।

## उत्तरी वजीरिस्तान में सेना ने मार गिराए पांच आतंकवादी, तीन अधिकारी भी हुए घायल

इस्लामाबाद, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान के स्पिमवाम इलाके में चार आतंकवादियों को मारने का दावा किया है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) का हवाला देते हुए कहा कि सुरक्षा बलों को आतंकवादियों की मौजूदगी की खबर मिली थी। जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों पर हमले में शामिल थे। एआरवाई न्यूज के मुताबिक मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। इससे पहले 16 अक्टूबर को पाकिस्तान काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) और खुफिया एजेंसियों ने बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में पांच आतंकियों को ढेर किया था। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सीटीडी ने संयुक्त ऑपरेशन चलाया और खुफिया एजेंसियों ने आतंकवादियों के ठिकानों से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। इस ऑपरेशन में शामिल तीन अधिकारी भी घायल हुए है।

# अमेरिका को नाराज कर चीन के करीब आ रहा सऊदी अरब

### ऑयल पॉलिसी पर बाइडन को लगाई कड़ी फटकार

**हाइलाइट्स**

- > सऊदी अरब और चीन के बीच बढ़ रही घनिष्ठता, ऊर्जा मंत्रियों की बैठक
- > वर्चुअल मीटिंग में हुए ऊर्जा और वैश्विक तेल बाजार में सहयोग पर चर्चा
- > चीन के साथ मीटिंग कर अमेरिका को कड़ा संदेश दे रहा सऊदी अरब



रियाद, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओपेक प्लस समूह तेल उत्पादन में 20 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती की घोषणा कर पहले ही अमेरिका को बड़ा झटका दे चुका है।

सऊदी अरब इस समूह का सबसे प्रमुख सदस्य है जो अमेरिका को और ज्यादा नाराज करने की तैयारी कर रहा है। सऊदी अरब की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री ने शुक्रवार को अपने चीनी समकक्ष के साथ एक वर्चुअल मीटिंग की। इस बैठक में दोनों के बीच वैश्विक तेल बाजार में सहयोग और परमाणु ऊर्जा पर सहयोग को लेकर चर्चा हुई। जाहिर है कि चीन और सऊदी अरब के बीच बढ़ते सहयोग से अमेरिका खुश नहीं होगा क्योंकि चीन के साथ उसके संबंध दशकों में सबसे खराब चल रहे हैं। सऊदी ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुलअजीज बिन सलमान ने चीन के नेशनल एनर्जी एडमिनिस्ट्रेटर झांग जियानहुआ के साथ वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। चर्चा के मुद्दों में सबसे प्रमुख ऑयल मार्केट था। सऊदी न्यूज एजेंसी के मुताबिक मंत्रियों ने 'अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार की स्थिरता का समर्थन करने के लिए एक साथ काम करने की इच्छा जाहिर की' और 'वैश्विक बाजार को स्थिर करने के लिए दीर्घकालिक और विश्वसनीय तेल आपूर्ति की जरूरत पर बल दिया।'

**अमेरिका के लिए कड़ी फटकार**

मंत्रियों ने उन देशों में भी सहयोग और साझे निवेश पर चर्चा की जिन्हें चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड' के हिस्से के रूप में देखता है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल को लेकर चीन और सऊदी अरब के बीच समझौते को जारी रखने पर भी चर्चा की। विश्लेषकों के अनुसार, यह बयान कि 'सऊदी अरब और चीन ऊर्जा के क्षेत्र में अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं', वॉशिंगटन के लिए स्पष्ट रूप से फटकार है।

### रूस के परमाणु हमले की धमकी पर जापान बोला

# ऐसा हुआ तो यह मानवता पर बड़ा आक्रमण

टोक्यो, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर सामरिक स्थितियां जैसे-जैसे बदल रहीं हैं, परमाणु हथियारों का खतरा भी उतना ही बढ़ता जा रहा है। एक तरफ रूस खुले तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी दे रहा है तो खबर है कि चीन भी अपनी परमाणु क्षमता को बढ़ा सकता है। ऐसे में दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

इस बीच जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने रूस पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का बड़ा आरोप लगाया है। किशिदा ने कहा है कि रूस द्वारा परमाणु हथियारों का इस्तेमाल मानवता के लिए बड़ा खतरा है। किशिदा ने कहा, रूस द्वारा परमाणु हथियारों के उपयोग की धमकी देना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शांति और सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है और यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। अगर ऐसा हुआ तो यह मानवता पर बड़ा आक्रमण होगा।



**चीन बढ़ा सकता है परमाणु शस्त्रागार**

दूसरी तरफ चीन की ओर से शी जिनपिंग के संभावित तीसरे कार्यकाल के साथ ही परमाणु शस्त्रागार को बढ़ावा देने के संकेत मिले हैं। दरअसल, सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की कांग्रेस में पहली बार राष्ट्रपति शी जिनपिंग की रणनीतिक निरोध की एक मजबूत प्रणाली स्थापित करने की टिप्पणी पहली बार सामने आई है। 63 पन्नें की रिपोर्ट में जिनपिंग ने सेना को एक विशेष खंड समर्पित किया है। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा और सेना के आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए, मानव रहित लड़ाकू क्षमताओं के त्वरित विकास और नेटवर्क सूचना प्रणाली के अनुप्रयोग का भी आह्वान किया है।

**परमाणु क्षमता में सुधार करेगा चीन**

विश्लेषकों का कहना है कि जिनपिंग की ओर से मिले संकेतों के बाद यह तो तय है कि अमेरिका के साथ अपनी बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के बीच चीन परमाणु प्रतिरोधक क्षमता में सुधार करेगा। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पूर्व प्रशिक्षक सोंग झोंगपिंग ने कहा कि बयान का मतलब है कि चीन अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए रणनीतिक परमाणु बलों के विकास को मजबूत करेगा। वहीं एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ने चीन के परमाणु हथियारों के विस्तार की चेतावनी दी है, नवंबर में पेंटागन द्वारा जारी एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था है कि चीन के पास 2027 तक 700 और 2030 तक कम से कम 1,000 परमाणु हथियार हो सकते हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | कन्या | में | कन्या..05-52 | बजे |
| चंद्र- | कन्या | में | तुला- 08-02 | बजे |
| मंगल | मिथुन | में | वृश्चिक 10-15 | बजे |
| बुध- | कन्या | में | धनु--- 12-21 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मकर- 14-12 | बजे |
| शुक्र- | कन्या | में | कुंभ- 15-50 | बजे |
| शनि- | मकर | में | मीन... 17-26 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मेष-- 19-10 | बजे |
| केतु- | तुला | में | वृष-- 21-11 | बजे |
| | | | मिथुन. 23-23 | बजे |
| | | | कर्क... 01-36 | बजे |
| | | | सिंह... 03-46 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पश्चिम -पान खाकर घर से निकले
तिथि- त्रयोदशी - **18-03** तक उपरान्त,चतुर्दशी
मास - कार्तिक कृष्ण पक्ष ,रविवार, **23 Oct**
नक्षत्र - ऊ.फाल्गुनी - **14 -34** - तक उपरान्त,हस्त
योग - ऐन्द्र - **16 - 06** - तक उप- वैधृति
करण- वणिज-**18 - 03** - तक,उप- विष्टि
विशेष:- प्रदोष व्रत, धनतेरस
व्रत -त्योहार - हेमन्तऋतु प्रारम्भ,धन्वन्तरि ज.

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:21 से 17:48 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:14 - 07:39 | अशुभ | शुभ | 17:48 - 19:21 | शुभ |
| चंचल | 07:39 - 09:06 | शुभ | अमृत | 19:21 - 20:54 | शुभ |
| लाभ | 09:06 - 10:33 | शुभ | चंचल | 20:54 - 22:27 | शुभ |
| अमृत | 10:33 - 12:00 | शुभ | रोग | 22:27 - 00:00 | अशुभ |
| काल. | 12:00 - 13:27 | अशुभ | काल | 00:00 - 01:34 | अशुभ |
| शुभ. | 13:27 - 14:54 | शुभ | लाभ | 01:34 - 03:07 | शुभ |
| रोग. | 14:54 - 16:21 | अशुभ | उत्पात | 03:07 - 04:40 | अशुभ |
| उत्पात | 16:21 - 17:45 | अशुभ | शुभ | 04:40 - 06:14 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपना करीबी समझते हैं,वो आपकी गुप्त बात को उजागर कर सकता है।बोलने से पहले सोच लें,अपनी बातचीत का विषय अपने और सामने वाले तक ही सीमित रखें।किसी तीसरे के बारे में बात करने से बचें।किसी दूसरे शहर की यात्रा और इसके दौरान किसी पुराने दोस्त से मुलाकात की सम्भावना है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): यह समय अपने लक्ष्य के लिए गंभीरता से कोशिश करने का है आपको बहुत जल्दी इसका फल भी मिलेगा।आप अभी कुछ बातों के बारे में सोच रहे थे,उनको कार्यान्वित करने का समय आ गया है।आपको अपना सारा ध्यान अब इसी पर लगाना होगा।हालाँकि आप इसके कारण बहुत व्यस्त रहेंगे।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आज आप किसी के अहसान का बदला उतारने की दिशा में पहला कदम उठाएंगे। यह कदम मानसिक ,वित्तीय या आध्यात्मिक हो सकता है लेकिन इसका अर्थ यह नही है कि आप आज अपने सारे अहसान उतार पायेंगे लेकिन आपको कम से कम यह संतुष्टि जरूर होगी कि आप ऐसा करने की दिशा में कदम तो उठा रहे हैं।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आप एक पारिवारिक व्यक्ति हैं।पारिवारिक मूल्य ही आपकी सफलता का श्रोत हैं।आज भी शुभ की शुरुआत आपके घर से ही होगी और आपको नयी कामयाबी दिलाएगी।आप विशेष लय में हैं।आज का दिन सार्थक होगा।मुश्किल समय में भी अपनी मुस्कान और होसला बनाये रखें।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आप एक साधारण आदमी हैं और इसीलिए आप संबंधों में कोई चालाकी नही करते। इससे आपको कई बार नुक्सान भी उठाना पड़ता है लेकिन यह सब अधिक समय तक नही चलेगा ,आखिर में चालाकी के स्थान पर आपकी सरलता की ही जीत होगी।अपनी संवेदनाओं को नियंत्रण में रखें।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आज आपके लिए अच्छा दिन है।आपका सुंदर व्यक्तित्व दूसरों को आकर्षित करेगा।आज आप कुछ भी करें,सफलता मिलेगी।आप काफी लोकप्रिय हैं।आप सृजनात्मक भी हैं और नम्र भी आपके इन्ही गुणों ने आपको इस मुकाम पर पहुंचाया है। चालाकी और अभिमान को आने दिये बिना इसी रास्ते पर चलते रहें।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आपका दिमाग आज बहुत सक्रिय है आप उर्जा और प्रेरणा से भरे हैं।आपके दिमाग में नयी योजनायें आती रहेंगी जिन्हें आप आसानी से कार्यान्वित भी कर पायेंगे। आपकी समस्या आज यही रहेगी की आपके दिमाग में आज लगातार नए विचारों की बाढ सी आती रहेगी।आप अपने आसपास के सभी लोगों को भी अधिक प्रेरित कर पायेंगे।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आप आज थोडी सी गंभीर मानसिक स्थिति में रहेंगे। आपको आज जीवन के व्यावहारिक मुद्दों पर ध्यान देना होगा।लेकिन आप विश्वास और आशावादिता से भरपूर हैं और गहरे भावनात्मक स्तर पर भी मौके लेने के लिए तैयार हैं। आपका कोई करीबी आपके लक्ष्यों और उद्देश्यों के लिए अपनी चिंता जाहिर करेगा।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अपने घर से जुडी किसी अच्छी खबर के लिए तैयार रहें। निवास स्थान में बदलाव संभव है या नया घर खरीदने की योजना को अंतिम रूप दे सकते हैं।अपनी सकारात्मक ऊर्जा का लाभ उठायें।अगर आप कुछ समय से अपने घर या इसके किसी हिस्से को को नया रूप देने के बारे में सोच रहे हैं तो यह समय इसके लिए बहुत अच्छा है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आपको थोडा सा अधिक लचीला रुख अपनाना चाहिए लेकिन आज आप ना तो कोई अच्छी सलाह और ना ही अपने मन की आवाज सुनना चाहते हैं।आपका यह अड़ियल रवैया आपके लिये घर और कार्यस्थल दोनों ही जगह पर आपके लिए नुक्सान का कारण बनेगा।इसका एक ही समाधान है कि आप अपना दिमाग खुला रखें।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आपको दोस्तों का प्यार पाने के लिए थोडा नम्र बनना पडेगा। आप यह नही जानते लेकिन आपको घमंडी समझा जाता है इसीलिए यह सबसे अच्छा समय है कि आप दूसरों की आलोचना करने के स्थान पर अपनी भूतकाल की गतिविधियों का विश्लेषण करें।यह आपके लिए अपने अंतर्मन में झाँकने का बहुत अच्छा समय है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आज आप नम्र रहेंगे और दूसरों की स्वार्थरहित सेवा करेंगे। दूसरों को संतुष्ट करने के लिए अपना समय ,स्थान ,पैसा और यह तक कि अपना भोजन भी लगायेंगे।लोग आपकी इसके लिए तारीफ करेंगे लेकिन अपनी सीमायें निर्धारित करें। अपने बच्चों पर भी ध्यान दें,उन्हें कोई संकर्मण हो सकता है।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# जल्लाद पति ने खोदी जिंदा पत्नी की कब्र

**हाइलाइट्स**

- > पति ने पत्नी को जिंदा दफनाया, फिर भी महिला ने दिया मौत को चकमा
- > कब्र में कई घंटे जिंदा लेटी रही महिला, टेप से बंधे हुए थे हाथ-पैर, मुंह
- > दफनाने से पहले पति ने किया चाकू से हमला, ड्रग्स देकर कब्र में सुलाया

वॉशिंगटन, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के वॉशिंगटन की रहने वाली एक महिला पर उसके पति ने चाकू से हमला किया और फिर उसे जिंदा दफना दिया। लेकिन महिला की मौत नहीं हुई और घंटों की मशक्कत के बाद वह जीवित बच गई। पुलिस ने एक रिलीज में कहा कि थर्स्टन काउंटी शेरिफ के डिप्टी सोमवार को रात करीब 1 बजे लेसी शहर के एक घर पर मदद के लिए पहुंचे, जहां 42 साल की यंग एन मदद की गुहार लगाते हुए दरवाजे को पीट रही थीं। उसके पति ने उसे मारने की कोशिश की थी। उसके गले, निचले चेहरे और पैरों पर टेप लिपटा हुआ था।

उसके पैर, हाथ और सिर पर चोटों के निशान थे और कपड़े और बाल धूल से सने हुए थे।

खबर के अनुसार, यंग के लिए पिछले कुछ घंटे जिंदगी का सबसे बुरा वक्त था जिसकी शुरुआत रविवार दोपहर को उसके घर पर हुई थी। वह अपने पति से अलग रहती थी। यंग ने पुलिस को बताया कि तलाक को लेकर उसके पति चाई क्योंग (53) के साथ एक झगड़े के दौरान उसने यंग पर कथित तौर पर हमला कर दिया। एनबीसी न्यूज के मुताबिक, चाई उसे टेप से बांधकर बेडरूम से बाहर चला गया। इस दौरान यंग अपनी ऐप्पल वॉच से 911 पर फोन करने और अपने इमरजेंसी कॉन्टैक्ट पर नोटिफिकेशन भेजने में कामयाब रही।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद फरार घोषित

## सतुआ बाबा, महंत बालक समेत 25 के भी नाम, 7 साल पुराने बवाल में कोर्ट का आदेश

वाराणसी, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, महंत संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, महंत बालक दास सहित 25 लोगों को फरार घोषित किया है। जस्टिस सियाराम चौरसिया ने 7 साल पुराने अन्याय प्रतिकार यात्रा के मामले में यह फैसला सुनाया।

साथ ही सभी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए उनकी संपत्ति की कुर्की का आदेश पुलिस को कोर्ट ने दिया है। कोर्ट ने कहा है कि इस मामले में पुलिस की कार्रवाई की रिपोर्ट एडीसीपी काशी जोन राजेश कुमार पांडेय पेश करें। गंगा में गणेश प्रतिमा के विसर्जन पर अड़े लोगों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने 5 अक्टूबर 2015 को मैदागिन के टाउनहाल से दशाश्वमेध तक अन्याय प्रतिकार यात्रा निकाली थी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के आगे-आगे भी एक जत्था चल रहा था।

शाम लगभग 4:30 बजे गोदौलिया चौराहे पर खड़ा एक सांड भड़क गया और गिरजाघर चौराहे की ओर भागा। इसके बाद वहां भगदड़ मच गई। भगदड़ देख चौक से गोदौलिया की ओर बढ़ रही अन्याय प्रतिकार यात्रा में शामिल लोग भी भागने लगे। उन्हें लगा कि पुलिस ने यात्रा रोकी है और लाठीचार्ज कर दिया है। उसी बीच मौका पाकर उपद्रवियों ने पहले पुलिस बूथ फिर एक सरकारी जीप में आग लगा दी। बूथ में लगी आग इतनी भयावह थी कि उसकी लपटों ने ठीक पीछे तांगा स्टैंड को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक मजिस्ट्रेट की जीप, फायर ब्रिगेड की गाड़ी व पुलिस की वैन और लगभग दो दर्जन बाइक आग के हवाले कर दी गईं। उस दौरान गोदौलिया तांगा स्टैंड पर कहीं से दो पेट्रोल बम भी फेंके गए। इससे आग और तेजी से फैली। वहीं, उस

### संपत्ति कुर्क होगी



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती | महंत संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा

दौरान हुए पथराव में तत्कालीन एडीएम, सिगरा थानाध्यक्ष, पीएसी का एक जवान और एक न्यूज चैनल का फोटोग्राफर बुरी तरह घायल हो गए। उपद्रवियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पहले लाठियां पटकीं। फिर, आंसू गैस और रबड़ बुलेट का इस्तेमाल किया। हवाई फायरिंग भी की गई। पुलिस ने उपद्रव प्रभावित इलाकों में जाने वाले रास्तों को सील कर दिया। हालात काबू में नहीं आता देख कोतवाली, चौक, दशाश्वमेध, लक्सा और चेतगंज थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया। फोर्स इन सभी इलाकों में चक्रमण पर निकल गई। सब कुछ सामान्य होने पर दो घंटे बाद कर्फ्यू हटा लिया गया। मामले को लेकर दशाश्वमेध थाने में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, सतुआ बाबा आश्रम के महंत संतोष दास, पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालक दास, पूर्व विधायक अजय राय, मंडुवाडीह थाने के हिस्ट्रीशीटर पंकज सिंह उर्फ डब्ल्यू राय, अरुण पाठक, अजय चौबे, अमरनाथ यादव उर्फ डब्बल, असित दास समेत अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले में पूर्व विधायक अजय राय कोर्ट में हाजिर हो गए हैं। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, सतुआ बाबा, महंत बालक दास, पंकज सिंह उर्फ डब्ल्यू राय, अरुण पाठक, अजय चौबे, अमरनाथ यादव उर्फ डब्बल, असित दास समेत 25 लोगों के हाजिर न होने पर कोर्ट ने उन्हें फरार घोषित करते हुए उनके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी कर उनकी संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है।

# जीतनराम मांझी बोले

## नीतीश कुमार दोबारा पाला बदलें तो मैं स्वागत करूंगा

पटना, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। नीतीश कुमार के दोबारा पाला बदलने के दावों के बीच बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि राज्य हित में सीएम नीतीश कुमार अगर सत्ता बदलने की बात करते हैं तो मैं उसका स्वागत करुंगा। मांझी ने शुक्रवार को गया में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये बयान दिया। वह प्रशांत किशोर के इस दावे पर अपनी बात रख रहे थे कि नीतीश कुमार दोबारा भाजपा से संपर्क में हैं और फिर पाला बदल सकते हैं।

मांझी ने कहा कि राजनीतिक में कोई दो और दो चार ही नहीं होता। दो जोड़ दो छह और दो जोड़ दो बराबर दो भी होता है। राजनीति में अभी जो परिस्थिति चल रही है, नीतीश कुमार को अगर कोई दिक्कत है तो इधर उधर की बात कर सकते हैं। सत्ता बदलने की बात कर सकते हैं तो मैं इसका स्वागत करूंगा।

मांझी ने उदाहरण देते हुए कहा कि महामाया बाबू ने भी पाला



बदला था। महामाया बाबू ने पाला बदलने पर कहा था कि जनहित में अगर सौ बार भी पाला बदलना पड़ेगा तो बदलूंगा। मांझी ने कहा कि जनहित में नीतीश कुमार के पाला बदलने से राज्य को फायदा है तो उसका स्वागत करेंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने ऐसी बात नहीं कही है।

**पीके ने किया था नीतीश के पाला बदलने का दावा**

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बुधवार को दावा किया था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जदयू सांसद और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के जरिए भाजपा के साथ संवाद के लिए एक रास्ता खुला रखा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार भाजपा के संपर्क में हैं और अगर हालात बनें तो वह फिर से उस पार्टी के साथ गठजोड़ कर सकते हैं।

वहीं नीतीश कुमार पीके की इस टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि वह इस तरह की बेकार बातें करते रहते हैं।

नीतीश ने कहा, मैं इस पर क्या कहूं। वो बेकार बात करते रहते हैं। वो इस तरह के बयान सिर्फ अपनी पब्लिसिटी के लिए देते हैं। हर कोई जानता है कि वो किस पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। उन्हें (किशोर) जो कुछ कहना है कहने दें। हमारा उससे कोई लेना-देना नहीं है। पहले वो मेरे साथ काम करते थे। ये सच है कि कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें मैंने प्रमोट किया था, बाद में उन्होंने मुझे धोखा दिया।

# 'मायावती का हाथ भस्मासुर जैसा'

## भाजपा की पूर्व विधायिका बोलीं– बिना 'लक्ष्मी' के प्रसन्न नहीं होती 'माया', सिर पर हाथ रखकर सब खींच लेती हैं



सहारनपुर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी की पूर्व सीएम एवं बसपा सुप्रीमो मायावती ने इमरान मसूद के सिर पर हाथ क्या रखा? राजनीतिक गलियारों में सियासत तेज हो गई और बयानबाजी भी। भाजपा की पूर्व विधायिका शशि बाला पुंडीर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली है। जिसमें मायावती को भस्मासुर बताया है। बोलीं है, जो सिर पर हाथ रखकर सब धन खींच लेती है। हालांकि इमरान मसूद से इस बारे में बात करनी चाही। उन्होंने कुछ भी बोलने से मना कर दिया है।

**सिर पर हाथ रखकर सब खींच लेती है मायावती**

भाजपा नेत्री एवं पूर्व विधायिका शशि बाला पुंडीर ने कहा, मायावती जी बिना लक्ष्मी, रकम और धन लिए सिर पर हाथ रख दें, यह बहुत बड़ी बात है। वह चुनाव के समय और पैसे के समय सिर पर हाथ रखती है। मायावती सिर पर हाथ रखकर भस्मासुर की तरह धन खींच लीती है और कंगाल कर देती है।

शशिबाला पुंडीर ने कहा, इमरान के बारे में लोग समझ चुके हैं। कपड़ों की तरह वह पार्टियां बदलते हैं। इमरान मसूद जब सत्ता आती है, तब वह शेर हो जाता है। नहीं तो छटाक रह जाता है। पार्टी बदलना गलत नहीं है। पार्टी में मतभेद और मनभेद हो सकते हैं। मैंने भी कई बार पार्टी छोड़ी। कल्याण सिंह के समय। फिलहाल भी चुनाव से पहले मैंने पार्टी छोड़ दी थी। लेकिन चुनाव के समय फिर से मुझे बुलाया गया।

**इमरान से अच्छी मुस्लिम महिलाएं**

इमरान मसूद के पार्टी बदलने को लेकर शशिबाला पुंडीर ने कहा, इमरान मसूद से वो मुस्लिम महिलाएं बहुत अच्छी है। जिनके पति मरने के बाद उन्हें पति के जाने का अफसोस होता है। वह 40 दिन इद्दत में तो मुंह छुपाकर बैठ जाती है। लेकिन इमरान मसूद इद्दत का समय भी पूरा नहीं कर पाते हैं। और पार्टी बदल देते हैं।

## बीजेपी सांसद सुशील मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाला निकला वकील

### पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार



पटना, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। पटना पुलिस ने राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को धमकी भरा पत्र भेजने के मामले पश्चिम बंगाल के बर्धमान से वकील सुदिप्तो कुमार राय को गिरफ्तार किया है। उसने स्थानीय कोर्ट के कर्मचारी को फंसाने के लिए उसके नाम से गत 20 सितंबर को धमकी भरा पत्र डाक से भेजा था। इस संबंध में कदमकुआं थाने में मामला दर्ज किया गया था। आरोपित परेशान एवं फंसाने के उद्देश्य से पहले भी एक दूसरे कर्मी के नाम से मुजफ्फरपुर जेल को उड़ाने की धमकी वाला पत्र भेज चुका है। उसके खिलाफ बंगाल के कई थानों में भी मुकदमा दर्ज है।

# तय लोड न लेने पर प्रदेश सरकार वसूलेगी दोगुना बिजली का बिल

पटना, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। तय लोड से अधिक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को सावधान होने की जरुरत है। स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर वाले उपभोक्ताओं को खपत के अनुसार अपना लोड बढ़वाना होगा। ऐसा न करने पर छह महीने बाद उन्हें दोगुनी राशि चुकानी होगी। दरअसल, बिजली विभाग ने तय लोड से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं का छह माह का समय दिया है।

**तीन माह में लगाए जाएंगे तीन लाख घरों में स्मार्ट मीटर**

बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, आमतौर लोग घरों के लिए बिजली का कनेक्शन पर दो से तीन किलोवाट का लोड लेते हैं। बढ़ती इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की वजह से बिजली की खपत अधिक होती है। हालांकि, उपभोक्ताओं को अभी भी तय चार्ज से दोगुना पैसा बिजली विभाग को चुकाना पड़ रहा हैं। प्रधान ऊर्जा सचिव संजीव हंस के मुताबिक, प्रदेश में 11 लाख 21



हज़ार घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं, जबकि आगामी दो माह में तीन लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

बता दें कि स्मार्ट मीटर में तय लोड से अधिक बिजली खपत होने पर फिक्स्ड चार्ज कट जाता है। अधिकारियों की माने तो एक दिन में उपभोक्ताओं को दो से तीन हजार वाट ही बिजली की खपत करनी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। बड़ी संख्या में लोगों ने घरों में एक से अधिक एसी, टीवी, वाशिंग मशीन आदि ले रखे हैं।

**अगले छह माह तक नहीं ली जाएगी दोगुनी राशि**

लोग आए दिन दोगुना बिजली का बिल आने की शिकायत अधिकारियों से कर रहे है। बिजली कंपनी ने विनियामक आयोग के सामने याचिका दायर कर दी है। माना जा रहा है कि आयोग की ओर से निर्णय आने पर नवंबर से उपभोक्ताओं को दोगुनी चार्ज नहीं वसूला जाएगा। लेकिन इस बीच उपभोक्ताओं को खपत के अनुसार लोड बढ़वाना होगा। प्रदेश सरकार की मांग पर इसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है।

## चलते-चलते अचानक आग का गोला बन गई कार

सिद्धार्थनगर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी के सिद्धार्थनगर में सड़क पर चलते-चलते अचानक एक कार आग का गोला बन गई। थोड़ी देर पहले ही पुलिस ने कार में आग की लपटों को देखकर उसे रोकने की कोशिश की थी लेकिन इससे अनजान कार में सवार चार लोग बढ़ते चले जा रहे थे। पुलिस ने पीछा कर उनकी जान बचा ली। मिली जानकारी के अनुसार सिद्धार्थनगर के शिवनगर डिडई थाना क्षेत्र के तिलौली में शुक्रवार की रात एक चलती कार में लगी आग को देख कर पुलिस ने रोकने की कोशिश की लेकिन कार सवार रुके नहीं।

पुलिस ने पांच सौ मीटर पीछा कर उन्हें रोक कर बाहर निकाला। कुछ ही देर में कार धू-धू कर जल गई। इंस्पेक्टर दिनेश यादव और हेड कांस्टेबल उपेंद्र प्रजापति वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार के नीचे इंजन में नीचे की ओर आग लगी दिखाई दी जिसे कार में सवार लोग देख नहीं पाए थे।

# डेंगू जांच के नाम पर मनमाना पैसा वसूल रहे प्राइवेट लैब

पटना, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना में डेंगू का प्रकोप लगातार जारी है। यहां प्रतिदिन 400 के आस पास मरीज मिल रहे हैं। शहर में डेंगू मरीजों की संख्या 4400 के पार पहुंच चुकी है। ऐसे में शहर के अधिकांश प्राइवेट लैब लोगों को डेंगू का डर दिखा कर लूट रहे हैं। इन लेबोरेटरी से आने वाले डेंगू टेस्ट अधिकांश पॉजिटिव पाये जा रहे हैं। आइजीजी (इम्यूनग्लोबिन जी) टेस्ट के बदौलत ही डेंगू का संदेह बताकर व भ्रमित करने के लिए तीन तरह का जांच किया जा रहा है।

**मरीजों से हजारों की अतिरिक्त राशि वसूली जा रही**

प्राइवेट लैब में हो रहे टेस्ट में आइजीजी, आइजीएम और एनएस 1 शामिल हैं। इस कोंबो पैकेज टेस्ट की राशि 2250 से लेकर तीन हजार तक वसूली जा रही है। जबकि डेंगू की एलिजा आइजीएम (इम्यूनग्लोबिन एम) और एनएस 1 (नान स्ट्रक्चल प्रोटीन 1) टेस्ट से सही पुष्टि होती है। इन टेस्ट में ताजा वायरस इंफेक्शन मिलता है, जबकि आइजीजी टेस्ट में काफी समय पहले का वायरस इंफेक्शन भी दर्शाता है। लेकिन कई निजी लेबोरेटरी में बेवजह तीनों टेस्ट करवाकर मरीजों से हजारों की अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। आइजीजी टेस्ट में पॉजिटिव कर करा देते हैं तीन जांच

**लेबोरेटरी अपनी जेबें भरने के लिए लोगों को डेंगू पॉजिटिव बता रहे**

पटना के अधिकांश निजी लेबोरेटरी में डेंगू सीजन को कैश किया जा रहा है। इन लैबों में अगर कोई बुखार से पीड़ित या डेंगू के लक्षण वाला मरीज टेस्ट के लिए पहुंचता है। तो उसे आइजीजी, आइजीएम और एनएस 1 कोंबो टेस्ट करवाने के लिए कहा जाता है। जबकि आइजीजी टेस्ट की कोई जरूरत नहीं है। मजेदार यह है कि अधिकांश मामलों में पुराने वायरस इंफेक्शन के कारण आइजीजी टेस्ट की रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है और कई निजी लेबोरेटरी अपनी जेबें भरने के लिए लोगों को डेंगू पॉजिटिव बता रहे हैं। अब इसके बाद मरीज डाक्टर के पास पहुंचकर खुद को डेंगू पॉजिटिव बता रहा है, जिससे उसे बेवजह मल्टीविटामिन, एंटीबॉडी सहित अन्य दवाओं का सेवन करने के लिए कहा जाता है।

**इन सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क हो रही है जांच**

शहर के सरकारी अस्पतालों में डेंगू की जांच पूरी तरह से निःशुल्क की जा रही है। शहर के पीएमसीएच, एनएमसीएच, गार्डिनर रोड, गर्दनीबाग, एलएनजेपी हड्डी अस्पताल, जीजीएस हॉस्पिटल पटना सिटी के अलावा जिले के दानापुर, मसौढ़ी, बाढ़, मोकामा आदि अनुमंडलीय व रेफरल अस्पतालों में संबंधित तीनों जांच की सुविधा है। ये सभी टेस्ट इन सरकारी अस्पतालों में निशुल्क होते हैं। इसके अलावा आइजीआइएमएस व पटना एम्स में काफी कम दर में ये तीनों जांच हो रही हैं।

आइजीआइएमएस के निदेशक व नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ बिभूति प्रसन्न सिन्हा ने बताया कि अगर आप डेंगू से पीड़ित हैं, तो घबराएं नहीं। सतर्क रहकर ही इससे बचाव किया जा सकता है। इसमें डॉक्टर की सलाह पर बुखार और एंटीबायोटिक दवाएं के साथ खुलकर तरल पदार्थ लें। तरल पदार्थों में नारियल पानी, नींबू पानी, ओआरएस का घोल, दही का पानी आदि का सेवन करें।

डेंगू फैलाने वाले मच्छर से भी बचने की जरूरत है। ऐसे में डेंगू मच्छर को फैलने से रोके। डेंगू का मच्छर साफ पानी से पनपता है। लोगों को अपने घरों तथा आस-पास के जगहों पर पानी खड़ा नहीं होने देना चाहिए। अगर किसी को बुखार होता है और डेंगू का शक होता है तो लोग तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर अपनी जांच करवाएं।

## महादलित विधवा महिला की गोली मारकर हत्या

अररिया, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के अररिया जिले में शुक्रवार की देर रात अज्ञात बदमाशों ने महादलित विधवा महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना अररिया नगर थाना क्षेत्र के लाहटोरा संथाली टोला वार्ड संख्या तीन की है। मृतक महिला सकुनिया देवी (65 वर्ष) है। वह अपने मंझले बेटे के घर के बरामदे पर सोई हुई थी और बदमाशों की आवाज को सुनकर बाहर निकली। घर के बाहर निकलते ही बदमाशों ने महिला को गोली मार दी। हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है। तीन की संख्या में आये बदमाशों द्वारा गोली मारने की बात कही जा रही है। स्थानीय ग्रामीण व परिजन स्कवायड डॉग मंगाने की मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी के बाद नगर थानेदार शिव शरण साह, दारोगा संजीव कुमार सहित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। बड़ी मशक्कत के बाद परिजनों को समझा बुझा कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया गया।

# छठ तक रफ्तार पकड़ने लगेगी ठंड

## अभी से सुबह–शाम ठंडा हुआ मौसम, गंगा का जलस्तर घटा, छठ घाट का काम शुरू

पटना, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में मौसम का मिजाज लगातार बदलता जा रहा है। राज्य में मानसून खत्म होने के बाद अब सुबह में हल्की ठंड की दस्तक हो गई है। सुबह और शाम में तापमान में गिरावट दर्ज करने का सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आएगी, जिसके कारण धीरे-धीरे ठंड बढ़ने के आसार हैं। छठ तक ठंड रफ्तार पकड़ने लगेगी।

विभाग के अनुसार प्रदेश का मौसम अगले 3 दिनों तक शुष्क बना रहेगा। आकाश पूरी तरीके से साफ रहेगा। साथ ही इसी बीच 10 किलोमीटर की गति से हवा चलने की संभावना जताई जा रही है। दिन में तापमान सामान्य रह रहा है, लेकिन सूर्य अस्त होने के बाद तापमान में गिरावट देखी जा रही है। पटना का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज होगी। राजधानी पटना में 22



अक्टूबर के दिन न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई और अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस। 23 अक्टूबर के दिन पटना में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई जा रही है।

इस साल प्रदेश में जून के महीने में 172.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा जुलाई महीने में 134.7, अगस्त में 170.1, सितंबर में 206.2 और अक्टूबर महीने में 80.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अक्टूबर महीने में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। वहीं बाकी महीनों में सामान्य से काफी कम बारिश दर्ज की गई है।

पटना में गंगा का जलस्तर घटने लगा है। हालांकि अभी भी गंगा, गांधी घाट पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। लेकिन पिछले एक-दो दिन से गंगा का जलस्तर घटने लगा है, जिसके कारण घाटों को अब छठ पर्व के लिए तैयार किया जा रहा है। दीघा, जनार्दन व पाटी पुल घाट पर साफ-सफाई के साथ मिट्टी को समतल करने का काम शुरू हो गया है।

मौसम में लगातार बदलाव को देखते हुए डॉक्टरों ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बदलते मौसम में अक्सर लोगों के बीमार होने के आसार बढ़ जाते हैं। इस मौसम में बीपी के मरीजों की समस्या अधिक बढ़ सकती है।

## बेऊर जेल में कैदियों के पास कहां से आया मोबाइल और गांजा?

पटना, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी पटना में पांच पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए पुलिसकर्मियों में एक एएसआई और चार सिपाही शामिल हैं। शुक्रवार की शाम बेऊर जेल गेट के पास एक निजी कैदी वैन के भीतर से मोबाइल, गांजा, स्मैक, समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ था, उसी मामले में इन पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी हुई है। आखिर जेल के बंदियों तक ये सामान कहां से पहुंचा, इन पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी के बाद इसका खुलासा होने की उम्मीद है।

बता दें कि पटना सिविल कोर्ट से पेशी के बाद लौटे एक निजी कैदी वैन के भीतर से 19 मोबाइल, दो किलोग्राम गांजा, स्मैक, गुटका, सिगरेट के पैकेट व अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ था। एसएसपी डॉ मानवजीत सिंह ढिल्लों के निर्देश पर फुलवारीशरीफ एएसपी मनीष कुमार सिन्हा व बेऊर थानेदार अतुलेश सिंह ने शुक्रवार की शाम जेल गेट के समीप छापेमारी की। उसी वक्त कैदियों को पेशी से वापस लेकर वैन वहां पहुंचा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसी समय एएसपी फुलवारी भी वहां पहुंच गए और कैदी वैन की तलाशी ली।

# नीतीश की जेडीयू तो नहीं ?

## किसे बुलाने को आरजेडी नाम और लालटेन छोड़ने को तैयार हैं लालू – तेजस्वी

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल ने अपने संविधान में संशोधन करके आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव और बिहार के डिप्टी सीएम व उनके छोटे बेटे तेजस्वी यादव को अपनी पार्टी राजद का नाम और उसके चुनाव चिह्न लालटेन को लेकर किसी भी तरह के फैसले के लिए अधिकृत कर दिया है। दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन के आखिरी दिन खुले सत्र में हजारों कार्यकर्ताओं और नेताओं की मौजूदगी में लालू यादव के करीबी भोला यादव ने यह प्रस्ताव रखा जिसे तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पास कर दिया गया। इसके



बाद से ही अटकल शुरू है। जो लोग समझ रहे हैं वो चुप हैं और ऐलान के इंतजार में हैं। जो नहीं समझ रहे हैं वो परेशान हैं कि लालू यादव 25 साल पुरानी अपनी पार्टी का नाम या चुनाव चिह्न अब क्यों बदलना चाहते हैं जिसके लिए वो संविधान में संशोधन तक करवा रहे हैं। जो समझ रहे हैं उनका अनुमान है कि ये आने वाले दिनों में नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के मिलकर एक हो जाने और एक नई पार्टी बनाने की तैयारी है।

ऐसा क्यों हो सकता है, इसे समझना होगा। वैसे लालू और नीतीश की पार्टियों के विलय की बातें 2015 में भी गंभीर रूप से हुई थीं जब सपा, आरजेडी, जेडीयू, जेडीएस, इनेलो और सजपा ने मिलकर जनता परिवार बनाने का ऐलान किया था लेकिन वो बात ऐलान से आगे नहीं बढ़ सकी।

## किडनैप समझकर ढूंढ रहा परिवार- वो लड़का रूप बदलकर पहुंचा पंजाब

मेरठ, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेरठ से करीब एक माह पूर्व लापता हुए युवक के अपहरण का हल्ला मचा था। पुलिस ने मोबाइल की आखिरी कॉल से छानबीन शुरू की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पता चला कि जिस युवक के अपहरण का हल्ला मचा, वह पंजाब जाकर किन्नर बन गया है। वहीं पर कुछ अन्य किन्नर के साथ रह रहा है और उसने अपना पुराना मोबाइल नंबर व सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए हैं। अब युवक को वापस लाने की तैयारी की जा रही है। तारापुरी निवासी युवक करीब एक माह पूर्व लापता हुआ। युवक के भाई ने 30 सितंबर को लिसाड़ी गेट थाने में तहरीर दी और अपहरण की आशंका जताई। इस घटना को लेकर गुमशुदगी दर्ज की गई और युवक की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने लापता के मोबाइल नंबर की आखिरी 10 कॉल को लेकर छानबीन शुरू की।

इन कॉल में से एक नंबर युवक के दोस्त का ही था। दोस्त से बातचीत की तो चौकाने वाला खुलासा किया। बताया कि लापता होने से पहले युवक कई बार उसके सामने ही किन्नर बनने की बात कहता था। आखिरी बार जब बात हुई तो पंजाब में बता रहा था।




# बीजेपी हेट स्पीच पर सख्त कार्रवाई करें

## अशोक गहलोत बोले- भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा-आरएसएस के नेता बदल रहे हैं बयान

जयपुर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी का स्वागत किया है। राहुल गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, नफरत और हिंसा के के विरोध में भार जोड़ो यात्रा शुरू की थी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी का स्वागत किया है। सीएम गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी ने देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी, नफरत और हिंसा के माहौल के विरोध में भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। कई राज्यों में तो ऐसी स्थिति बन गई है कि सरकार की आलोचना करना एक अपराध बन गया हो। भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखकर बीजेपी और आरएसएस के नेताओं तक के बयान भी बदलने लगे हैं।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली तीनों जगह



सरकारों को हेट स्पीच पर सख्त कार्रवाई के लिए दिए गए निर्देश भी स्वागतयोग्य हैं।

यदि भाजपा सरकारों ने हेट स्पीच पर सख्त कार्रवाई की होती तो सुप्रीम कोर्ट को ऐसा कहने की जरूरत ही नहीं पड़ती। भारत जोड़ो यात्रा के एक महीने में ही देश का माहौल इतना बदल गया है। मुझे विश्वास है कि जब ये यात्रा समाप्त होगी तब तक देश के हिंसा व तनाव का माहौल में भी बदलाव देखने को मिलेगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने की थी टिप्पणी**

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने आदेश में कहा कि, हेट स्पीच को लेकर आरोप बहुत गंभीर हैं। भारत का संविधान हमें एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में परिकल्पित करता है। देश में नफरत फैलाने वाले भाषणों के बारे में IPC में उपयुक्त प्रावधानों के बावजूद निष्क्रियता है. हमें मार्गदर्शक सिद्धांतों का पालन करना होगा। अगर कोई शिकायत ना हो तो भी पुलिस स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करे. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, अगर लापरवाही हुई तो अफसरों पर अवमानना कार्रवाई होगी।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस केएम जोसेफ की बेंच ने कहा 21 वीं सदी में ये क्या हो रहा है? धर्म के नाम पर हम कहां हम पहुंच गए हैं? हमने ईश्वर को कितना छोटा बना दिया है. उन्होंने कहा कि भारत का संविधान वैज्ञानिक सोच विकसित करने की बात करता है।

बता दें, सीएम गहलोत पहले भी हेट स्पीच पर बीजेपी पर निशाना साधते रहे हैं। गहलोत कहते रहे हैं कि पीएम मोदी को शांति और भाईचारा की अपील करनी चाहिए।

हम तो रोजाना अपील करते हैं, लेकिन पीएम की अपील का असर होता है। पीएम ने पहले कार्यकाल में सिर्फ एक बार अपील की थी। फिर न जानें क्यों अपील नहीं करते है। बीजेपी और आरएसएस के नेता हेट स्पीच देते रहते हैं। उन पर कानून सम्मत कार्यवाही होनी चाहिए।

# देवीसिंह भाटी बोले- भाजपा में शामिल होने की इच्छा नहीं

## पहले समर्थकों की जिद के आगे मैं शामिल होने को राजी हुआ था, वरना मैं तो खुले में घूमने पर विश्वास करता हूं

जयपुर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीकानेर के कद्दावर नेताओं में शुमार देवी सिंह भाटी ने हाल ही में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की एक बैठक में जाकर उन्हें खरी-खरी सुना दी। बैठक में ही कलेक्टर पर भी नाराजगी जाहिर की। इससे पहले खुद ही भाजपा में शामिल होने का ऐलान करके सुर्खियों में आ चुके हैं। पिछले दिनों भाटी ने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के बीकानेर दौरे के दौरान उनकी सभा कराकर भी सुर्खियां बटोरी थीं।

उस समय यह भी चर्चा थी कि वसुंधरा की सभा में भाटी की भाजपा में घर वापसी हो सकती है लेकिन उनकी वापसी अटक गई थी।

जिस दिन अर्जुनराम मेघवाल की बैठक थी, उसी दिन मुझे दोपहर 12 बजे मिलने का समय कलेक्टर ने दिया था। मैं गोचर



भूमि अतिक्रमणों से जुड़े विवाद को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल लेकर पहुंचा था। देखा तो पहले से ही मीटिंग हॉल में बैठक चल रही थी। मेघवाल सामने थे तो कुछ मुद्दे-वादे याद दिला दिए।

उन्होंने मुझे कुछ नहीं कहा, उल्टा कलेक्टर को इशारा किया कि मेरे प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करें। कलेक्टर ने हमारे साथ 50 मिनट की बैठक की और मेघवाल अलग से बैठक करते रहे। सभी के अलग-अलग स्वभाव होते हैं। मेघवाल का स्वभाव चुप रहने का है और मेरा बोलने का।

भाजपा में शामिल होने को लेकर फिलहाल अभी कोई इच्छा नहीं है। इससे पहले समर्थकों की जिद के आगे मैं शामिल होने को राजी हुआ था। वरना मैं तो खुले में घूमने पर विश्वास करता हूं।

मेरा इस सिस्टम पर विश्वास कम ही है। दरअसल मुझे समाज के सिस्टम पर अधिक विश्वास है।

समाज के सिस्टम से मतलब आप और हम हैं। इस सिस्टम में अपराध के लिए कोई स्थान नहीं है। उदाहरण के तौर पर महिला अपराध को सामाजिक बायकाट से ही खत्म किया जा सकता है। हाल ही में हमने गोचर भूमि से अतिक्रमण हटवाया है। ये सामाजिक चेतना का ही असर था।

हमने ही सबसे पहले आर्थिक पिछड़ों के लिए आरक्षण की मांग उठाते हुए सामाजिक न्याय मंच बनाया था। हालांकि सरकारों ने 10 प्रतिशत आरक्षण देकर थोड़ी सी राहत दी है, लेकिन इन्हें और राहत की दरकार है।

# डोटासरा ने वसुंधरा को बताया सीएम का नेचुरल फेस

## कहा-जो स्वीकार्य, उसे घोषित नहीं करते, कभी गजेंद्र-कभी राठौड़ मुख्यमंत्री बने घूमते हैं

जयपुर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- प्रदेश बीजेपी में टूट चरम सीमा पर है। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ। किसी विधायक को (मैं नाम नहीं लेना चाहता) कल वसुंधरा जी ने यह कहा है कि जो परिस्थितियां हमारी पार्टी में चल रही हैं, ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस की सरकार 2023 में 100 फीसदी वापस बनने जा रही है।

मतलब वो इतनी व्यथित हैं कि 12 महीने पहले ये कह रही हैं कि पार्टी में नेतृत्व को लेकर झगड़े हैं। उन्होंने कहा कि- जो नेचुरल फेस जनता में स्वीकार्य है, उसे घोषित नहीं करके दिल्ली वाले कभी गजेंद्र सिंह मुख्यमंत्री बनकर घूमने आ जाते हैं। कभी राजेंद्र राठौड़ मेरे विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ में जाकर अपने नारे लगवाते हैं।




**अब प्रदेश बीजेपी में भगदड़ मचेगी, लठ चलेंगे**

डोटासरा ने कहा चूरू में तो राजेंद्र राठौड़ के नारे लगाने वाला कोई रहा नहीं, चूरू में तो उनकी स्थिति पतली है। लक्ष्मणगढ़ से वो बीजेपी का आकलन कर रहे हैं, जहां बीजेपी की जमानत जब्त होने वाली स्थिति है। मैं समझता हूँ आज बीजेपी कोर कमेटी के नेताओं को वहां (दिल्ली) बुलाया गया है। आप मानकर चलिए कि अब प्रदेश में भी भगदड़ मचेगी, लट्ठ चलेंगे इनके। लट्ठ चलेंगे मतलब लाठी से नहीं आपस में बाण चलेंगे। मोदीजी के खिलाफ एक बड़ा वर्ग जो बीजेपी में कुंठित है, वो उनके खिलाफ बगावत करने की तैयारी कर रहा है। वसुंधरा राजे ने किससे कहा, कहां कहा- तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोले- मैं जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूँ। थोड़ा रिसर्च आप भी कीजिए। सब कुछ हम परोस देंगे क्या ?

**बीजेपी ने दोरंगा मफलर-टोपी को खत्म कर, केसरिया पर फूल का निशान लगाया**

डोटासरा ने कहा - बीजेपी में जो दोरंगा (केसरिया और हरी पट्टी का) झंडा था, उसको खत्म किया। फूल का निशान केसरिया मफलर पर लगाकर सबको पहना दिया। मोदी जी ने टोपी भी केसरिया कर दी है। तो ये केसरिया हिन्दू-मुस्लिम करते-करते कितने दिन चलेंगे। अब तो लोग पूछने लग गए।

मोदीजी ने कहा था- एक बार गैर गांधी किसी कांग्रेसी को 5 साल के लिए अध्यक्ष बना दो, मैं मान जाऊंगा। अब तो मोदीजी को मान जाना चाहिए और सार्वजनिक बयान देना चाहिए कि मैं गलती पर था।

डोटासरा ने कहा- कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व है। पार्टी का देश की आजादी से लेकर अब तक स्वर्णिम कार्यकाल रहा है।

**राज्यवर्द्धन राठौड़ को कौन पूछ रहा है ?**

जब मीडिया ने पूछा- सांसद राज्यवर्द्धन राठौड़ ने तो मल्लिकार्जुन खड़गे तो गांधी परिवार का रबर स्टैम्प बताया है। तो डोटासरा बोले- राज्यवर्द्धन राठौड़ को पूछ कौन रहा है। बीजेपी में कभी उन्हें मीटिंग में देखा है क्या ? अपनी ढपली-अपना राग वाली कहानी है। वह घर से एक-आधी बाइट दे देते हैं। मीडिया ने जब कहा-बीजेपी के प्रदेश पार्टी कार्यालय में आकर बाइट दी है। तो डोटासरा बोले- पार्टी कार्यालय में घुसने दे दिया ये उनकी जीत है, वरना आजकल कईयों को पार्टी कार्यालय में घुसने नहीं दे रहे हैं।

# राजस्थान में 250 दलित परिवारों ने हिंदू धर्म छोड़ा

## मूर्तियां नदी में विसर्जित कीं, दुर्गा आरती के बाद मारपीट से नाराज थे

न्याय नहीं मिलने पर अपनाया बौद्ध धर्म



बारां, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के बारां जिले में सवर्ण समाज के लोगों की मारपीट से आहत 250 दलित परिवारों ने हिंदू धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म अपना लिया। इन लोगों ने अपने घरों से देवी-देवताओं की मूर्तियों और तस्वीरों को बैथली नदी में विसर्जित कर दिया। इन परिवारों ने राज्य सरकार के खिलाफ भी आक्रोश जताया और आरोप लगाया कि 15 दिन पहले मां दुर्गा की आरती करने पर सवर्णों ने दलित समुदाय के दो युवकों के साथ मारपीट की थी। समाज ने राष्ट्रपति से लेकर जिला प्रशासन तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह पूरा मामला छबड़ा क्षेत्र के भूलोन गांव का है।

जिला बैरवा महासभा युवा मोर्चा के अध्यक्ष बालमुकंद बैरवा ने बताया कि भूलोन गांव में 5 अक्टूबर को दलित समुदाय के युवकों राजेंद्र और रामहेत ऐरवाल ने मां दुर्गा की आरती का आयोजन किया था। इन युवकों से राहुल शर्मा और लालचंद लोधा ने मारपीट की थी। इन लोगों का आरोप है कि इसे लेकर पुलिस प्रशासन, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन जब कहीं से कोई कार्रवाई नहीं हुई तो समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन का फैसला लिया। शुक्रवार को गांव में आक्रोश रैली निकाली। इसके बाद देवी-देवताओं की प्रतिमाओं-तस्वीरों का नदी में विसर्जन किया।

बालमुकंद बैरवा ने चेतावनी दी कि अगर मुख्य आरोपी को जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो छबड़ा एसडीएम ऑफिस पर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था ठप होने और दलितों पर अत्याचार के मामले बढ़ने के आरोप लगाए। इस दौरान रमेश मेराठा, बद्रीलाल बैरवा (छीपाबड़ौद), छीतरलाल बैरवा, पवन, रामहेत बैरवा, महेंद्र मीणा (तुर्कीपाड़ा) आदि मौजूद रहे।

# रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव पहुंचे जयपुर

## 450 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र




जयपुर

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव शनिवार सुबह विशेष ट्रेन से जयपुर जंक्शन पहुंचे। जहां बीजेपी कार्यकर्ताओं और रेलवे के आला अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वैष्णव ने केंद्र सरकार की विभिन्न विभागों में नियुक्त हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए।

इसके बाद वैष्णव प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रेलवे ग्राउंड पहुंचे। जहां उनके साथ सांसद घनश्याम तिवाड़ी और डॉक्टर किरोडी लाल मीणा भी मौजूद।

बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा विभागो में युवाओं को रोजगार देने के लिए विशेष रोजगार मेला की शुरुवात की गई है। जिसमें केंद्र सरकार के 38 मंत्रालयों और विभागों में भर्तियां की जायेगी। इनमें विभिन्न स्तरों ग्रुप-ए, ग्रुप-बी (राजपत्रित), ग्रुप-बी (अराजपत्रित) और ग्रुप-सी पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं। जिनमें केंद्रीय सशस्त्र बल कार्मिक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, क्लर्क, स्टेनो, पीए, आयकर निरीक्षक, मल्टी टास्किंग स्टॉफ इत्यादि सम्मिलित हैं।

ये भर्तियां मिशन मोड में मंत्रालयों और विभागों द्वारा स्वयं के स्तर पर, यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड जैसी एजेंसियों के माध्यम से की जा रही हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सुबह 6 बजे दिल्ली स्टेशन से विशेष ट्रेन से 9.30 बजे जयपुर स्टेशन पहुंचे। सफर के दौरान विशेष कोच से उन्होंने रेलवे के आला अधिकारियों के साथ जयपुर दिल्ली रेलवे ट्रैक का निरिक्षण किया। जयपुर जंक्शन पर 450 युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के बाद वैषणव गणपति नगर स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर पहुंचें।

जहां पर वह पीएम मोदी के वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद वैष्णव उत्तर पश्चिम मुख्यालय जाएंगे और रेलवे के आला अधिकारियों की बैठक लेंगे। वहीं शाम को 7 बजे गांधी नगर स्टेशन का निरिक्षण कर वैष्णव दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# महिला कैशियर पर बंदूक तान बैंक लूटा

## बाइक पर आए तीन लुटेरे, बैग में कैश भरकर फरार

सवाईमाधोपुर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में बैंक बदमाशों के निशाने पर है। आए दिन बैंक में घुसकर बदमाश वारदात को अंजाम दे रहे हैं। आज बैंक ऑफ बड़ौदा (BOB) में हथियार के बल पर 3 बदमाश 7 लाख रुपए लूटकर ले गए। बदमाशों ने बैंक में घुसते ही महिला कैशियर पर बंदूक तान दी और कैश बैग में भरने को बोला। मामला सवाईमाधोपुर का है।

SP सुनील कुमार विश्नोई ने बताया कि शहर के आलमपुर सर्किल पर बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच है। तीन बदमाश बैंक के बंद होने के समय शाम को बाइक पर आए थे। बैंक में घुसकर एक बदमाश गेट पर खड़ा रहा। दूसरे लुटेरे ने सामने बैठी महिला कैशियर रश्मि पर बंदूक तान दी। उन्हें एक बैग देकर कैश भरने को कहा। तीसरा मैनेजर के रूम में गया और बंदूक तान दी। बैंक में लगे CCTV में बदमाश दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने नाकाबंदी कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

कैशियर रश्मि ने बताया कि तीनों बदमाशों ने चेहरे पर रूमाल बांध रखा था। उसके पास आए बदमाश के हाथ में बैग था। सिर पर टोपी लगा रखी थी। कैशियर ने बताया कि वह धीरे-धीरे चली तो तेज चलकर जल्दी-जल्दी कैश बैग में भरने को कहा। बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देकर सारा कैश बैग में भरवाया। लगभग 7 लाख रुपए लेकर वह भाग गए।

सूचना पर कोतवाली पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें लुटेरे साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस ने नाकाबंदी कराकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# गहलोत सरकार ने 31 हजार से अधिक अस्थाई कार्मिकों को दिया दिवाली का तोहफा

जयपुर, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। आदेश के तहत राज्य के 23749 ग्राम पंचायत सहायक, 3838 शिक्षाकर्मी और 3886 पैराटीचर्स इस नियम में शामिल होंगे। गहलोत सरकार ने इनका मानदेय भी बढ़ा दिया।



राजस्थान सरकार ने शिक्षा विभाग में संविदा में कार्यरत 31 हजार से अधिक शिक्षाकर्मी, पैराटीचर्स और पंचायत सहायकों को दिवाली का तोहफा दिया है। इन कार्मिकों को राजस्थान सिविल पदों पर संविदा पर रखा जाना नियम-2022 में शामिल किया है। इसके तहत इनके पदनाम और वेतनमान भी बदले गए हैं।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पवन कुमार गोयल ने इसको लेकर शुक्रवार को आदेश जारी किए।

गहलोत सरकार के इस कदम के बाद अब शिक्षा कर्मी शिक्षा सहायक, पैराटीचर्स पाठशाला सहायक और ग्राम पंचायत सहायक विद्यालय सहायक कहलाएंगे। आदेश के तहत राज्य के 23749 ग्राम पंचायत सहायक, 3838 शिक्षाकर्मी और 3886 पैराटीचर्स इस नियम में शामिल होंगे।

नौ साल बाद इनका संशोधित पदनाम शिक्षा सहायक ग्रेड सेकंड, पाठशाला सहायक ग्रेड सेकंड और विद्यालय सहायक ग्रेड सेकंड रहेगा। इनका मानदेय बढ़कर 18 हजार 500 रुपए हो जाएगा।

इसी प्रकार 18 साल की सेवा पूरी करने के बाद संशोधित पदनाम शिक्षा सहायक ग्रेड प्रथम, पाठशाला सहायक ग्रेड प्रथम और विद्यालय सहायक ग्रेड प्रथम रहेगा। इन मानदेय बढ़कर अब 32 हजार 300 रुपए हो जाएगा।

# राजस्थान में अब इंटरनेट हाईस्पीड : अंबानी बोले- देश के कोने-कोने में जल्द पहुंचेगी 5जी सेवा, नाथद्वारा से शुरुआत

राजसमंद. 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने टैब का बटन दबाकर 5जी सेवा लॉन्च की। कंपनी की जिम्मेदारी संभालने के बाद यह उनका पहला बड़ा लॉन्चिंग कार्यक्रम रहा। देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने आज राजसमंद जिले के नाथद्वारा में श्रीनाथजी मंदिर में 5जी सेवा लॉन्च कर दी है। कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी पत्नी के साथ सुबह करीब 11 बजे नाथद्वारा पहुंचे, श्रीनाथजी के दर्शन-पूजन किए। इसके बाद मोतीमहल में आयोजित



लॉन्चिंग कार्यक्रम में टैबलेट का बटन दबाकर सेवा की शुरुआत की।

इस मौके पर आकाश अंबानी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि-देश के कोने-कोने तक जल्द ही हाईस्पीड इंटरनेट पहुंचेगा। इसकी शुरुआत आज यहां से हो चुकी है। नाथद्वारा के साथ ही जियो 5G सर्विस आज से चेन्नई में भी लॉन्च की गई है। बता दें कि 5 अक्टूबर को जियो ने दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, वाराणसी से 5G सेवाओं की देश में शुरुआत की थी। जियो चेयरमैन बनने के बाद आकाश अंबानी का यह पहला बड़ा लॉन्चिंग कार्यक्रम रहा।

इससे पहले अंबानी दंपती ने श्रीनाथजी मंदिर में राज भोग झांकी के दर्शन कर तिलकायत पुत्र विशाल बावा का आशीर्वाद लिया। श्रीनाथजी अंबानी परिवार के कुल देवता हैं। श्रीनाथजी मंदिर के मोती महल परिसर में लॉन्चिंग कार्यक्रम रखा गया था। यह कार्यक्रम 10.30 बजे से 12 बजे तक चला। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5जी की नाथद्वारा में शुरुआत करने के लिए मोती महल व गोशाला सहिज करीब 20 टावर लगाए गए हैं, जहां से हाईस्पीड इंटरनेट सेवा आमजन तक पहुंचेगी।

# 'एयरपोर्ट निमार्ण की रुकावट जल्द पूरी होगी'

## लोकसभा स्पीकर ओम बिरला बोले- ये राजनीतिक दलों का विषय नहीं, राज्य व केंद्र मिलकर कोशिश कर रहे

कोटा, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मीडिया से बातचीत में कहा कि संसदीय क्षेत्र में जो भी विकास के मुद्दे होते हैं चाहे एयरपोर्ट हो या अन्य मुद्दे, उनके समाधान के लिए एक सकारात्मक रूप से व गंभीरता से प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि हम इस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं ,जल्दी एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य शुरू हो इसके लिए कुछ औपचारिकताएं हैं। वन विभाग के डायवर्जन का विषय है। काफी हद तक डाइवर्जन के कई मुद्दों का समाधान कर दिया है। जो कुछ भी मुद्दे बचे हुए हैं। राज्य सरकार से और चर्चा कर इन मुद्दों का स मा धा न करें।क्योंकि एयरपोर्ट बने कोटा की जनता की बहुत लंबी मांग है।



गौरतलब है कि शुक्रवार को कोटा को 700 करोड़ की सौगात देते समय सीएम अशोक गहलोत ने अपने संबोधन में कोटा में एयरपोर्ट निर्माण का जिक्र किया था। सीएम ने कहा था कि कोटा में एयरपोर्ट की कमी है। अगली बार ओम बिरला आए तो आप लोग उनसे बात करिएगा, में भी उनसे बात करूंगा। जब ओम भी है,और शांति भी है, तो कमी किस बात की है। हम हम सबको मिलकर एयरपोर्ट लाना ही है। स्पीकर बिरला ने कहां कि राज्य और केंद्र दोनों मिलकर एक सकारात्मक दिशा की ओर प्रयास कर रहे हैं। केंद्र सरकार के मंत्री पूरा प्लान बनाकर स्वीकृत कर चुके हैं। जो कुछ भी औपचारिकताएं, रुकावट है। वह निश्चित रूप से पूरी होगी। जनता हमारी है,ये राजनीतिक दलों का विषय भी नहीं है।

हम सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं कि कोटा में विकास में नया आयाम चुने और पर्यटन, इंडस्ट्री, एजुकेशन के साथ साथ ट्रिपल आईटी ,आईटी का पावर सेंटर हो। यहां काफी संभावना है।

# केन्द्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने चयनित अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र



हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज रेल कलारंग, बोईगुडा, सिकंदराबाद में सांसद के. लक्ष्मण, सांसद बंडी संजय की उपस्थिति में आयोजित एक रोज़गर मेला के पहले चरण के तहत केंद्र सरकार के नए चयनित भर्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। महाप्रबंधक (प्रभारी), एससीआर, अरूण कुमार जैन,डिविजनल रेलवे मैनेजर, सिकंदराबाद डिवीजन ए. के. गुप्ता और विभिन्न केंद्र सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर 10 लाख कर्मियों के लिए रोजगार मेला-भर्ती ड्राइव लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और नई भर्तियों को अपने सर्वोत्तम प्रयासों में डालने और अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने केंद्र सरकार की नई चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी और उन्हें अपने जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने देश के युवाओं के उत्थान और बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार अधिक रोजगार के अवसरों को उत्पन्न करने और डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन, अटाल मिशन फॉर कायाकल्प और शहरी परिवर्तन, सभी के लिए आवास, सभी के लिए आवास, सभी के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर विभिन्न पहल कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता पर आधारित है।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण ने रक्षा, पुलिस और बीएसएफ आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी काफी प्रगति देखी है अपने स्वागत संबोधन में अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक (प्रभारी), एससीआर ने कहा कि यह ज़ोन के लिए एक सुखद क्षण है। राष्ट्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में एक नई सुबह है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री के गतिशील नेतृत्व के तहत, भारतीय रेलवे परिवर्तन के चरण में है और राष्ट्र के आर्थिक विकास के लिए पहियों को उधार दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित है कि विकास प्रक्षेपवक्र जो अब देखा जा रहा है वह भविष्य के समय में आगे बढ़ेगा।

## भाजपा की देन है मुनुगोडु उपचुनाव : जगदीश रेड्डी

हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। ऊर्जा मंत्री जगदीश रेड्डी ने कहा कि मुनुगोडु उपचुनाव भाजपा की देन है। एक व्यक्ति के लालच से आने के बाद चुनाव कराना पड़ा। शनिवार को यहां प्रेस क्लब में प्रेस को संबोधित करते हुए, ऊर्जा मंत्री जगदीश रेड्डी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कमजोर हो रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्मा धीरे-धीरे कम होता जा रहा था। दूसरी ओर, नई घोषित भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को देश भर के लोगों के बीच भारी प्रतिक्रिया मिल रही है। इस मोड़ पर, भाजपा नेताओं को लगता है कि अगले संसद चुनाव में केसीआर से खतरा होगा। जगदीश रेड्डी ने कहा कि विकास के तेलंगाना मॉडल पर देश भर में बहस की जा रही है और विभिन्न राज्यों के अधिकारी तेलंगाना विकास के लिए राज्य को रोमांचित कर रहे हैं। टीआरएस सरकार की योजनाएं पूरे देश में लोकप्रिय हो गई हैं, जिनमें नरेंद्र मोदी के राज्य गुजरात शामिल हैं।

# तेलंगाना को मिला ग्रीन चैंपियन अवार्ड




हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल ने ग्रीन बिल्डिंग कांग्रेस 2022 (भारत के वार्षिक प्रमुख सम्मेलन और ग्रीन बिल्ट एनवायरनमेंट पर एक्सपो) के 20 वें संस्करण का आयोजन एचआईसीसी, हैदराबाद में किया गया। अपने तीन दिवसीय कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, पुरस्कार प्रस्तुत समारोह शनिवार को यहां एचआईसीसी में आयोजित किया गया और श्रेणी के लिए 'राज्य सरकार ने भारत में ग्रीन बिल्डिंग मूवमेंट को बहु-आयामी दृष्टिकोण के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान तेलंगाना को "ग्रीन चैंपियन अवार्ड" से सम्मानित किया गया है। सुदर्शन रेड्डी, सचिव, एमए और यूडी विभाग और देवेंद्र रेड्डी, मुख्य सिटी प्लानर, जीएचएमसी ने राज्य सरकार की ओर से पुरस्कार प्राप्त किए। तेलंगाना राज्य जो ग्रीन बिल्डिंग फुटप्रिंट के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है, आईजीबीसी के साथ पंजीकृत 575 ग्रीन बिल्डिंग परियोजनाएं हैं, जो 1,030 मिलियन वर्ग फुट का योगदान देती है। तेलंगाना ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) को अपनाने के लिए देश का पहला राज्य होने के नाते, साइट क्षेत्र के 1000 वर्गमीटर से अधिक के साथ सभी वाणिज्यिक भवनों में ईसीबीसी दिशानिर्देशों को अपनाने के लिए जनादेश बनाकर ऊर्जा क्षेत्र में व्यापक पहल भी लाया है। इस प्रकार ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा को अपनाने को प्रोत्साहित करता है। तेलंगाना द्वारा हरिथहरम पहल ने हाल ही में 'वर्ल्ड ग्रीन सिटी अवार्ड 2022' जीतकर हैदराबाद के साथ वैश्विक मान्यता प्राप्त की है। राज्य में ग्रीन मूवमेंट इमारतों से अंतर्निहित पर्यावरण तक बढ़ गया है। इस संदर्भ में, तेलंगाना में 4 शहरों की योजना और बुनियादी ढांचे को (आईजीबीसी) ग्रीन सिटीज़ रेटिंग के अनुसार विकसित किया जा रहा है। ये शहर वारंगल, खम्मम और करीमनगर के जीएचएमसी और नगर निगमों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। यह पहल तेलंगाना सरकार के समर्थन और मार्गदर्शन के साथ लागू की गई थी, जिसमें राज्य भर में ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा लेने के लिए एक दृष्टि है।

# बस हादसे पर बिहार सहयोग समिति ने शोक जताया

हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार सहयोग समिति तेलंगाना के अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने कहा कि हैदराबाद से प्रयागराज (यूपी) जा रही बस के मध्यप्रदेश (रीवा) में दुर्घटनाग्रस्त होने से 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विनय कुमार यादव ने कहा कि रेलवे की बेरुखी के कारण यह घटना हुई है। बिहार सहयोग समिति कई सालों से रेल मंत्रालय और दक्षिण मध्य रेलवे के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों से बिहार के लिए स्पेशल और नई ट्रेन चलाई जाने की मांग कर रही है। रेल मंत्रालय द्वारा सहयोग समिति की मांग को अनसुना कर दिया गया, जिसके कारण आज इतना बड़ा हादसा हुआ है। ट्रेनों में जगह न मिल पाने के कारण लोग मजबूरी में हैदराबाद से छठ पूजन के लिए बस द्वारा बिहार जा रहे थे। यूपी और बिहार के लोगों के सामने आवागमन की बहुत समस्या है सिर्फ दो ट्रेनों के माध्यम से ही लोगों को सफर करना पड़ रहा है। त्योहारों के समय में ट्रेनों में टिकट मिलना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि आए दिन लोगों की जान जा रही है और रेलवे प्रशासन सो रहा है। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री को इस घटना से सबक लेते हुए बिहार के लिए तत्काल ट्रेन चलाना चाहिए। छठ पूजा पर तेलंगाना सरकार द्वारा की गई व्यवस्था पर प्रसन्नता जताते हुए विनय कुमार यादव ने कहा कि नगर प्रशासन विभाग के प्रधान मुख्य सचिव अरविंद कुमार द्वारा सभी छठ पूजा घाटों पर साफ-सफाई आदि की व्यवस्था बेहतर तरीके से करवाई जा रही है। बिहार के लोगों के एक मांग पर नगरी प्रशासन एवं विकास मंत्री केटीआर ने छठ पूजा को लेकर सभी प्रबंध करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। महानगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारी घाटों की साफ-सफाई विद्युतीकरण आज की व्यवस्था में जुटे हुए हैं। उन्होंने तेलंगाना सरकार के मुख्यमंत्री केसीआर से बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए ट्रेन चलाए जाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है।




**प्रसिद्ध शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वैलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए फेस्टिवल डबल धमाका ऑफर शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि ज्वैलर्स ने समय-समय पर अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के ऑफर शुरू करता ही है, किंतु वर्तमान का ऑफर धनतेरस व दिवाली के मद्देनजर कुछ खास है। इस अवसर पर ज्वैलर्स के मालिक गौतम सेहलोत ने सभी का स्वागत किया तथा ज्वैलरी शोरूम में खरीददारी करते हुए ग्राहक।**

# भारत जोडो यात्रा आज तेलंगाना में प्रवेश करेगी

## 9 विधानसभा और 7 लोकसभा क्षेत्र करेगी कवर

हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बहुप्रतीक्षित भारत जोड़ो यात्रा आज राज्य में प्रवेश करेगी। यात्रा राज्य भर में नौ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और सात संसद खंडों को कवर करेगी। टीपीसीसी ने 13 समितियों का गठन किया है, जिसमें पार्टी के नेताओं से मिलकर यात्रा करने और अपने सफल संगठन के लिए व्यवस्था करने के लिए पार्टी के नेताओं का गठन किया गया है। यात्रा कर्नाटक के रायचूर से अविभाजित महबुबनगर जिले के गुडाबेलुर के साथ राज्य में प्रवेश करेगा। टीपीसीसी ने राज्य में राहुल गांधी के लिए एक शानदार स्वागत करने के लिए विस्तृत व्यवस्था की। राहुल गांधी तेलंगाना राज्य में प्रवेश करने के बाद दिवाली महोत्सव को ध्यान में रखते हुए विराम लेंगे। यात्रा को 27 अक्टूबर को फिर से शुरू किया जाएगा और 16 दिनों के लिए आयोजित किया जाएगा। राहुल गांधी अपने यात्रा के हिस्से के रूप में राज्य में 375 किमी को कवर करेंगे। पार्टी के नेताओं ने यात्रा के दौरान राज्य में राहुल गांधी के साथ कोने की बैठकें और आमने-सामने बातचीत करने का फैसला किया है। राहुल गांधी अपने यात्रा के हिस्से के रूप में हर दिन 20 से 25 किमी तक चलेंगे। वह सिकंदराबाद के बोवेनपल्ली में रात भर रहेंगे। राहुल राज्य की राजधानी में नेकलेस रोड में एक बैठक को संबोधित करेंगे। यह यात्रा नरायनखेड़ा, देवराकोंडा, जेडेर्चेला शादनगर, राजेंद्र नगर, बहादुरपुरा, चारमीनार, गोशमहल, नंपली, खैरताबाद, कुक्कटपल्ली, शेरलिंगमली, पठानचेरुवु आदि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करेगी।

## अग्रवाल समाज दोमलगुड़ा शाखा का दिवाली मिलन और अन्नकूट 30 को

हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज, तेलंगना की दोमलगुड़ा शाखा का इस वर्ष का दिवाली मिलन और अन्नकूट प्रसाद का आयोजन 30 अक्टूबर रविवार की दोपहर एनटीआर गार्डन, नेकलैस रोड के सामने स्थित श्री हनुमान मंदिर में संपन्न होगा। शाखा के मंत्री योगेश अग्रवाल के द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सुबह 11:30 बजे भगवान की विधिवत पूजा के उपरांत शाखा की साधारण सभा संपन्न होगी और इसके बाद उपस्थित सभी लोग श्री अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। कार्यक्रम के संयोजक जुगल किशोर अग्रवाल और उप संयोजक अक्षय अग्रवाल के अनुसार कार्यक्रम में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के अध्यक्ष एके अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप पंसारी, मंत्री कपूर चंद गुप्ता, संयुक्त मंत्री सतीश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष राकेश जालान की विशेष उपस्थिति होगी। शाखा के परामर्शदाताओं ओमप्रकाश पंसारी, गिरधारी लाल अग्रवाल तथा श्यामलाल अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न होने वाले इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से केंद्रीय समिति सदस्य विजय जिंदल और सीमा अग्रवाल के साथ ही महिला समिति की संयोजिका सरला अग्रवाल और उप संयोजिका पूजा गुप्ता तथा रश्मि अग्रवाल कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करेंगी। शाखा के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, मंत्री योगेश अग्रवाल, संयुक्त मंत्री प्रतीक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष विजय कुंछल ने एक संयुक्त निवेदन के अंतर्गत शाखा के सभी सदस्यों से उक्त कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित रहकर अन्न कूट प्रसाद का लाभ प्राप्त करने और कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाह्न किया है।



**दीपावली की पूजा की शुरुआत धनतेरस से शुरू हुई है। सर्व प्रथम राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने पूजा की। इस अवसर पर सुरेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, विठ्ठलदास बड़ेगांव वाले, विजयकुमार, समाजसेवी गोपाल बल्दवा, प्रमोद सरायवाला, मोहन लायन सिंह आदि भक्तों ने भाग लिया।**

# 'कैंसर से युवाओं को बचाने के लिए इस्कॉन कुक्कटपल्ली प्रतिबद्ध'

हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन), कुक्कटपल्ली ने बताया कि कैंसर भारत और दुनिया में मौत का सबसे बड़ा कारण है। आईसीएमआर-स्वास्थ्य मंत्रालय के अध्ययन के अनुसार अकेले 2021 में लगभग 8 लाख लोगों ने कैंसर के कारण अपनी जान गंवाई।




हर चार पुरुषों में से एक और हर पांच में से एक महिला को अपने जीवन में कभी न कभी कैंसर होगा। हालांकि, डब्ल्यूएचओ के अनुसार, सभी प्रकार के कैंसर के 70% तक प्रकृति में रोकथाम योग्य हैं। रोकथाम का एक औंस इलाज के पाउंड से बेहतर है। यह कार्सिनोजेनिक एजेंटों से बचने और एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से संभव है।

हमारे युवाओं को बचाने और उनकी रक्षा करने के लिए, इस्कॉन, कुकटपल्ली पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम 2018 से तेलंगाना के कॉलेजों में भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रहे हैं। सैकड़ों कॉलेजों में व्याख्यान की श्रृंखला आयोजित की जाती है। अभियान को तेलंगाना उच्च शिक्षा परिषद, शिक्षा मंत्रालय तेलंगाना, एनएसएस, राष्ट्रीय सेवा योजना केंद्र सरकार की संस्था द्वारा समर्थित है। एक स्व-शिक्षित कार्यक्रम है जिसके तहत छात्र कैंसर पर विस्तृत ज्ञान प्राप्त करते हैं। 29 अक्टूबर 2022 को हम मल्लारेड्डी विश्वविद्यालय परिसर, कोम्पल्ली में किल द कैंसर एलोक्यूशन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर रहे हैं। इसके बाद तेलंगाना राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मेगास्टार के. चिरंजीवी आईएनटीएल विश्वविद्यालय के विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे इस समारोह में विभिन्न कॉलेजों के 50 हजार से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है।



**एसएसके गर्ल्स डिग्री कॉलेज, रहीमपुरा में विश्व भोजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए कॉलेज के महासचिव कटिघर शंकर राव, कोषाध्यक्ष शिव रतन, टीआरएस नेता एच.कुमार व अन्य।**




**भारत सेवाश्रम संघ ने इंदिरा पार्क में गरीबों में साड़ी और ड्रेस का वितरण किया। कार्यक्रम में आरपी श्रीनिवास, स्वामी वेंकटेश्वर नंदा, स्वामी सिद्धार्थ नंदा, स्वामी प्रयागतानंद आदि ने भाग लिया।**



**मदनूर में महिलाओं ने वसु बारस बड़ी भक्ति भाव से मनाया। इस समय कल्पना, रानी, आरती, विजया, देबडवार व शंकुंतला अम्मा उपस्थित रहीं।**

# सेंट पॉल डिग्री कॉलेज का स्नातक दिवस का आयोजन

हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सेंट पॉल डिग्री कॉलेज, हिमायतनगर ने 2022 कक्षा के अपने उत्तीर्ण छात्रों के लिए स्नातक दिवस का आयोजन किया। सेंट पॉल डिग्री कॉलेज के सचिव और संवाददाता मोहम्मद सिराजुद्दीन ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में भाग लिया।




उन्होंने स्नातकों को अपने करियर में शीर्ष स्थान हासिल करने और यदि संभव हो, तो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए अपनी प्रतिभा और ज्ञान को बढ़ाने के लिए संबोधित किया। सेंट पॉल डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य हयाग्रीव चारी ने कॉलेज को शानदार परिणाम देने के लिए सेंट पॉल स्नातकों की सराहना की और माता-पिता और कॉलेज को गौरवान्वित करने के लिए उनकी प्रशंसा की। बीबीए पाठ्यक्रम की सुश्री पेरोजी राम्या को 10 में से 9.33 सीजीपीए के उच्चतम अंक हासिल करने के लिए मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। बी कॉम कोर्स के सैयद मुजीब हुसैन को 10 में से 9.33 सीजीपीए के उच्चतम अंक हासिल करने के लिए मुख्य अतिथि और प्रिंसिपल द्वारा रजत पदक से सम्मानित किया गया। सैयद अवीज, राजेश कुमार जोशी, सुश्री अंजलि, सुश्री निकिता कुमारी, सुश्री सानिया बानो, श्रीराम कृष्ण, अमीर हमजा चौधरी, एमडी शाहिद, सुश्री पल्लवी अन्य कॉलेज टॉपर्स हैं। विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट ग्रेड हासिल करने वाले स्नातकों को मुख्य अतिथि और प्राचार्य द्वारा पदक से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्य ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को स्नातक प्रमाणपत्र प्रदान किए।

## कोकीन बेचने के आरोप में विदेशी नागरिक गिरफ्तार

हैदराबाद, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल दो स्थानीय लोगों के साथ एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया और उनके पास से 40 ग्राम कोकीन और आठ मोबाइल फोन जब्त किए। विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए हैदराबाद नारकोटिक्स एनफोर्समेंट विंग की टीम ने पुंजागुट्टा पुलिस के साथ मिलकर नाइजीरिया के मोहम्मद तोइरू बकराई (35) को मुंबई से अपूर्व माताप्रसाद उपाध्याय और अजय कुमार के साथ पकड़ा। पुलिस के मुताबिक, टोइरू बकरी 2013 में टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। वह मीरा रोड मुंबई में एक अफ्रीकी रेस्तरां में शेफ के रूप में काम करता था। मुंबई में अपने प्रवास के दौरान उन्होंने दवा आपूर्तिकर्ताओं से मुलाकात की और दवा को कम मात्रा में खरीदना और ग्राहकों को बेचना शुरू कर दिया। बाद में वह 2017 में पुणे चला गया और वहां ड्रग्स बेच रहा था। डीसीपी (पश्चिम) जोएल डेविस ने कहा कि हैदराबाद में मांग के बारे में पता चलने पर, वह अक्सर उपभोक्ताओं को बेचने के लिए शहर का दौरा करता था और खरीदारों को अपूर्वा और अजय कुमार के माध्यम से कोकीन की आपूर्ति भी करता था।

## पुलिस शहीद स्मरण सप्ताहपर रक्तदान शिविर आयोजित

सिरपुर कागजनगर, 22 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस शहीदों के स्मरणोत्सव सप्ताह के तहत शहीदों के बलिदान को याद करने के लिए कौटाला पुलिस के अधिकार के तहत थाने में आयोजित रक्तदान शिविर में जिला एसपी के सुरेश कुमार आईपीएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सीआई बुद्देस्वामी, एस आई एस वेंकटेश, एम प्रवीण कुमार, जी विजय कुमार और अन्य पुलिस कर्मियों, युवाओं और लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। करीब 155 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर एसपी ने कहा कि पुलिस शहीदों ने समाज के लिए, देश के लिए और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।


## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, ASMA BEGUM QURESHI, R/o.1-71, Nyalkal, Sangareddy, T.S, Changed My Name As "ASMA BEGUM" W/o.MOHAMMED ISMAIL QURESHI.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवालन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।



# वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 89 रन से हारा

## 111 रन पर आउट हुई पूरी टीम, न्यूजीलैंड के लिए साउदी और सैंटनर ने लिए 3-3 विकेट

सिडनी, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-12 के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 89 रन के बड़े अंतर से हरा दिया है। ग्रुप-1 के इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 200 रन बनाए। ओपनर डेवॉन कॉनवे ने सबसे ज्यादा 92 रन की पारी खेली। वहीं, फिन एलन ने 16 गेंदों पर 42 रन की तूफानी पारी खेली।

जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पारी 17.1 ओवर में 111 रन पर ऑल-आउट हो गई। टिम साउदी और मिचे सैंटनर ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा 28 रन ग्लेन मैक्सवेल ने बनाए।

टिम साउदी ने डेविड वार्नर को 5 रन के स्कोर पर बोल्ड कर



कंगारुओं को पहला झटका दिया।

एरोन फिंच 13 रन बनाकर मिचेल सैंटनर की बॉल पर कप्तान विलियम्सन को कैच दे बैठे। इसके बाद मिचेल मार्श भी कुछ खास नहीं कर पाए और 12 बॉल में 16 रन बनाने के बाद साउदी की गेंद पर जेम्स नीशम को कैच दे बैठे। सैंटनर ने मार्कस स्टोइनिस और टिम डेविड के विकेट भी लिए।

ग्लेन मैक्सवेल 20 गेंद पर 28 रन बनाकर ईश सोढ़ी की गेंद पर बोल्ड हुए। मिचेल स्टार्क और एडम जंपा को ट्रेंट बोल्ट ने एक ही ओवर में आउट कर दिया।

पैट कमिंस का विकेट टिम साउदी ने लिया। इसी के साथ कीवी टीम ने वर्ल्ड चैंपियन को हरा दिया। वार्नर को बोल्ड करने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। वार्नर को बोल्ड करने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम।

न्यूजीलैंड के लिए कप्तान केन विलियम्सन ने 23, ग्लेन फिलिप्स ने 12 और जेम्स नीशम ने 26 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने दो और एडम जंपा ने एक विकेट लिया। न्यूजीलैंड की आगाज तूफानी रहा। ओपनर फिन एलन और कॉनवे ने पहले विकेट की पार्टनरशिप में 25 गेंदों पर 56 रन जोड़े। एलन ने अपनी पारी में 5 चौके और तीन छक्के जड़े। उनके आउट होने के बाद कीवी पारी की रफ्तार कुछ धीमी हो गई। एलन 16 गेंद पर 42 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 3 छक्के जमाए। उनका विकेट जोश हेजलवुड को मिला।

दूसरा विकेट कप्तान केन विलियम्सन के रूप में गिरा। वे 23 गेंदों पर 23 रन बनाकर एडम जंपा की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए।

ग्लेन फिलिप्स ने जोश हेजवुड की गेंद पर विकेट गंवाने से पहले 10 गेंदों पर 12 रन बनाए।

# भारत-पाक विवाद पर रोहित का बयान

## भारतीय कप्तान बोले- एशिया कप अभी बहुत दूर, हमारा फोकस वर्ल्ड कप पर

खेल डेस्क, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में 23 अक्टूबर को भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होना है। इस मैच से पहले BCCI सचिव और एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन जय शाह के बयान से भारत-पाकिस्तान के बीच नया विवाद शुरू हो गया था।

जय शाह ने कहा था कि भारतीय टीम अगले साल होने वाले एशिया कप में हिस्सा लेने पाकिस्तान नहीं जाएगी। उन्होंने यह भी कहा था कि एशिया कप को पाकिस्तान के बाहर आयोजित करवाया जाएगा। इस पर पाकिस्तान की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई थी। अब इस मसले पर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का बयान भी आया है।




PCB ने दी थी ODI वर्ल्ड कप 2023 के बायकॉट की धमकी

जब रोहित से इस मामले पर सवाल किए गए तो उन्होंने कहा, 'दोनों बोर्ड ही इस मामले पर कोई निर्णय लेंगे। इस मामले पर मैं यही कहना चाहूंगा कि अभी वर्ल्ड कप पर फोकस करते हैं, क्योंकि अभी हमारे लिए वही महत्वपूर्ण है। आगे क्या होने वाला है उसके बारे में सोचकर हम परेशान नहीं हैं। इस बारे में सोचने का कोई मतलब नहीं है। एशिया कप अभी काफी दूर है। बीसीसीआई इस विषय पर फैसला ले लेगी। हम अभी सिर्फ कल के गेम पर ध्यान देने के बारे में सोच रहे हैं।'

एशियन क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन और बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सोमवार को अगले एशिया कप को लेकर बड़ा अपडेट दिया था। एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। जिसके बाद शाह ने कहा कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। इसलिए टूर्नामेंट को पाकिस्तान से बाहर किसी अन्य देश में शिफ्ट कर दिया जाए। इसके बाद पाकिस्तान अपनी आदत के मुताबिक धमकी पर उतर आया। पीसीबी ने कहा कि अगर भारत एशिया कप के लिए टीम नहीं भेजता है तो हम अगले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेंगे।

# 4 पाकिस्तानी खिलाड़ी बन सकते हैं भारत की मुसीबत

## रिजवान टीम इंडिया के खिलाफ 96 की औसत से बनाते हैं रन

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। 23 अक्टूबर को टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-12 स्टेज में भारत और पाकिस्तान आमने सामने होंगे। दोनों चिर-प्रतिद्वंदी टीमों का मैच क्रिकेटिंग वर्ल्ड की सबसे बड़ी राइवलरी है। पिछले 12 महीनों में पाकिस्तान ने भारत को 3 में से 2 टी-20 मैचों में हराया है। ऐसे में पाकिस्तान के सामने भारत को फेवरेट नहीं कहा जा सकता। भारत के खिलाफ पिछले 3 मैचों में पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद नवाज और कप्तान बाबर आजम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ये खिलाड़ी रविवार को भी भारत की मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। ऐसे में जानते हैं, इन खिलाड़ियों की ताकत, कमजोरी और भारत के खिलाफ प्रदर्शन...









### शाहीन शाह अफरीदी

शाहीन ने पिछले साल 21 और इस साल एक ही टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला है। वे 2022 में इंजरी से जूझते रहे, लेकिन अब वे पूरी तरह फिट हैं। पिछले 2 सालों में उन्होंने 22 मैच खेले। इसमें उन्होंने 6.5 के इकोनॉमी से 25 विकेट झटके। 3/26 विकेट उनका बेस्ट परफॉर्मेंस रहा।

शाहीन ने ऑस्ट्रेलिया में अब तक कोई भी टी-20 मैच नहीं खेला है। इंडिया के खिलाफ भी उन्होंने एकमात्र टी-20 मैच पिछले साल वर्ल्ड कप में ही खेला था। इस मैच में उन्होंने मैच विनिंग स्पेल फेंका था। 31 रन देकर अफरीदी ने 3 विकेट झटके थे। वनडे में भी इंडिया के खिलाफ एकमात्र मैच उन्होंने वर्ल्ड कप 2019 में खेला था। 2019 के वर्ल्ड कप के 6 मैचों में उन्होंने 7.04 की इकोनॉमी से 7 विकेट झटके थे। ऑस्ट्रेलिया की तेज उछाल भरी पिच शाहीन के नेचर की हैं। स्विंग और स्पीड उनकी ताकत है। डेथ ओवर्स में यॉर्कर्स भी फेंक सकते हैं। तीखी बाउंसर से उन्होंने कई टॉप-क्लास बल्लेबाजों को परेशान किया है। टीम इंडिया शाहीन को संभलकर खेलने की रणनीति अपना सकती है। वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में उनके खिलाफ मैथ्यू वेड ने क्रीज के अंदर खड़े रहकर शानदार बल्लेबाजी की थी। कोहली और राहुल जैसे बल्लेबाज बेहतर टेक्नीक से शाहीन के खिलाफ स्कोर कर सकते हैं।

### मोहम्मद रिजवान

आईसीसी टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर काबिज रिजवान ने पिछले 2 साल में 47 इंटरनेशनल टी-20 खेले। इनमें 130.59 के स्ट्राइक रेट और 65.69 के एवरेज से 2147 रन बनाए। इसमें 21 फिफ्टी और एक सेंचुरी शामिल हैं। इंडिया के खिलाफ भी रिजवान का बल्ला खूब बोला। एशिया कप और टी-20 वर्ल्ड कप के भारत के खिलाफ 3 मैचों में उन्होंने 193 रन बनाए। उन्होंने 2 फिफ्टी भी जड़ीं और 79* का बेस्ट स्कोर बनाया। रिजवान ने 130.40 के स्ट्राइक रेट और 96.50 के एवरेज से स्कोर किया। ऑस्ट्रेलिया में रिजवान का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। यहां ग्राउंड बड़े हैं। ऐसे में डीप मिड-विकेट और लॉन्ग ऑन खड़ा कर, तेज गेंदबाज चौथे-पांचवें स्टंप पर बैक ऑफ लेंथ गेंदबाजी कर उन्हें ट्रैप कर सकते हैं। बाबर के आउट होने पर रिजवान का स्ट्राइक रेट कम हो जाता है। ऑफ स्टंप लाइन और लेफ्ट आर्म पेसर्स के सामने भी स्ट्रगल करते हैं।

### बाबर आजम

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ICC रैंकिंग में नंबर-3 पर काबिज हैं। वे लंबे समय तक टॉप रैंक बल्लेबाज रहे और इस वक्त अच्छे फॉर्म में हैं। पिछले 2 सालों में उन्होंने 48 मैच खेले। इसमें 129.77 की स्ट्राइक रेट और 37.87 के एवरेज से 1550 रन बनाए। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्होंने सेंचुरी भी जड़ी थी। भारत के खिलाफ अब तक खेले 3 टी-20 इंटरनेशनल में उन्होंने 92 रन बनाए। टी-20 वर्ल्ड कप ओपनर में उन्होंने रिजवान के साथ 152 रन की पार्टनरशिप में 68* रन की पारी खेली थी। बाकी 2 टी-20 में उनका बल्ला शांत रहा। इंडिया के खिलाफ उन्होंने 5 वनडे भी खेले हैं। लेकिन 158 रन ही बना सके।

बाबर को पसंद है ऑस्ट्रेलिया

बाबर आजम ने ऑस्ट्रेलिया में खेले 3 टी-20 इंटरनेशनल में 115 रन बनाए है। 59* के बेस्ट स्कोर के साथ 2 फिफ्टी भी जड़ी हैं। यहां उनका स्ट्राइक रेट 138.55 और एवरेज 57.50 रहा। बाबर का इकलौता वर्ल्ड कप 2021 में ही था। टूर्नामेंट के 6 मैचों में उन्होंने 126.25 के स्ट्राइक रेट और 60.60 के औसत से रन बनाए। 4 फिफ्टी और 303 रन के साथ वे टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर रहे थे।

### मोहम्मद नवाज

नवाज ने 2016 में पाकिस्तान के लिए टी-20 डेब्यू किया था। उन्हें 2016 और 2021 की वर्ल्ड कप टीम में भी रखा गया, लेकिन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। एशिया कप में सुपर-4 के मैच में इंडिया के खिलाफ 20 बॉल पर 42 रन की उनकी पारी ने मैच को भारत से पाकिस्तान की तरफ मोड़ दिया था। इसी टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत के खिलाफ उन्होंने 33 रन पर 3 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने अब तक एक भी टी-20 इंटरनेशनल नहीं खेला। नवाज 2016 के दौरान इंडिया में हुए वर्ल्ड कप की टीम में थे, लेकिन कोई मैच नहीं खेल सके। 2021 में भी उन्हें बेंच पर ही रखा गया। इंडिया के खिलाफ एशिया कप में उनकी परफॉर्मेंस को देखते हुए उन्हें पहला वर्ल्ड कप मैच खेलने का मौका मिल सकता है।

# पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन सिमोना हालेप पर बैन

## डोपिंग टेस्ट में हुईं फेल



खेल डेस्क, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिमोना हालेप ने करियर में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर बैन के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की है. महिला टेनिस खिलाड़ी सिमोना हालेप को इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है. हालेप पर प्रतिबंधित दावाओं का सेवन करने का आरोप है.

दुनिया की नंबर वन खिलाड़ी हालेप का इस साल हुए यूएस ओपन के दौरान सैंपल लिया गया था. उनके ए और बी दोनों ही सैंपल रोक्सास्टैट ड्रग से पॉजिटिव पाए गए है. यह ड्रग वाडा की प्रतिबंधित लिस्ट में शामिल है.

हालेप इससे सहमत नहीं है. उन्होंने सोशल मीडिया पर इसे अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा हैरानी भरा पल बताया. उन्होंने कहा, 'अपने पूरे करियर में मैंने कभी भी चीटिंग के बारे में नहीं सोचा. यह मेरे उसूलों के खिलाफ हैं. ऐसी स्थिति का सामना करते हुए मुझे धोखा जैसा महसूस हो रहा है.'

यूएस ओपन में हालेप को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा. यूक्रेन की डारिया स्निगुर ने उन्हें 6-2,0-6,6-4 से मात दी थी. यह स्निगुर के करियर की टूर लेवर की पहली जीत थी.

उन्होंने आगे लिखा, 'मैं आखिर तक लड़ूंगी जब तक मैं यह साबित न कर दूं कि मैंने जानबूझकर ऐसा नहीं किया. मुझे यकीन है कि आज नहीं तो कल सच सामने जरूर आएगा.'

# डेनमार्क ओपन : लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में उलटफेर का शिकार, खत्म हुई भारतीय चुनौती

खेल डेस्क, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन लक्ष्य सेन डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जापान के कोडाइ नाराओका से हारकर बाहर हो गए. वर्ल्ड चैंपियनशिप 2021 के ब्रॉन्ज मेडल विजेता सेन को युवा ओलंपिक 2018 के कांस्य पदक विजेता नाराओका के खिलाफ 17-21, 12-21 से पराजय झेलनी पड़ी.

दोनों अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर पहले भी तीन बार खेल चुके हैं लेकिन दो बार जापानी खिलाड़ी को जीत मिली है. नाराओका ने शुरू ही से मैच में बढत बना ली थी. शुरू में 5-2 की बढ़त बनाने के बाद उन्होंने 13-9 की बढत



कर ली. सेन ने एक समय 15-14 की बढत बना ली लेकिन जापानी प्रतिद्वंद्वी ने तेजी से वापसी की. दूसरे गेम में नाराओका ने सेन को वापसी का कोई मौका ही नहीं दिया.

वर्ल्ड चैंपियनशिप 2021 के ब्रॉन्ज मेडल विजेता सेन ने प्री क्वार्टरफाइनल में अपने ही साथी एचएस प्रणॉय को हराया था. उन्होंने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी प्रणॉय को 21 . 9, 21 . 18 से हराया था. सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष बैडमिंटन जोड़ी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां आरोन चिया और वूई यिक सोह की चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गयी। भारतीय जोड़ी ने दोनों गेम में कड़ा संघर्ष किया लेकिन मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 16-21, 19-21 से हार टाल ना सके.

पुरुष सिंगल्स में किदाम्बी श्रीकांत की हार के साथ भारत को काफी निराशा लगी. श्रीकांत को सातवीं सीड सिंगापुर के लोह कीन यू ने हराया जो 2021 में विश्व चैंपियन बने थे. लोह ने मैच सीधे सेटों में 21-13, 21-15 से जीता.

# अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप: भारत की अंकुश पंघाल ने रजत और मानसी अहलावत ने कांस्य पदक जीता

## जापान की सुसाकी ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाली पहली पहलवान बनीं

खेल डेस्क, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2022 में भारत की पदकों की दौड़ गुरुवार 21 अक्टूबर को भी जारी रही। अंकुश पंघाल ने स्पेन के पोंटेवेदरा में चल रही इस प्रतियोगिता में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि मानसी अहलावत ने महिलाओं की 59 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

मानसी अहलावत 59 किग्रा भार वर्ग में तब कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं, जब उनकी प्रतिद्वंद्वी रमीना मामेदोवा चोट के कारण बाहर हो गईं। अंकुश की फाइनल में भिड़ंत जापान की 3 बार की



विश्व चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता यूई सुसाकी के खिलाफ थी। यूई सुसाकी ने पिछले 3 साल में एक भी अंक नहीं दिया है। उन्होंने अंकुश पंघाल के खिलाफ मुकाबला जीतने में 112 सेकंड का समय लिया। जापान की यूई सुसाकी कुश्ती ग्रैंड स्लैम को पूरा करने वाले इतिहास की पहली पहलवान बन गई हैं। उन्होंने विश्व कुश्ती के सभी प्रमुख टूर्नामेंट्स में स्वर्ण पदक जीते हैं। युई सुसाकी पहले ही टोक्यो ओलंपिक, अंडर-17, U-20 और सीनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण खिताब जीत चुकी हैं। यूई सुसाकी के संग्रह से केवल अंडर-23 स्वर्ण पदक गायब था, जिसे उन्होंने अब हासिल कर लिया। सुसाकी अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 3, अंडर-20 में दो, सीनियर वर्ग में 3 बार गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं।

अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 5 हो गई है। बुधवार को नितेश ने ग्रीको-रोमन 97 किग्रा और विकास ने ग्रीको-रोमन 72 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीते थे। नितेश ने ब्राजील के इगोर फर्नांडो अल्वेस डी क्विरोजिन और विकास ने जापान के डाइगो कोबायाशी को हराकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले साजन ने रेपेचेज में यूक्रेन के दिमित्रो वासेत्स्की को हराकर कांस्य पदक जीता था।

# पाकिस्तान की टीम को पूर्व कोच ने दी बड़ी सलाह

## मैच में ओवर कम होने पर अपनाएं ये तरीका

खेल डेस्क, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की टीम को पूर्व कोच मिस्बाह उल हक से बड़ी सलाह मिली है। उन्होंने भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच में ओवर कम होने पर शादाब खान और मोहम्मद नवाज को ऊपर भेजने को कहा है। मेलबर्न में रविवार 23 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होना है, जो दोनों टीमों के लिए टी20 विश्व कप 2022 का आगाज मैच होगा। हालांकि, इस मैच पर बारिश का साया है और ऐसे में 20-20 ओवर का मैच शायद ही देखने को मिले। यही कारण है कि पाकिस्तान टीम के पूर्व कोच मिस्बाह उल हक ने अपनी टीम को एक बड़ी सलाह दी है।

अगर 10-10 या फिर इससे कम ओवरों का मैच होता है तो फिर पाकिस्तान की टीम के पास इनफॉर्म बल्लेबाज कम हैं, जो हिटिंग कर सकते हैं। यही कारण है कि मिस्बाह ने उन बल्लेबाजों को पहले भेजने की अपील की है, जो इस समय



अच्छी फॉर्म में हैं और टीम के लिए रन बना रहे हैं, क्योंकि टीम के ओपनर मोहम्मद रिजवान और कप्तान बाबर आजम तो पहले से ही शीर्ष पर होंगे। पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान मिस्बाह ने कहा, ₹भारत के खिलाफ बारिश के कारण ओवर कट जाने की स्थिति में शादाब खान और मोहम्मद नवाज को ऊपर भेजा जाना चाहिए, क्योंकि ये दोनों रिजवान और बाबर के बाद सबसे अच्छी फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं।₹ मिस्बाह ने इन दोनों का नाम इसलिए भी सुझाव के तौर पर दिया है, क्योंकि दोनों पॉवर हिटिंग कर सकते हैं।

# भारत-पाक मैच नहीं हुआ तो 581 करोड़ का नुकसान

## मेलबर्न में 80% बारिश होने के आसार, टीम इंडिया फिर भी प्रैक्टिस में जुटी

मेलबर्न, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। रविवार को मेलबर्न में होने वाले भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर कई तरह की बातें कही जा रही हैं। 23 अक्टूबर को मेलबर्न में 70 से 80 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है। अगर उस दिन बारिश होती है तो आईसीसीको काफी बड़ा नुकसान होगा। लोकल रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत-पाक का मुकाबला रद्द होता है, तो ICC को करीब 70 मिलियन डॉलर यानी 581 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। फैंस को टी-20 वर्ल्ड कप के खिताबी मुकाबले से ज्यादा इस मैच का इंतजार है। भारत और पाक मुकाबले की टिकट जारी होते ही बिक गई थी, लेकिन फाइनल की टिकट अभी भी मिल जाएगी। इससे अनुमान लगा सकते हैं कि फैंस को इसका कितना बेसब्री से इंतजार है।

महामुकाबले से पहले भारतीय टीम ने जमकर पसीना बहाया। खिलाड़ी बारिश को लेकर बिल्कुल नहीं सोच रहे। वे जोर-शोर से तैयारी में जुटे हैं। बीसीसीआई ने शनिवार को प्रैक्टिस सेशन के फोटोज जारी किए। जानकारों का मानना है कि ्आईसीसी ने करीब छह से आठ महीने पहले शेड्यूल जारी किया था। अगर बारिश की संभावना थी तो बोर्ड को रिजर्व-डे रखना चाहिए था।

पाक से मैच से पहले भारतीय खिलाड़ी शहर के भम्रण पर निकले। शुक्रवार को खिलाड़ियों ने दोपहर 1.30 बजे से मेलबर्न स्टेडियम में प्रैक्टिस की। फिर टीम मेलबर्न गवर्नमेंट हाउस पहुंची। इस दौरान खिलाड़ियों ने नोबेल प्राइज विजेताओं की फोटो देखी। 'गवर्नमेंट हाउस' विक्टोरिया राज्य के गवर्नर के आधिकारिक आवास को कहते हैं। बड़े टूर्नामेंट की बात करें तो भारत-पाक महामुकाबले में बारिश हमेशा ही मेहरबान रही है, यानी कि भारत-पाकिस्तान मुकाबले के दौरान कभी बारिश नहीं हुई है। खास कर वर्ल्ड कप के मुकाबलों में। ऐसे में फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि भारत-पाक मैच हो और उन्हें मैच के रोमांच का लुफ्त उठाने का मौका मिले।

# रोनाल्डो को लेकर मैनचेस्टर यूनाइटेड पर बुरी तरह भड़के पीटरसन, कहा- अपने साथ मेरा नाम मत जोड़ो



लंदन, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। बताया जा रहा है कि टोटेनहम हॉटस्पर के खिलाफ मैच के दौरान रोनाल्डो ने यूनाइटेड मैनेजर एरिक टेन हाग से कहा कि वह विकल्प के तौर पर मैदान में नहीं जाना चाहते। बाद में रोनाल्डो को चेल्सी के खिलाफ मैच से बाहर कर दिया। टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में हो रहा है।

इंग्लैंड की टीम इस बार दावेदार के रूप में उतरेगी। वहां के फुटबॉल क्लब भी टीम का समर्थन कर रहे हैं। इसी क्रम में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने टूर्नामेंट के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन की तस्वीर का इस्तेमाल किया। इससे पीटरसन भड़क गए। उन्होंने क्लब से कहा कि वह उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं करे और अपने साथ उनका नाम नहीं जोड़े। पीटरसन ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो को लेकर क्लब और मैनेजर एरिक टेन हक की खिंचाई की। पीटरसन के कमेंट के बाद पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, यह टी20 वर्ल्ड कप है। हमने क्रिकेट के दिग्गजों का स्वागत किया है। ये आईसीसी स्थानों पर खेले हैं और कई नायकों से मिले हैं।

इस पर पीटरसन ने कमेंट करते हुए लिखा, "कृपया मेरी तस्वीर को हटाए। मैं एक ऐसे क्लब के साथ जुड़ाव नहीं चाहता, जिसका प्रबंधन एक ऐसे जोकर द्वारा किया जाता है, जो अब तक के सबसे महान फुटबॉलर का पूरी तरह से अनादर कर रहा है।




VIJAY KUMAR

(Appointed Jewellery valuer by Govt of India)

# VITHALDAS

## JEWELLERS PVT LTD

HANDCRAFTING FINE JEWELLERY SINCE 1864

Vithaldas Chambers
6-3-1090/2, Rajbhavan Road
Somajiguda, Hyderabad-500082
Telangana, India

+91 78 9396 9900
+91 91 3333 0147
+91 40 6610 1654
+91 40 6610 4642

8-2-293/82/NG/A
Nandagiri Co-op. Society Ltd.
Nandagiri Hills, Jubilee Hills
Hyderabad-500033,Telangana, India

+91 40 6529 3029

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.